ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 2, अंक 291, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 2
कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 16

## एक नजर

### प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। अदालत में सोमवार को सुनवाई के बाद अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा।

### डूंगरपुर मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। शुक्रवार को बहस पूरी हो गई थी। आजम के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। इस मामले में लगातार सुनवाई हो रही है। आजम खां सीतापुर जेल में बंद है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आजम, उनके करीबी फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

# मिलेगी 17वीं किसान निधि, बनेंगे तीन करोड़ आवास

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं। मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के आवासों में बिजली, पानी, शौचालय, एलपीजी- रसोई गैस जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम



### किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा पीएम का पहला फैसला : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर इस फैसले के लिए मोदी का आभार व्यक्त करते हुए देश के सभी किसानों को बधाई दी है। उन्होंने लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## मोदी 3.0, मंत्रियों को मिले विभाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी तीसरी मंत्रिपरिषद में महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने सहयोगियों पर ही भरोसा जताया है और जो मंत्री दोबारा चुन कर नहीं आए हैं, उन्हें नए सदस्यों को दिया गया है। राष्ट्रपति भवन से सोमवार की शाम नए मंत्रियों के कार्य विभागों की सूची जारी की गई। जिसमें प्रधानमंत्री सहित 30 कैबिनेट, 05 स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्यमंत्रियों को विभागों का आवंटन किया गया।

**नरेंद्र मोदी : प्रधानमंत्री, प्रभारी** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए।

### कैबिनेट मंत्रियों के मंत्रालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- राजनाथ सिंह- | रक्षा | 17- प्रह्लाद जोशी- | उपभोक्ता एवं नवीकरणीय ऊर्जा |
| 2- अमित शाह- | गृह और सहकारिता | 18- जुएल ओरांव- | जनजातीय मामले |
| 3-नितिन गडकरी- | सड़क परिवहन और राजमार्ग | 19- गिरिराज सिंह- | कपड़ा |
| 4-जेपी नड्डा- | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 20-अश्विनी वैष्णव- | रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| 5- शिवराज सिंह चौहान- | कृषि एवं ग्रामीण विकास | 21- ज्योतिरादित्य सिंधिया- | संचार मंत्री और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास |
| 6- निर्मला सीतारमण- | वित्त | 22- भूपेन्द्र यादव- | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन |
| 7- एस जयशंकर- | विदेश | 23- गजेन्द्र सिंह शेखावत- | संस्कृति |
| 8- मनोहर लाल खट्टर- | ऊर्जा व शहरी विकास | 24- अन्नपूर्णा देवी- | महिला एवं बाल विकास |
| 9- एचडी कुमारस्वामी- | भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम | 25- किरेन रिजिजू- | संसदीय मामले |
| 10- पीयूष गोयल- | वाणिज्य, खाद्य एवं वितरण | 26- हरदीप सिंह पूरी- | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| 11- धर्मेंद्र प्रधान- | शिक्षा | 27-डॉ. मनसुख मंडाविया- | खेल |
| 12- जीतन राम मांझी- | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 28- जी. किशन रेड्डी- | खान |
| 13- राजीव रंजन सिंह- | पंचायती राज और मत्स्य पालन | 29- चिराग पासवान- | खाद्य प्रसंस्करण |
| 14- सर्बानंद सोनोवाल- | बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग | 30- सीआर पाटिल- | जलशक्ति |
| 15- डॉ. वीरेंद्र कुमार- | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता | | |
| 16- राम मोहन नायडू- | नागरिक उड्डयन | | |

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

## जम्मू-कश्मीर बस हमला

# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

**किशोर कुमार, जम्मू**

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों ने किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, सुरक्षा बल और एनआईए की टीम तलाशी में जुटी

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही है। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

**संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन**

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला, एक जवान घायल

- सुरक्षा बलों शुरू किया तलाशी अभियान

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल राजधानी इंफाल से करीब 36किमी. दूर हुए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग कार्यालय, 70 मकानों में आग लगा दी थी।

# छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

**बलौदाबाजार, एजेंसी**

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

## खोज

### पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की 15 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

**मृगांक मौली, पंतनगर**

**अमृत विचार :** विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों की इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे। **- डॉ. कामेंद्र सिंह, मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि**

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की यह है विशेषता




**पंत सोयाबीन-25 :** यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश : लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।




**पंत सोयाबीन-26 :** यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश : लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस है, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबलों भी खेलें



**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

## भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

## टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.789 | 0 |
| बंगलादेश | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.379 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

# पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारतः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

# कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

# गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत




**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### संयुक्त 59वें स्थान पर रहे शुभंकर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां 2024 वोल्वो कार स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर के आखिरी चार होल में शॉट ड्रॉप करने से निराशाजनक पांच ओवर 77 का कार्ड खेल पाये और संयुक्त 59वें स्थान पर रहे। इससे पहले उन्होंने 69, 69 और 71 के कार्ड खेले थे। इससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 का रहा जिससे वह शीर्ष 20 से खिसककर संयुक्त 59वें स्थान पर रहे। शर्मा दो बर्डी और दो बोगी से 14 होल के बाद इवन पार के स्कोर पर थे लेकिन इसके बाद शॉट ड्रॉप करने से पहले दो दिन के शीर्ष 20 स्थान से नीचे खिसक गए। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर इससे पहले मिश्रित स्पर्धा में कट हासिल करने से चूक गई थीं।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

# गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**पोर्टलैंड, एजेंसी**



एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

# कतर के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**दोहा।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के संन्यास लेने के बाद बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी भारतीय फुटबॉल टीम की पहली परीक्षा फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में मंगलवार को यहां कतर जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होगी। छेत्री ने पिछले सप्ताह कोलकाता में कुवैत के खिलाफ अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

भारतीय टीम का नेतृत्व 32 वर्षीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू करेंगे जिन्होंने अभी तक 72 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं तथा छेत्री के संन्यास लेने के बाद 23 सदस्यीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम की दो बार के एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी। भारत को इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। टीम इस बात को अच्छी तरह से समझती है कि इस मैच में पराजय मिलने पर उसकी विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त हो जाएगी। भारत अभी पांच अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है और उसका गोल अंतर -3 है। अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर है और उसका गोल अंतर -10 है। कतर ग्रुप के विजेता के रूप में पहले ही तीसरे दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है। यही वजह है कि भारत के खिलाफ मैच के लिए उसने युवा टीम का चयन किया है।

# पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।

आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय


**सिडनी, एजेंसी**



पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी।

पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। समीर वर्मा शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि रवि सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। पहले दौर में उनका सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में अश्मिता चालिहा पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से, अनुपमा उपाध्याय मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, समिया इमाद फारूकी जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से और केयूरा मोपाती हमवतन मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी।

# विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज



**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

### नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर लेंगे।

## सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## आज का मौसम

तेज धूप रहेगी उमस के बीच हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

43.6° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 01

# कहीं सेहत न बिगाड़ दें केमिकल से पके आम

**सावधानी जरूरी**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** इन दिनों केला, लीची, आम, पपीता से बाजार पटा है। इन फलों को पकाने के लिए केमिकल का प्रयोग होता है। यह केमिकल सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होते हैं। इनका सीधा असर लीवर पर होता है।

धीरे-धीरे यह शरीर को कमजोर कर देता है। हालांकि इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। विभागीय अधिकारी महज कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं। बाजार फलों से सजा है। कहीं आम, केला तो


दुकान में बेचने के लिए रखे आम। अमृत विचार

पपीता नजर आ रहा है। इन फलों के भीतर आम आदमी नहीं, बल्कि केमिकल के खतरनाक मिश्रण से पकाया जा रहा है।

इसका लंबे समय तक प्रयोग किया जाए तो यह लीवर पर प्रभाव डालता है और इंसान गंभीर बीमारी का शिकार हो जाता है। फल मंडी में जाएंगे तो वहां ड्रम में रखे पानी में कच्चे फलों को डालकर बेंच दिया जाता है। यह पानी कुछ और नहीं बल्कि कैल्शियम कार्बाइड है, जो फलों को पका देता है। यह फल सेहत के लिए खतरनाक होते हैं। ऐसे फलों के सेवन से बचना चाहिए। वरना बीमार पड़ते देर नहीं लगेगी।

● कार्बाइड और अन्य केमिकल से पकाए जा रहे फल

**ऐसे पहचानें केमिकल युक्त फल**

कार्बाइड व केमिकल से पकाए गए फलों की पहचान करना बेहद आसान है। केमिकल से पकाए गए फलों का रंग बेहद चटख होगा। इसे धुलकर ही खाना जरूरी है। दूसरे ऑफ सीजन बाजार में उपलब्ध पके फल भी केमिकल से ही पकाए जाते हैं। इनका उपयोग भी हानिकारण है।

“फलों को पकाने के लिए टॉकसिन गैस का इस्तेमाल किया जाता है। जिसे खाने से सेहत के लिए खतरा हो सकता है। फल के लगातार सेवन से लीवर प्रभावित होता है। यह एक गंभीर बीमारी को बुलावा देता है। ऐसे में पेड़ पर पके फलों का ही सेवन करना चाहिए।

-डॉ. आदित्य सचान डिप्टी सीएमओ

जिले में अब तक फलों का एक भी नमूना नहीं लिया गया है। वैसे कार्बाइड से फल पकाने पर रोक है। इसके अलावा अन्य किसी प्रकार से फल को पकाने पर कोई रोक-टोक नहीं है।

-शैलेष दीक्षित अभिहीत अधिकारी”

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**पुखरायां।** बिरोहा गांव के समीप एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक भट्ठे पर कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के काबेड़ी गांव निवासी मनोज कुमार ईंट पथाई का काम करता था। सोमवार को वह भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरोहा गांव के समीप से निकली झांसी–कानपुर रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से जख्मी

**रूरा।** थाना के शिवली–रूरा मार्ग पर लमहरा गांव निवासी डेविड अपने किसी काम से रूरा गया था। वापस आते समय सामने से शिवली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे डेविड का कंधा टूट और अन्य गंभीर चोटे आ गई। जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से भाग गया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### भूसे के कूपों में लगी आग भैंस-बकरी जिंदा जलीं

**रूरा।** भूलनीपुरवा गैजूमऊ के रामलखन व राजाराम के घर से कुछ दूर घेरा में भूसे के दो कूप लगे हुए थे। सोमवार की सुबह दोनों कूपों में आग लग गई। आग इतनी बढ़ गई कि उसने पास में बंधी भैंस व बकरी को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों मवेशियों की जलकर मौत हो गई। पास की झोपड़ी में राजाराम का अनाज रखा था, जो राख हो गया। दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे लेखपाल रामप्रकाश पांडेय ने नुकसान का आकलन किया।

# थाना प्रभारी से अभद्रता में सब इंस्पेक्टर निलंबित

## रूरा थाने में फरियादियों के सामने दोनों के बीच हुई थी हाथापाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रूरा थाने में फरियादियों के सामने इंस्पेक्टर से अभद्रता करना दरोगा को महंगा पड़ गया। सीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

रविवार की दोपहर रूरा थाना क्षेत्र के भिखनापुर गांव में घूरा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। इसमें एक पक्ष की शकुंतला, उनकी बेटी अनामिका व बेटा अंशुल और दूसरे पक्ष के श्याम, हर्षित व रामनारायण घायल हो गए थे। इस मामले में दरोगा राजेश कुमार घायलों के बयान दर्ज कर रहे थे। इसी बीच दूसरा पक्ष थाना प्रभारी के पास पहुंच गया। इस पर थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह



रूरा थाना। अमृत विचार

ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की बात कही।

इस पर दरोगा राजेश कुमार भड़क गए और दोनों लोगों ने एक-दूसरे पर थाना परिसर में जमकर दलाली करने के आरोप लगाए। इसी बीच मामला हाथापाई तक पहुंच गया। साथी पुलिस कर्मियों ने समझा कर दोनों को अलग-अलग किया। घटना देखकर थाना परिसर में मौजूद फरियादी बिना शिकायत बताए ही चले गए थे। विवाद की जानकारी पर सीओ भोगनीपुर देवेंद्र सिंह शाम को थाने पहुंचे थे और बंद कमरे में थाना प्रभारी, दरोगा व अन्य पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दर्ज देने की बात कही थी।

पुलिस क्षेत्राधकारी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने दरोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि सीओ की जांच में अनुशासनहीनता के आरोपों की पुष्टि होने के बाद दरोगा राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

● सीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने की कार्रवाई
● दो पक्षों के झगड़े के मामले में दोनों के बीच हुआ था विवाद

# हीट वेव से फसलों को बचाने को एडवायजरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में लगातार बढ़े तापान व हीट वेब से फसलों की सुरक्षा, भूमि में जल एवं नमी संरक्षण के लिए मल्चिंग एवं खरपतवार नियंत्रण की व्यवस्था के लिए कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवायजरी जारी की है। सिंचाई जल की क्षति कम करने के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई विधि का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

सोमवार को उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि नियमित अंतराल पर शाम के समय खेतों में हल्की सिंचाई करें। समय-समय पर अंतःकर्षण क्रियाओं से तैयार मल्च द्वारा भूमि सतह से होने वाली नमीं के वाष्पीकरण से होने वाली हानि को रोकें। खेतों में फसलों की बुवाई पंक्तियों में करें। नाली से सिंचाई करते समय जल की क्षति को कम करने की लिए सबसे आसान एवं सस्ती तकनीक के रूप में पॉलीथीन शीट का उपयोग करें। सिंचाई पूरी हो जाने पर इस पॉलीथीन शीट को उठा लेना चाहिए। सिंचाई के लिए कन्वेंस पाइप का उपयोग किया जाना चाहिए। खेत पूर्णतया समतल होने चाहिए। जिससे कि सिंचाई जल पूरे खेत या टुकड़ों में समान रूप से वितरित हो सके। उन्होंने बताया कि उपरहार भूमियों में सिंचाई के लिए कंटूर ट्रैंच विधियों का प्रयोग करें। जहां तक संभव हो सके। बारिश के बहते जल का संग्रहण व संरक्षण किया जाए। उपकृषि निदेशक ने कहा कि धान की नर्सरी में पर्याप्त नमीं रखें और शाम को पानी लगाएं। सुबह तक यदि नर्सरी में पानी दिखे तो तत्काल जल की निकासी करें। साथ ही लू-प्रकोप से बचाव के लिए मवेशियों को छायादार स्थानों पर रखें और उनको पीने के शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था करें।

● उप कृषि निदेशक ने सावधानी बरतने की दी सलाह

# शिक्षकों की अब तीन बार लगेगी हाजिरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मनमानी करने वाले शिक्षक, कर्मचारी और वार्डेन पर अब नकेल कसी जाएगी। अब एक दो नहीं, बल्कि प्रतिदिन तीन बार हाजिरी लगानी होगी। वह भी टैबलेट पर चेहरा दिखाकर, यानी फेस रिकॉग्निशन सिस्टम के जरिए उपस्थिति दर्ज की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से आदेश जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग इसको अमली जामा पहनाने में जुट गया है।

विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आवासीय व्यवस्था है। भोजन के साथ पुस्तकें, यूनिफॉर्म से लेकर जूते-मोजे आदि सामग्री भी मुफ्त मिल रही है। इसके बाद भी यह शिकायत उठ रही है कि विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी अक्सर विद्यालय छोड़कर गायब हो जाते हैं।

यहां तक कि छात्राओं को भी घर के लिए छोड़ दिया जाता है, जबकि उनके नाम पर भोजन आदि पर खर्च दिखाया जाता है। शिकायतों को देखते हुए पूर्व में सुबह और शाम को हाजिरी की व्यवस्था की गई थी, जबकि अब सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने का निर्देश जारी किया गया है। हर दिन ऑनलाइन उपस्थिति का विवरण भी प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। दर्ज उपस्थिति के अनुसार ही शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि महानिदेशक का पत्र आने के बाद विद्यालय को निर्देश दिए जा चुके है।

● कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नहीं चलेगी शिक्षकों की मनमानी

# आग लगने पर घबराएं नहीं, सूझबूझ से लें काम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सावधान! अगर गर्मी के इस मौसम में आपके आसपास कहीं आग लगी है तो घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क हो जाएं। टोल फ्री 112 नंबर पर कॉल कर अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दें। समझें कि आग किस श्रीणी की है, क्योंकि चार श्रेंणी की आग होती है। इनको बुझाने का तरीका भी अलग-अलग है। लकड़ी, कपड़ा, कागज की आज प्रथम श्रेणी में आती है। इसको पानी डालकर आसानी से बुझाया जा सकता है।

ज्वलनशील तरल पदार्थ, तेल, पेट्रोल-डीजल, रसायन, पेंट की आग बी श्रेणी में आती है। इसको केमिकल या मेकेनिक फोम, ड्राई पाउडर, कार्बन डाइआक्साइड व अग्निशमन यंत्र से बुझाया जाता है। गैस की आग सी श्रेणी की होती है। इसको बुझाने के लिए सबसे पहले गैस की सप्लाई बंद करें। फिर पानी या अन्य किसी उपकरण का प्रयोग करें। बिजली की आग डी श्रेंणी की होती है। इसको ड्राई पाउडर से बुझाया जाता है। यानी मिट्टी, बालू आदि का प्रयोग करें। सबसे पहले बिजली की सप्लाई बंद करें।


माती स्थित फायर स्टेशन।

**आग लगने के कारण**

- ज्वलनशील पदार्थों का रिसाव व बिखरना।
- बिजली की शार्ट सर्किट व ओवरलोडिंग।
- उपकरणों की विफलता।
- निषिद्ध क्षेत्र में धूम्रपान करना।
- रासायनिक प्रक्रिया।

**अग्नि सुरक्षा के उपाय**

- बिस्तर पर लेटकर बीड़ी–सिगरेट का प्रयोग न करें।
- बगैर बुझाए बीड़ी–सिगरेट के टुकड़ों को इधर–उधर न फेंकें।
- माचिस बच्चों की पहुंच से बाहर रखें।
- भोजन बनाने के बाद चूल्हे के ईंधन को पूर्ण रूप से बुझाएं।
- भोजन बनाते समय पहने हुए कपड़ों का प्रयोग बर्तन उतारने में न करें।
- जलते हुए स्टोव और लालटेन में केरोसिन न डालें।
- मकान में बिजली के कटे–फटे तारों को तुरंत बदलवाएं।
- रात में सोने से पहले गैस सिलिंडर का वॉल्व बंद करना न भूलें।
- कमरे में गैस चूल्हा, अंगीठी व बिजली का स्टोव एक साथ न जलाएं।

“आग बुझाने के विभिन्न तरीके होते हैं। बिजली की आग बुझाने के लिए सबसे पहले भवन की बिजली की मुख्य सप्लाई बंद करें। फिर आग बुझाने का प्रयास करें। 112 नंबर पर काल कर अग्निशमन विभाग को सूचित करें।

–कृष्ण कुमार अग्निशमन अधिकारी

आग से झुलसे मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं। बिजली के करंट लगने से व्यक्ति के शरीर में गहराई तक जख्म होता है। जबकि आग से झुलसने पर ऊपरी हिस्से में जख्म होता है। व्यक्ति के शरीर का कौन सा अंग झुलसा है। इससे खतरे का निर्धारण किया जाता है। मुख्यता 60 प्रतिशत झुलसे व्यक्ति की हालत खतरे की मानी जाती है।

–डॉ. आदित्य सचान डिप्टी सीएमओ”

**महफिल सजी** सिकंदरा में सालाना उर्स के अंतिम दिन कव्वालों ने बांधा शमा



सिकंदरा कस्बे में उर्स पर कव्वाली पेश करते कव्वाल। अमृत विचार


कव्वाली सुनने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# निगाहे यार ने पागल बना के छोड़ दिया...पर गूंजीं तालियां

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** कस्बा में बाबा फकरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैय एवं बाबा तहसीन शाह रहमतुल्लाह अलैय चिश्ती के सालाना उर्स मुबारक पर कव्वाली के दूसरे दिन सपा जिला महासचिव व पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. पवन कटियार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक कहे जाने वाले उर्स में बाबा फकरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैय एवं बाबा तहसीन शाह रहमतुल्लाह अलैय चिश्ती की मजार पर कव्वाली का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस बार भी किया गया। दो दिवसीय प्रोग्राम के आखरी दिन कव्वाली की रंगीन शाम पर मशहूर कव्वाल जीशान फैजान साबरी इंडिया गौट टैलेंट प्रतिभागी दिल्ली एवं कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद ने शमां बांधी। जिसमे निगाहे यार ने पागल बना के छोड़ दिया, सब पागल पागल कहते हैं, मैं यार का हूं दीवाना। यहां भी मोहम्मद, वहां भी मोहम्मद हैं, दोनों आलम में जलवा गर मोहम्मद, के लहजेदार स्वरों ने श्रोताओं के दिलों को झकझोर कर रख दिया।

इसी प्रकार पूरी रात निस्बत-ए-पीर पर कव्वाली का दौर चलता रहा और कव्वाल पंडाल में बैठे श्रोताओं की वाह-वाह की आवाजों को लुटते रहे। इस मौके पर मुन्ना कुरैशी पूर्व चेयरमैन, समाजसेवी परवेज आलम, असलम राईन पूर्व सभासद, कलाम कुरैशी व्यापार मंडल अध्यक्ष, मनोज यादव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष, राशिद खान सपा नगर अध्यक्ष, जावेद कुरैशी, कमेटी अध्यक्ष जावेद अख्तर व सिकंदरा उर्स कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आईटीआई में 13 को रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** पुरुष व महिला बेरोजगारों के लिए 13 जून को सुबह 10 बजे मंगलम आईटीआई मुरीदपुर में रोजगार मेले का आयोजन होगा।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्राइवेट कंपनियां कंप्यूटर आपरेटर, जेई, फील्ड ऑफीसर, हेल्थ एसोसिएट आदि पदों के लिए प्रतिभाग कर रही हैं। इस मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिमाग कर सकते हैं। सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित नवीन पोर्टल पर जॉब सीकर, नियोजक एवं संस्थान के पंजीयन की व्यवस्था है। जनपद के सभी टेक्निकल, नॉन टेक्निकल शिक्षण संस्थान, स्नातकोतर महाविद्यालय पंजियन इंस्टीटयूट रजिस्ट्रेशन में कराएं। उसमें अध्ययनरत अभ्यर्थी अपना पंजियन कैंपस प्लेसमेंट में कराएं। अन्य अभ्यर्थी जॉब सीकर में अपना पंजियन कराकर सेवायोनज विभाग की कॅरियर काउंसिलिंग, रोजगार मेला का लाभ ले सकते हैं।

## सार-संक्षेप



प्रेसवार्ता में जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार व मौजूद पदाधिकारी।

### कांग्रेस जिले भर में निकालेगी आभार यात्रा

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव 2024 में जो इंडिया गठबंधन को 3,90,758 मत प्राप्त हुए हैं। वह एनडीए गठबंधन से लगभग 70 हजार मतों से अधिक है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने कही। उन्होंने जनपद वासियों का आभार जताते हुए कहा कि वह जनता की समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। आगामी 11 जून को अकबरपुर विधानसभा, 12 जून को रसूलाबाद विधानसभा, 13 जून को भोगनीपुर व 14 और 15 को सिकंदरा विधानसभा में धन्यवाद आभार यात्रा निकाली जाएगी। इसके माध्यम से जनपद के आम मतदाताओं का वंदन व अभिनंदन किया जाएगा। इस मौके पर शमीम कुरैशी, हरीशंकर चतुर्वेदी, डीपी राठौर, सुरेंद्र कटियार, रोहित कटियार, उपेंद्र शुक्ला, ब्रजेंद्र स्वरूप कटियार, अनिल कटियार, मो. कलाम, शेष नारायण गुप्ता, मो. फिरोज़, सुनील पांडेय समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।


मुंगीसापुर में आग लगने से धू–धूकर जलती पेटी। अमृत विचार

### गुमटी में आग लगने से हजारों का सामान जला

**डेरापुर।** थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर में खानपान पेटी में अचानक रात को आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पेटी में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मुंगीसापुर में विजय मेडिकल स्टोर के बगल में छोटू पेटी रखकर दुकान चलाता था। रोज की तरह वह रविवार शाम दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। तभी रात में अचानक उसकी पेटी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर अग्निशमन विभाग के राज नारायण सिंह यादव व अन्य दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब आधे घंटे तक कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक पेटी में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव ने बताया है कि मामले की जानकारी मिली है। लेखपाल को क्षति आकलन रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।


शादी से पहले पौधरोपण कर जागरूकता का संदेश देते वर–वधू। अमृत विचार

### शादी से पहले वर-वधू ने किया पौधरोपण

**राजपुर।** सिकंदरा एमएनपी ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर व अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा से सम्मानित मोहम्मद मारूफ ने अपने शादी समारोह में पौधा लगाने के बाद रस्मों को पूरा किया। उन्होंने पर्यावरण बचाने का विवाह के शुभ अवसर पर पूरे समाज को संदेश दिया। सिकंदरा के विमला रॉयल गार्डन में वैवाहिक समारोह में नई सामाजिक जागरूकता पहल पर्यावरण प्रेमियों के विवाह में देखने को मिली। फालतू खर्चों को दूर कर दुल्हन ही दहेज है को अपनाते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एमएनपी ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद मारूफ ने कानपुर की शबाना पुत्री अनवर अहमद एवं माता–पिता के साथ सबसे पहले पौधा लगाया और बाद में शादी की रस्मों को पूरा किया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग मौजूद रहे।

### बीमारी से परेशान मजदूर ने ट्रेन से कटकर दी जान

**कानपुर देहात।** तिलौंची स्टेशन के पास सोमवार सुबह मंगटा गांव के एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। प्रथमदृष्टया बीमारी से परेशान होकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या की बात सामने आ रही है। गजनेर थाना क्षेत्र के मंगटा गांव निवासी शैलेंद्र (26) मजदूरी करता था। वह क्षय रोग से पीड़ित चल रहा था। जिससे वह काफी परेशान रहता था। रविवार रात में बिना बताए घर से चला गया था। सोमवार की सुबह उसका रक्तरंजित शव कानपुर–झांसी रेल लाइन के तिलौंची रेलवे स्टेशन के पास पटरी पर खंभा नंबर 1310/23 के पास पड़ा मिला। वहां से निकल रहे ट्रैकमैन ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन से भेजे गए मेमो पर गजनेर एसओ व मंगटा चौकी प्रभारी संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन की। हादसे की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां ननकी बदहवास हो गई। जबकि भाई अजीत, विनय, मनीष समेत अन्य परिजन बिलखते रहे। गजनेर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि प्रथमदृष्टया बीमारी से परेशान होकर युवक के किसी ट्रेन से कटकर जान देने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### म्यूचुअल जोड़े बनाने वाले शिक्षक होंगे कार्य मुक्त

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा परिषद के जिन शिक्षकों का अंर्त जनपदीय पारस्परिक (म्यूचुअल) स्थानांतरण हुआ है। अब उनको सप्ताह भर में कार्यमुक्त और कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सभी बीएसए व बीईओ को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि म्यूचुअल के लिए जोड़े बनाने वाले शिक्षक अब मुकर नहीं सकते हैं। अंर्त जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए पिछले वर्ष जोड़े बनाए गए थे। इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 24 जनवरी, 28 मार्च, 25 अप्रैल और 16 मई को दिए गए आदेशों के क्रम में शिक्षकों को कार्यमुक्त और कार्यभार ग्रहण कराया गया था। उसी दौरान शिक्षकों द्वारा जोड़े बनाए गए थे। बाद में कुछ शिक्षकों ने जाने से इंकार कर दिया था। इसलिए यह प्रक्रिया रुक गई थी। इस मामले में कोर्ट का आदेश है कि स्थानांतरण के लिए जोड़े बनाने के बाद मुकर नहीं सकते। इसलिए अब बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए और बीईओ को निर्देशित किया कि स्थानांतरण के लिए जो शिक्षक अर्ह पाए गए थे। उनको सप्ताह भर में कार्यमुक्त और कार्यभार ग्रहण करवा दें।

### ऑटो चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**शिवली।** गृह कलह से तंग आकर ऑटो चालक ने पांडव नदी के किनारे खड़े अर्जुन के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के निगोहा गांव निवासी विनय उर्फ सोनू शुक्ला (32) ऑटो चलाकर जीवन यापन करता था। रविवार की रात घर में किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर वह रात में घर से निकल आया था। सोमवार की भोर पहर शिवली कोतवाली क्षेत्र के हृदयपुर गोकुला गांव के पास पांडव नदी किनारे सोनू का शव अर्जुन के पेड़ से लटकता मिला। जानकारी मिलने पर पत्नी सोनी बदहवास हो गई, जबकि मां पिंकी, पिता सुरेश समेत अन्य परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कालीचरण ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर अपराध राजपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया पति पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।


घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में विश्व बैंक कालोनी निवासी 29 वर्षीय अक्षय गुप्ता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके चचेरे भाई रॉबिन ने बताया कि मां लक्ष्मी नेहरु युवा केंद्र में काम करती थी। अक्षय उन्हीं के साथ काम निपटाता था। वह परिवार का इकलौता लड़का था। एक बहन सिमरन की एक वर्ष पहले शादी हो चुकी है। परिजन आत्महत्या का कोई कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस ने कहा कि परिजनों से पूछताछ करके आत्महत्या का कारण जानने की कोशिश की जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध की मौत

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में गौरी मजरा सकरा थाना काकोरी लखनऊ निवासी 60 वर्षीय हरिगोविंद सिंह रविवार को बिधनू पत्नी शिवदेवी की दवा लेने के लिए आए थे। बेटे सुखवीर ने बताया कि यहां से लौटते समय रमईपुर और बिधनू के बीच में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें हैलट पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# भीमसेन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक का फिर सर्वे

## अभी झांसी रूट की ट्रेनें ट्रैक खाली होने के इंतजार में घंटों रुकतीं हैं

**मिलेगी राहत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली हावड़ा मुख्य रेलमार्ग पर नहीं फंसेगी झांसी रूट की ट्रेनें

**अमृत विचार।** झांसी रूट पर पड़ने वाले भीमसेन रेलवे स्टेशन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक बनाने के लिए रेलवे एक बार फिर सर्वे की तैयारी कर रहा है। इस एलिविटेड ट्रैक के चालू होने से ट्रेनों की लेटलतीफी खत्म होगी और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी झांसी, बांदा रूट की ट्रेनें भीमसेन तक तो राइट टाइम आती हैं लेकिन उसके बाद दिल्ली-हावड़ा रूट के खाली होने का घंटों इंतजार करती हैं।

दिल्ली हावड़ा रूट के ट्रैक को झांसी रूट कैंचीनुमा काटता है। इसी कैंची के खाली होने का इंतजार झांसी की ट्रेनों को करना होता है।

भीमसेन से गोविंदपुरी स्टेशन तक एलिविटेड ट्रैक तैयार होने के लिए रेलवे बोर्ड के निर्देश पर जल्द ही उत्तर मध्य रेलवे की टीम गोविंदपुरी आएगी और भीमसेन तक सर्वे करेगी।

इसके लिए पूर्व में 1750 करोड़ का बजट पास हुआ था लेकिन महंगाई को देखते हुए रेलवे अधिकारी एक बार फिर आंकलन करेंगे कि इसको बनाने में कितना खर्च आएगा।

> रेलवे बोर्ड ने इसके पहले 1750 करोड़ रुपये एलिविटेड ट्रैक के लिए मंजूर किया था लेकिन ये कई साल पहले की बात है, अब सर्वे से स्पष्ट होगा कि इसपर कितना खर्च आएगा लेकिन सर्वे कब होगा, इसकी जानकारी नहीं है।
>
> –हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य जोन

### एलिविटेड कार्य पूरा होने पर ऐसे चलेंगी ट्रेनें



दिल्ली मुख्य रेलमार्ग से कानपुर सेंट्रल स्टेशन की ओर से आने वाली ट्रेनें तीसरी लाइन, मुख्य ट्रैक, चौथी लाइन से होकर गुजरती हैं लेकिन झांसी, बांदा, जबलपुर, चित्रकूट की ओर से आने वाली ट्रेनें भीमसेन में रोक दी जाती हैं क्योंकि दिल्ली हावड़ा रूट पर कोई न कोई ट्रेन गुजरती रहती है जिससे भीमसेन का ट्रैक बीच में फंसा रहता है। एलिविटेड ट्रैक बनने के बाद झांसी, जबलपुर की ओर से आने वाली ट्रेनें दिल्ली हावड़ा रूट के ट्रैक को बाधित नहीं करेंगी बल्कि एलिविटेड रूट से सीधे निकल जाएंगी। ऐसे में यात्रियों का समय भी बचेगा और जल्दी अपनी यात्रा को पूरी कर लेंगे।

# चार मौतों के बाद भी सोया है रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



खुले में पड़ी बेंचों पर बैठते हैं यात्री। अमृत विचार

- 43 से 45 डिग्री तक पारा गर्म बेंच पर लू के थपेड़े झेलते हैं यात्री
- चिलचिलाती धूप में खड़ी बसों पर बैठने को मजबूर सवारियां

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर बीते बीस दिनों में चार यात्रियों की हीटस्ट्रोक से मौत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी परिवहन अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही है। चिलचिलाती धूप में बसें खड़ी रहती हैं और बस के अंदर बैठे, बच्चे, बूढ़े, महिलाओं का गर्मी से बुरा हाल रहता है।

बस अड्डे पर एआरएम आफिस के बाहर टिन शेड में यात्री गर्म बेंच पर लू के थपेड़े सहते हुए बैठे रहते हैं। धूप जब तेज होती है तो बेंच तक पहुंच जाती है। झकरकटी बस अड्डे के अंदर दाखिल होते ही वहां की अव्यवस्था दिखाई देने लगती है। गेट पर ही बसों की अराजकता होती है और पूरा बस अड्डा बिना किसी शेड का है इसलिए रेगिस्तान लगता है। बस अड्डे पर कोई प्लेटफार्म तक नहीं है। चिलचिलाती धूप में दर्जनों जिलों की बसें खड़ी रहती है। इन बसों में घंटों यात्री धूप में परेशान रहते हैं।

कैंटीन के बगल में धूप में पानी की टंकी का पानी अगर कोई पी ले तो उसके मुंह में छाले पड़ जाएंगे।

> बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत विस्तार होना है, यही कारण है कि टिन शेड, प्लेटफार्मों का सिस्टम नहीं बन पा रहा है। कई जिलों की बसों के प्लेटफार्म निधारित हैं। बस अड्डे पर कोई कमी नहीं है, ठंडा पानी है, यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था है।
>
> महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

बस अड्डे पर जगह नहीं होने के कारण ट्रांसपोर्ट नगर, अफीम कोठी की ओर खड़ी रहती हैं।

# लाखों का चूना लगाने में दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेकनगंज थानाक्षेत्र का मामला, एक फरार आरोपी की तलाश जारी

**अमृत विचार।** बेकनगंज थानाक्षेत्र में व्यापारी के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से रुपये निकालने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार एक आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही हैं।

बेकनगंज निवासी ओसामा के अनुसार पिता शोएब कई वर्ष पहले मदरसे में शिक्षा लेने गए थे। जहां उनकी मुलाकात बिहार निवासी दो युवको सुहैल व उसके भाई इमरान से हुई। दोनों ने परिवार की दयनीय स्थिति की बात कहकर उनके पिता को अपने झांसे में ले लिया और उन्हें अपने साथ कानपुर ले आए। जहां पर पिता ने दोनों को अपनी मसाले की दुकान में काम पर लगा दिया और उनको रहने के लिए घर पर ही कमरा दे दिया। छह वर्ष पहले उनके पिता का देहांत हो गया था। इसके बाद दोनों आरोपियों ने पिता के फर्जी हस्ताक्षर करके खातों से रकम निकालना शुरू कर दिया। खातों से निकाली हुई रकम सुहैल ने बेटे हंजला के खाते में ट्रांसफर की थी। आरोपियों ने फर्जी कागजात तैयार करके उनका मकान हड़पने की कोशिश की। बेकनगंज पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बेकनगंज इंस्पेक्टर पकंज त्यागी ने बताया कि लैब टेस्ट के दौरान हस्ताक्षर फर्जी पाए गए थे।



# गायब सफाई कर्मचारियों को किया जाएगा सेवा से मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश
- गली पिट को पूरी तरह से साफ करने के निर्देश, हर जोन का मांगा आंकड़ा

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर कहा कि जो भी सफाई कर्मचारी (आउटसोर्स) लंबे समय से ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं उन्हें हटाकर नये कर्मचारियों की तैनाती की जाये। नालों पर अतिक्रमण है, जिसके नालों की सफाई नहीं हो पाती है वहां पर अतिक्रमण तोड़कर सफाई की जाये। गली पिटों की मरम्मत करायी जाये। उन्होंने हर जोन से गलीपिट का आंकड़ा मांगते हुये सफाई के निर्देश दिये।

नगर निगम सभागार कक्ष में महापौर ने विभागीय बैठक कर गलीपिट की जोनल स्वच्छता अधिकारियों से जानकारी मांगी। इस दौरान जोनवार गली पिट की जानकारी देते हुये बताया गया कि पूरे शहर में 1895 गलीपिट हैं जिनमें 90 फीसदी की सफाई कर दी गई है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के पास छोटे नाले 1310 हैं। जिनकी सफाई हो रही है।



नगर निगम के सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

### गलीपिट की लाइन ध्वस्त

महापौर ने कहा कि आफिसर्स कॉलोनी, नगर निगम गेस्ट हाउस मोतीझील के मध्य गली पिट की लाइन ध्वस्त है। जिसे तत्काल सही कराया जाये नहीं तो मोतीझील में पानी भरेगा। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जोन 5 में 405 छोटे नाले हैं जिसमें 360 छोटे नालों की सफाई हो गयी है। 90 प्रतिशत की सिल्ट भी उठ गयी है।

# युवक का शव मिला हत्या का आरोप

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में चमड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले युवक का शव पुलिया के नीचे पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक की शिनाख्त की। पुलिस ने जहर खाने से मौत की आशंका जताई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर लेनदेन का विवाद बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिधनू जरकला निवासी 45 वर्षीय अनिल एक चमड़ा फैक्ट्री में काम करता था। साले अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि वह पहले जिस फैक्ट्री में काम करता था, वहां पर उसे एक व्यक्ति से दिए उधार रुपये वापस लेने थे। वो रुपये लेने के लिए गया था। जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। परिजनों का आरोप है, कि पिछले चार से पांच दिनों से वह घर नहीं लौटा था। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ नहीं पता चल सका। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक के शरीर पर चोटों के निशान हैं।

# गुजैनी एसओ पर लगाया धमकाने का आरोप, जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित किशोरी व उसके परिजनों ने डीसीपी साउथ से की शिकायत
- पुलिस कमिश्नर ने मंगाये थाने के फुटेज, जांच एसीपी नौबस्ता को

**अमृत विचार।** गुजैनी निवासी किशोरी व उसके परिजनों ने गुजैनी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीसीपी साउथ से शिकायत की। पीड़िता का आरोप है कि गुजैनी एसओ व दरोगा उसे रात भर थाने में बिठाए रहे और बयान न बदलने पर 6 साल की सजा व भाई व पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी। डीसीपी ने मामले की जांच एसीपी नौबस्ता को सौंपी।

गुजैनी निवासी 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने बताया कि बीती 18 मई को उनकी बेटी संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई थी, मामले में गुजैनी थाने में अपहरण, धमकाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी हुई कि पड़ोसी युवक बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। अगले दिन गोविंद नगर स्थित करन गेस्ट हाउस के सामने स्थित एक घर से बेटी युवक के साथ बरामद हुई, जबकि पुलिस ने 20 तारीख को गुजैनी क्षेत्र के बसंत पेट्रोल पंप के पास से अकेले घूमते हुए बरामद होना दिखाया।

इस दौरान पुलिस रात भर बेटी को थाने में बिठाए रही और उस पर बयान बदलने का दबाव बनाया। किशोरी ने बताया कि थाना प्रभारी विनय तिवारी और एक दरोगा ने उसकी गलती बताते हुए बयान न बदलने पर 6 साल की सजा होने और पिता व उसके भाई पर भी मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी।



आरोप है कि मजिस्ट्रेट के सामने बयान के लिए ले जाए जाने के दौरान महिला सिपाही व दरोगा ने उसे धमकाया और जबरन वीडियो बनवाकर हस्ताक्षर कराए। आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में गुहार लगाई, जहां थाने के कैमरों की सीसीटीवी फुटेज मांगी गई। सोमवार को पीड़ित डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचे। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि एसीपी नौबस्ता से जांच कराई जाएगी। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# वकीलों के मामले में पुलिस लापरवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगा सोमवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पुलिस अधिवक्ताओं के मामले में लापरवाही बरत रही है। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले बढ़ रहें हैं और पुलिस उन मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

सोमवार को लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक दर्जन अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचे।

अधिवक्ताओं ने शिकायत करते हुए कहा कि बीते दिनों अधिवक्ताओं के साथ जो मारपीट की घटनाएं हुई हैं। उन मामलों में थानों में शिकायत दर्ज करने में पुलिस लापरवाही बरत रही है। अगर शिकायत दर्ज भी की जाती है तो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती। कई थानों में अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के मामले में पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करेगी और शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।



पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

- वकीलों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला

# स्कूल ने जांच रिपोर्ट के नाम पर भेजा घटनाक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी भर्ती घोटाले में दो स्कूलों से शिक्षा विभाग ने मांगी थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाला में फर्जी शिक्षकों को नियुक्ति देने वाले स्कूल ने जांच के नाम पर लीपापोती कर दी है। एक स्कूल ने अपनी जांच रिपोर्ट में पूरे घटनाक्रम को ही लिखकर विभाग को दे दिया है। यह वही स्कूल है जिसने फर्जी नियुक्ति पाने वाली शिक्षिका को चार माह का वेतन दे दिया था।

फर्जी भर्ती घोटाले में मदनमोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में पैनल में शामिल 9 फर्जी शिक्षक-शिक्षिकाओं में से एक को नियुक्ति दी थी। शिक्षिका को 4 माह का वेतन भी दे दिया था। वेतन दिए जाने से पहले स्कूल को शिक्षिका के दस्तावेज का सत्यापन कराना था। सत्यापन न कराए जाने की वजह शिक्षा विभाग की जांच में स्कूल से पूछी गई थी। स्कूल की ओर से पूरे घटनाक्रम को ही जांच के नाम पर विभाग को भेज दिया। अब विभाग दोबारा स्कूल से पूरी जांच कराकर रिपोर्ट भेजे जाने के लिए स्कूल को पत्र भेजने जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूल की ओर से लगातार जांच रिपोर्ट के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्कूल को स्पष्ट जांच रिपोर्ट के लिए पत्र भेजा जा रहा है।




### शिक्षिका ने प्रबंधक के जरिये भेजा था संदेश

- पैनल में शामिल शिक्षिका को नियुक्ति देने और मामला खुलने के बाद आरोपी शिक्षिका ने अंतिम बार प्रबंधक के जरिए ही संदेश भेजा था। उस वक्त प्रबंधक ने यह बताया था कि शिक्षिका ने वेतन वापस करते हुए कहा था कि वे सही समय आने पर अपनी बात रखेंगी। यह बात प्रबंधक की ओर से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी बताई जा चुकी है।



# गूगल मीट के माध्यम से कैमरे लगवाने के निर्देश

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी जोन के सभी बीट पुलिस अधिकारी की पूर्वी कार्यालय पर मीटिंग की। इस दौरान सभी सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से मीटिंग में जुड़े।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत चौराहों और घर-घर कैमरे लगवाने के दिशा निर्देश दिए गए। कहाकि सभी बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र मे अधिक से अधिक कैमरे लगवाएं जिससे सभी टप्पेबाजी, लूट ,चोरी आदि घटनाओं में कैमरे की मदद से समय से घटनाओं का अनावरण हो सके।

**वाहे गुरु** | गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर शबद कीर्तन और प्रसाद वितरण

# जपयो जिन अरजन गुरु, फिरि संकट ना आयी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर शहरभर के गुरुद्वारों में शबद गायन हुआ और ठंडे शरबत की छबील व छोले का प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में रागी जत्थों ने, जपयो जिन अरजन गुरु फिरि संकट जोनिगरब ना आयी... शबद गायन करके संगत को निहाल किया।

सोमवार को 11 ब्लाक किदवई नगर, 13 ब्लाक , गुरुद्वारा कीर्तनगढ़, गुरुद्वारा नवाबगंज, गुरुद्वारा भाई बन्नो साहिब समेत शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में शहादत दिवस मनाया गया। गुरुवाणी एवं कीर्तन व गुरु का इतिहास भी संगत को बताया गया।

कहा गया कि कलयुग जहाज अरजन गुरु यानी इस कलयुग के दौर में जीवन मुक्ति पाना है तो गुरु अरजन देव के बताये सिद्धांतों पर चलने की जरूरत है। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने संगत की सेवा की।

इस मौके पर चरनजीत सिंह, कुलवंत सिंह, श्रीचंद्र असरनी, अवि गांधी, गुरदीप सहगल, गुरमीत सिंह, समरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर गुरुद्वारा नवाबगंज में कच्ची लस्सी, छोले, हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार मानसिंह बग्गा ने संगत की सेवा की। सुरेंद्र अरोड़ा, कैलाश बाबू, नीतू डंग, रीता रुपानी, गुरदीप सिंह आदि ने संगत की सेवा की। गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ में भी शबद गायन हुआ।



गुरुद्वारा बाबा नामदेव किदवई नगर में शबद कीर्तन करते रागी जत्थे। अमृत विचार



शेर सिंह राणा को मिठाई खिलाते विजय कपूर।

### शहीदी दिवस पर लस्सी बांटी

**कानपुर।** सोमवार को राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी राष्ट्रीय शेर सिंह राणा ने कोपेस्टेट कार्यालय में चेयरमैन विजय कपूर एवं अन्य उद्यमियों से भेंट की। विजय कपूर एवं उद्यमियों ने शेर सिंह राणा को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित छबील वितरण कार्यक्रम में विजय कपूर के साथ शेर सिंह राणा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सुरेश पुरी, दिनेश कुशवाहा, आरपी सिंह, अंश चन्देल, गुरविन्दर सिंह गप्पी, नरेश पंजाबी, गोपाल सदाना, अरूण जैन, अवधपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वर्ष–2022, रजिस्ट्रेशन नं0–92396 का ए0 एन0 एम0 प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।– **अंजना पुत्री राम सिंह, निवासी– ग्राम–शीतलपुर, पो0– कुसमरा, हमीरपुर मो0न0–** 9794973363

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद यूसुफ पुत्र स्व0 अलादीन, निवासी ग्राम– मुगलखेडा मजरा जमोलिया थाना रहीमाबाद परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरे चार पुत्र है मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्तियाक व मोहम्मद अदीम व चार पुत्रियों नगमा बानो, नजमा बानो, उजमा बानो व रिजवाना है। जिसमे से मोहम्मद इरशाद का व्यवहार व चाल चलन एवं आचरण अपने परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं आत्यधिक शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित रहता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर पुत्र मोहम्मद इरशाद के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।अब मेरा उससे किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। वह अपने समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा

सर्वविदित हो कि कुछ दस्तावेजों पर मेरा नाम विजय लक्ष्मी अंकित है परन्तु आधार कार्ड में मेरा नाम विजय लक्ष्मी वैश्य (पत्नी श्री सूरज प्रकाश वैश्य, नि. म. सं. 184 – 185, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ–226012) दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विजय लक्ष्मी वैश्य के नाम से जाना – पहचाना जाये।

**NOTICE**
I, Govind ji Rastogi, son of late. B.C. Rastogi, R/o Mohalla Jankipuram, Lucknow, am severing all ties with my son Shivam and daughter-in-law Shaili as they have fallen into bad company and also evict them from my all movable and immovable properties. Both of them will be responsible for any of their act in future. Govind ji Rastogi, S/o late. B.C. Rastogi, R/o 645/009-A, Near Lucknow University New Campus, 60 Feet Road, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh 220021

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **बाबूलाल पुत्र श्री जगनू, निवासी– ग्राम गौझीहार रूसैना परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** मैं अपने पुत्र नीरज व बहू पूनम देवी दोनो से काफी परेशान हूँ यह दोनो मेरी कोई बात नहीं मानते और अपनी मनमानी करते है तथा उल्टे सीधे कार्य करते है अपने पुत्र नीरज में बहू पूनम देवी से परेशान होकर इन दोनो को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और अब आज के बाद से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा यह लोग कोई भी अच्छा बुरा कार्य करते है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इन दोनो की होगी है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217188087 वास्तव में खो गया है। – **मोहम्मद यासीन, पुत्र श्री मुनव्वर अली मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी पोस्ट आफिस प्रधान डाकघर बहराइच, थाना कोतवाली नगर, वशीरगंज पुलिस चौकी बहराइच जनपद बहराइच, पिन कोड** 271801

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी ग्राम– चिलौली, पो0– बिराहिमपुर बेल्हौरा, जिला– बहराइच, यूपी पिनकोड 271903** है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

# सरकारी राइफल छीन पुलिस पर तानी, मुठभेड़

## आत्मरक्षार्थ पुलिस ने चलाई गोली, एक बदमाश घायल, मेडिकल परीक्षण कराने जा रहे थे सीएचसी

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर


मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र में लूट के गिरफ्तार आरोपियों को लेकर पुलिस सीएचसी मेडिकल परीक्षण कराने जा रही थी। तभी रास्ते में एक बदमाश ने मौका पाकर सिपाही की राइफल छीनकर उसी पर तान दी। बदमाश गोली चलाता कि उससे पहले ही पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चला दी। गोली बदमाश के पैर में लगी। घायल बदमाश का इलाज जारी है।

बदमाशों के पास से एक लाख नगद तमंचा कारतूस लूट में इस्तेमाल बाइक और बैंक के कागजात भी बरामद हुआ। मेडिकल कराने लेकर जा रही पुलिस की रायफल छीनकर बदमाश ने पुलिस पर तानी थी। थरियांव थाना क्षेत्र में हुई बीसी संचालक के साथ लूट में यह आरोपी शामिल थे। युवक को गोली मारकर लाखों रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए थे। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 के हसवा के पास की घटना बताई जा रही है। थाना थरियांव व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा कोर्रा सादात मोड़ के पास से विनोद पासवान पुत्र रघुनाथ पासवान निवासी अहिमात मजरे जानिकपुर व सबी पुत्र कैलाश पासवान निवासी टीकर थाना असोथर को गिरफ्तार किया गया। बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

इनके निशानदेही पर अभियुक्त अनिल पासवान को उसके गांव से पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास से निशानदेही पर लूट से संबंधित नगद 1,02,000 रूपये, घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, लूट के पैसे से खरीदा गया मोबाइल आदि बरामद किया गया।

- लूट के आरोप में तीन को किया गया गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा लूट का एक लाख रु. बरामद

### 27 मई को हुई थी लूट

थरियांव थाना क्षेत्र के ही औरेई निवासी 30 वर्षीय अतुल कुमार तिवारी असोथर थाने के सातों धरमपुर में एसबीआई की टाइनी शाखा संचालित करता है। वह 27 मई की सुबह एसबीआई थरियांव स्थित मेन ब्रांच से टाइनी शाखा के लिए कैश लेकर जा रहा था। रास्ते में बरियापुर मोड के पास पीछे से आये बाइक सवार तीन बदमाशों ने अतुल को बाइक ओवर टेक कर घेर लिया, विरोध करने पर बदमाशों ने सिर पर हमला कर घायल कर दिया था। दिनदहाड़े हुई लूटपाट की वारदात से हड़कंप मच गया था। वारदात के दूसरे दिन एडीजी भानु भाष्कर और आईजी प्रयागराज प्रेम गौतम ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। इसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती रहे बीसी संचालक का हाल जानने अधिकारी पहुंचे थे।

थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना में गिरफ्तार चार अभियुक्तों को प्रात: पुलिस आज हस्वा सीएचसी मेडिकल के लिए ले जा रही थी। तभी एक अभियुक्त पेशाब करने के बहाने नीचे उतरा और पुलिस की राइफल छीन कर उन पर तान दी। आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में बदमाश घायल हुआ है। बदमाशों के कब्जे से नगदी, खरीदे गए मोबाइल व बाइक बरामद की गई है। एक अभियुक्त फरार है जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

–उदय शंकर सिंह, पुलिस अधीक्षक

# हर बाढ़ चौकी पर सक्रिय रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मानसून आने से पहले स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बारिश के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में बाढ़ व जलभराव के कारण मच्छरों और बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। विभाग ने मानसून से पहले बाढ़ राहत चौकियां एक्टिव कर दवाओं के इंतजाम के साथ ही डाक्टर व स्टाफ की रोस्टरवार ड्यूटी लगाने की तैयारी कर ली है।

तीनों तहसीलों के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के आसपास बारिश के बाद बाढ़ या जलभराव के हालात हर साल पैदा हो जाते हैं। कई स्थानों में जलभराव के बीच आवागमन बंद होने के बाद लोगों को कई दिनों तक जहरीले कीड़ों के काटने का डर बना रहता है। गंगा और यमुना किनारे के दो दर्जन से ज्यादा गांवों में बारिश से पहले ही लोगों में डर समा जाता है। मलेरिया डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों का प्रकोप थामने के साथ ही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। अबकी बार करीब दो दर्जन बाढ़ चौकियां सक्रिय किया जाना है- और डाक्टर व स्टाफ की इतनी ही टीमें गठित कर दवाओं के इंतजाम के साथ रोस्टरवार ड्यूटी लगायी जाएगी।

### रैपिड रिस्पांस की टीमें करेंगी निगरानी

बाढ़ चौकी और संक्रामक बीमारियां फैलने पर रैपिड रिस्पांस टीमें निगरानी करेंगी। इसके लिए टीमों का गठन किया जाना है। अलग-अलग टीमें दोनों पहर निगरानी करेंगी। बाढ़ राहत चौकियों में डेंगू मलेरिया जांच के साथ दवाओं की सहूलियत मिलेगी। बुखार खांसी डायरिया एलर्जी उल्टी .दस्त की दवा की व्यवस्था है। .

–डॉ. आफाक अहमद, जिला संक्रामक रोग प्रभारी

### यहां बनाई गईं बाढ़ चौकियां

- खागा तहसील में कोट दामपुर ऐराईए गुरवल किशनपुरए गढ़ा कोतला नौबस्ता व रसूलपुर भंडरा में बाढ़ चौकी स्थापित की गई हैं। इसी तरह बिन्दकी तहसील में शिवराजपुर आशापुरए मदोकीपुर गुनीरए कोटिया कौड़िया गलाथा दपसौरा चांदपुर बिन्दौर मौहारी और सदर कोतवाली में भिटौरा जमरावां दशहरी असोथर देवलानए दतौली कोर्राकनक मैनाही का डेरा कोर्राकनक और ललौली में बाढ़ चौकी बनी है।

# 12 हजार से अधिक हैंडपंपों पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


सरकारी हैंडपंप में लगी मोटर।

**अमृत विचार।** चिलतिलाती धूप गर्म हवाएं और सूखता गला पानी के एक घूंट के लिए लोग हैंडपंप समेत जलश्रोतों को तलाश रहे हैं लेकिन दुख पानी के अभाव में बड़ी आबादी परेशान हो रही है। वजह करीब 12 हजार सरकारी हैंडपंपों में रसूखदारों का कब्जा है। किसी ने सबमर्सिबल मोटर डाल तो कहीं हैंडपंपों को चहारदीवारी के भीतर घेरा गया है। चिंताजनक यह है कि इन कब्जे वालों हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत के नाम पर विभाग खेल कर रहा है। पर गरीब प्यास बुझाने को दूर दराज से पानी लाने को विवश हैं।

जनपद की वर्तमान 816 ग्राम पंचायतों में पंचायत विभाग व जल निगम के करीब 50 हजार से ज्यादा हैंडपम्प हैं। गांवसभा में पांच से दस की संख्या में सबमर्सिबल डालकर कब्जा किया गया है। जबकि किसी किसी गांव के 40 फीसदी हैंडपम्पों में मोटर डाली गई हैं। रसूखदारों की देखादेखी लोगों ने चंदा से मोटर खरीद हैंडपम्पों में डाल रखी हैं। पहले पानी भरने व ज्यादा बाल्टियां भरने एवं बार बार मोटर चलाने को लेकर विवाद होते हैं। पानी भरने के विवाद में मारपीट की नौबत और मामले थाना तक पहुंच जाते हैं।

**मशीन उपकरण गायबः** मशीन उपकरण भी गायब परवाह नहीं मोटर डालने के बाद अधिकतर हैंडपम्प में हाथ से पानी भरने की व्यवस्था खत्म हो जाती है। ट्रांसफॉर्मर जलने या खराबी से बिजली सप्लाई न आने पर पानी के लिए त्राहि- त्राहि मचती है। लापरवाही इसकदर कि हैंडपम्प की मशीन आदि उपकरण गायब हैं कोई देखने वाला नहीं है। बिजली चोरी बिल भुगतान पर विवाद सरकारी हैंडपंप में मोटर डाल कब्जा कर विभाग को चपत अलग लगती है। बिजली की चोरी कर विभाग को भी चूना लगाया जा रहा है। जहां कनेक्शन घर से हैं वहां बिजली बिल के भुगतान को लेकर मारपीट तक हो जाती है। गांवों में लगे सैकड़ो की संख्या में सरकारी हैंडपंप छोटी मोटभ् खामियों के चलते खराब पड़े है जिन्हे गर्मी के दिनों में भी ठीक नहीं कराया जा सका।

इसी तरह खजुहा में सबसे ज्यादा 415 रिबोर होने बाकी हैं। ऐरायां ब्लाक में 245 विजयीपुर में 28 तेलियानी में 24 अमौली में 23 हथगाम में सातए असोथर में छह देवमई ब्लाक में मात्र दो हैंडपम्प रिबोर होने हैं। जबकि हकीकत इसके उलट है।

# घर के बाहर सो रही महिला के चोर जेवरात ले गए

**बिन्दकी-फतेहपुर।** गर्मी के चलते परिवार के साथ घर के बाहर महिला सो रही थी तभी देर रात अज्ञात चोर महिला के पास पहुचे और पहले मोबाइल लिया फिर कान में बाला पहने हुई थी तभी चोर खींच कर भागने लगे तो महिला को जानकारी हुए तो महिला ने शोर मचाया आसपास के लोग आ गए जब तक चोर भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरबेशपुर उर्फ मिलकिन खेड़ा निवासी अवधेश कुमार द्ववेदी पुत्र देवी दत्त द्ववेदी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की भीषण गर्मी के चलते बीते रात परिजनों के साथ घर के बाहर सभी सो रहे थे।

तभी पहले से घात लगाए बैठे चोर रात दो आये और पहले मोबाइल लिये फिर अवधेश पत्नी आराधना के कान में पहने सोने के बाला नोच फरार हो गए।

# ई केवाईसी के बाद मोबाइल पर मिलेगी राशन की सूचना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** राशन कार्ड लाभार्थियों को गेहूं, चावल तो फ्री में मिल ही रहा है। इसी बीच कार्ड धारकों को एक और राहत देने वाली खबर सामने आई है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान इस महीने शुरू हो गया है। राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। इसके लिए लाभार्थी को एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी हेतु लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा।

बताया कि ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड संशोधित किया जा सकेगा। इस मोबाइल पर राशन का विवरण एसएमएस द्वारा प्राप्त होगा।

### कार्ड से लिंक होगा मोबाइल नंबर

आपूर्ति विभाग सभी राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी करवाएगा। ई-पॉश के माध्यम से राशन डीलरों के सहयोग से लाभार्थियों का बायोमैट्रिक अथेंटिकेशन होगा। राशन कार्ड से मोबाइल नंबर जोड़े जाने की भी सुविधा होगी जिससे राशन की सूचना उपभोक्ता को एसएमएस से मिलेगी। राशन कार्ड में अगर किसी सदस्य का रिश्ता मुखिया से गलत प्रदर्शित है तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। ई-केवाईसी हर सदस्य को कराना ही होगा।

## सार-संक्षेप


शर्बत पिलाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### मोदी के पीएम बनने पर भाजपाइयों ने शर्बत वितरण किया

**बकेवर-फतेहपुर।** बकेवर कस्बे के भाजपा कार्यालय में सोमवार को नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्ष और धूमधाम के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जय श्रीराम एवं मोदी योगी जिंदाबाद के नारे लगाकर अपनी खुशी का जाहिर किया। इस कार्यक्रम में बड़ी उत्सुकता के साथ लागों ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और इसे एक ऐतिहासिक क्षण मानते हुए उत्सव मनाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कस्बे में जोश और उमंग देखने लायक थी जिसने सभी को एकता और भाईचारे के सूत्र में बांध दिया।इस दैरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला कुलदीप तिवारी निर्मल मौर्य पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज बाजपेई एराज तिवारी इंद्रेश द्विवेदी समाजसेवी, हरिओम पांडेए रामशंकर देवीप्रसाद शुक्ला कृष्णकुमार तिवारी सुनील शुक्ल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गर्मी में कुत्ते-बंदर हुए खूंखार, एंटी रेबीज की बढ़ी मांग

**फतेहपुर।** जिले के सरकारी अस्पतालों में पखवारे भर से एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वाले मरीजों में बढ़ोत्तरी हुई है। गर्मी के साथ-साथ कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ गया है। सदर अस्पताल में एआरवी की उपलब्धता पर्याप्त है। इस कारण यहां पर आम दिनों की अपेक्षा दोगुना मरीज एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। हालात यह है कि डिस्ट्रिक्ट ड्रग वेयर हाउस का स्टाक भी खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में उसे रोक कर रखा गया है, क्योंकि इससे अधिकतम 125 डोज ही दिए जा सकते हैं। इधर मांग के बावजूद पीएचसी को इंजेक्शन उपलब्ध नहीं करा गए हैं जबकि सीएचसी की बात करें तो वहां पर समय-समय पर इंजेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बावजूद इसके ग्रामीण मरीज मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। आम दिनों में जहां 20 से 30 के बीच एंटी रेबीज इंजेक्शन लगते हैं। यह संख्या अब बढ़कर 50 से 60 तक पहुंच रही है। ऐसे में कभी भी एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टाक पूरी तरह से खत्म हो सकता है। फिलहाल यहां 40 मरीजों को इंजेक्शन लगाने का स्टाक रोजाना दिया जाता है। इन दिनों कुत्तों और बन्दरों का आतंक बढ़ जाता है। 30 लाख की आबादी वाले जिले में एंटी रेबीज इंजेक्शन की खपत काफी है। हर महीने एक हजार से अधिक वायल की दरकार होती है। मौजूदा समय में पीएचसी व सीएचसी को देने के लिए हर महीने एक हजार वायल की जरूरत है। कार्यवाहक सीएमओ डॉ .इस्तियाक अहमद ने कहा कुत्ते और बंदरों के कांटने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टाक फिलहाल पर्याप्त है। स्टाक के खत्म होने पर डिमांड भेजी जाती है। सभी सीएचसी को हाल ही में इंजेक्शन उपलब्ध कराए गए है।

# तीन दशक से पक्के पुल की आस में पथरा गईं आंखें

- बारा में पक्का पुल निर्माण की मांग काफी समय से हो रही
- डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने पुल निर्माण की घोषणा की थी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


अस्थाई पीपे के पुल से दो जिलों में आते जाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र की बुंदेलखंड में रिश्तेदारियां कारोबार और निरंतर इलाके के लोगों का आवागमन पर बारिश शुरू होते ही बांदा व दोआबा के तीन सैकड़ा से अधिक गांवों का आवागमन ठप हो जाता है। पक्के पुल का शिलान्यास के साथ कई मंत्री घोषणा कर चुके हैं लेकिन उम्मीद में लोगों की आंखें पथरा सी गई है।

तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री कलराज मिश्र ने करीब तीन दशक पूर्व बिंदौर गांव में पुल निर्माण का शिलान्यास किया था। वहीं गत विधानसभा चुनाव के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी पुल निर्माण की घोषणा की थी। इसके बावजूद इसके निर्माण की कवायद शुरू नहीं हो सकी। नतीजन इलाके के लोग नेताओं की घोषणा से ठगे महसूस कर रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन सवार बारा पांटून पुल से पार होते है। पुल बांदा के साथ हमीरपुरए चित्रकूट व झांसी को जोड़ता है। बारिश में बारा पांटून पुल के टूटने से इलाके की जिंदगी ठहर सी जाती है।

### पुल से दो जनपदों को मिलेगा लाभ

बारा गलौली यमुना घाट में बुंदेलखंड को जोड़ने के लिए पक्के का पुल का शिलान्यास के बाद भी सेतु निगम बांदा के पास इस बावत जानकारी नहीं है। बारा व बिंदौर में कोई पक्का पुल प्रस्तावित नहीं है। इस पर क्षेत्रीय जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल ने बताया कि बारा में पक्का पुल निर्माण की मांग की मांग उन्होंने सदन में रखी है। लोकनिर्माण मंत्री से मिल कर भी उन्होंने अपनी बात रखी है। पक्के पुल के निर्माण के दोनों जनपदों के बड़े हिस्से को लाभ मिलेगा।

# जेईई एडवांस में छा गए महर्षि स्कूल के छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जेईई मेन एडवांस की परीक्षा में नगर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल फतेहपुर के छात्र-छात्राओं ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपनी सफलता का परचम लहराया। मेधावी बच्चों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है। महर्षि विद्या मन्दिर के छात्र आशीष बाजपेयी की ऑल-इंडिया रैंक 3651, आयुषी यादव की ऑल-इंडिया रैंक 3654, शिखर की ऑल-इंडिया रैंक 3613, प्रकृति की ऑल-इंडिया रैंक 7700, विख्यात श्रीवास्तव की ऑल-इंडिया रैंक 19692 प्राप्तकर जे.ई.ई. एडवांस में सफल होकर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश पाना है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को देती है। वहीं आशीष बाजपेयी व विख्यात श्रीवास्तव आई.आई.टी. करके देश की सेवा करना चाहते है। इस परीक्षा के लिए उन्होंने 10-12 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में सदैव अवसर आते रहते हैं। योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कर बड़ी से बड़ी परीक्षा में भी कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।


प्रकृति


आयुषि यादव


विख्यात श्रीवास्तव


आशीष बाजपेई


शिखर

- स्कूल के प्रबंध तंत्र ने सभी बच्चों का किया उत्साहवर्धन

सेहत को नुकसान | मुनाफे के चक्कर में पाम ऑयल मिलाकर बेच रहे सरसों का तेल

# सरसों के तेल में मिलावट का केंद्र बना है बिंदकी कस्बा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सरसों के तेल में मिलावट कर बाजारों में उसे बेचा जा रहा है। यह काम बाजारों में धड़ल्ले से जारी है। धंधेबाज मुनाफे के चक्कर में पाम ऑयल मिलाकर सरसों का तेल बेच रहे हैं। सुनियोजित तरीके से बाजारों में इसकी खेप पहुंचाई जा रही है। इसके सेवन से लोगों की सेहत बिगड़ रही है।

बिंदकी कस्बा सरसों के तेल का मिलावटी हब बन चुका है। रोजाना तेल की बड़ी खेप टैंकर, पिकअप व लोडर आदि वाहनों से मंगवायी जाती है।

दो टैंकर यानी 30 हजार लीटर मिलावटी सरसों का तेल बिंदकी व आसपास के कस्बों में खपा दिया जाता। इसकी बढ़ती मांग से कारोबारी खूब फल फूल रहे है। बिंदकी के थोक कारोबारी का गोदाम पैगम्बर में दूसरे कारोबारी घियाही गली के पास स्थित मकान में बना रहा है। इसकी जानकारी खाद्य विभाग को भी है। विभाग उन पर कार्यवाही नहीं कर रहा है। बता दें कि अधिकतर खुले या टिन में बिकने वाले सरसों के तेल में यह मिलावट की जा रही है। सरसों का तेल शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका भले निभाता हो मगर इसमें मिलावट कर दी जाए तो यह बड़ी बीमारियों को दावत देने लगता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बाजारों में सरसों का तेल लेते वक्त काफी सतर्क रहने की जरूरत है।

**कढ़ाई में तेल डालते ही तेज झागः** फुटपाथ की दुकानें हों या घर सरसों के तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग देते हुए लोगों ने देखा होगा। अगर तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग उठने लगे तो यह समझ लें कि घंधेबाजों ने तेल में मिलावट कर दी है। यही कारण है कि शुद्धता से सरसों का कारोबार करने वाले कारोबारी भी इन मिलावट खोरों से परेशान हैं। व्यापारियों के अनुसार सरसों के तेल में पाम ऑयल की मिलावट की जा रही है।

यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। थोक भाव में 140 से 150 रूपये लीटर में बिकने वाले सरसों के तेल में पाम ऑयल और रिफाइंड ऑयल की मिलावट हो रही है। पाम ऑयल से तेल गाढ़ा हो जाता है तो उसमें रिफाइंड मिलाकर उसे हल्का किया जाता है। इस काले कारोबार से जुड़े व्यापारी उसमें कलर और सेंट मिला कर बेच देते हैं।

शुद्ध सरसों का तेल मशीन से निकालकर बेचने वाले कारोबारी ने बताया कि एक क्विंटल सरसों की पेराई के बाद पैंतीस से छत्तीस लीटर सरसों का तेल निकल पाता है। सरसों की कीमत 55 से 60 रूपए प्रति किलो के आस पास है। ऐसे में एक लीटर शुद्ध सरसों के तेल की कीमत बढ़ जाती है।

मिलावटी सरसों का तेल बाहर से बाजारों में धड़ल्ले से सप्लाई किया जा रहा है। तेल करोबार से जुड़ें व्यापारियों की मानें तो जिले में लगभग एक करोड़ रूपये से अधिक मिलावटी तेल का रोजाना व्यापार हो रहा है।

### होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में खपत

- मिलावटी तेल की खपत होटल रेस्टोरेंट और ढाबों पर होती है। यहां धन्धेबाज पाम आयलयुक्त सरसों का तेल भारी मात्रा में पहुंचा रहे हैं। इस व्यवसाय से जुड़े हुए कारोबारियों की जेबें मोटी होती जा रही हैं। जिले के अधिकतर होटल ढाबे और रेस्टोरेंटों पर शुद्ध सरसों के तेल का उपयोग नहीं किया जा रहा है। खुले या टीन के डिब्बे में आने वाले तेल का उपयोग किया जा रहा। इन तेलों से बने हुए खाद्य पदार्थो के सेवन से ग्राहकों की सेहत को नुकसान हो रहा है।

मिलावटी तेल का सेवन करने से लीवर पर असर पड़ता है। शुरू में इसका कोई नुकसान नहीं पता चलता पर बाद में यह असर डालता है। खानपान में अशुद्धियों के चलते ही पेट जनित बीमारी से लोग परेशान हो रहे हैं।

–डॉ .इश्तियाक, कार्यवाहक सीएमओ

विभाग के द्वारा खाद्य तेलों के नमूने निरंतर लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी की जाती है। उपभोक्ताओं के द्वारा अगर कहीं से भी किसी तरह की मिलावट की शिकायत मिलती है तो तत्काल छापेमारी कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है।

–देवेंद्र कुमार, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा

# विधायक के बूथ से 392 मतों से जीती भाजपा

**बिंदकी-फतेहपुर।** जहानाबाद क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने चुनाव में गांव-गांव जनसपर्क किया। वहीं अपने बूथ से भाजपा को 392 मतों से जीत दिलाई। उनके बूथ से भाजपा को 483 मत मिले जबकि सपा को केवल 91 मत ही मिले।


राजेन्द्र पटेल।

उन्होंने अपने बूथ से 392 मतों से शानदार जीत दिलाई। विधायक राजेंद्र पटेल ने अपने बूथ संख्या 162 बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जिसमें वह सपरिवार मतदाता रहे भाजपा को 483 मत दिलाए जबकि समाजवादी पार्टी को मात्र 91 मत मिले। भाजपा विधायक के बूथ से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति 392 के रिकार्ड मतों से जीती हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 43 डिग्री पर पारा, शाम तक चलती रहीं गर्म हवाएं

## दिन चढ़ने के साथ ही बढ़ने लगती उमस भरी गर्मी, न्यूनतम तापमान 30 डिग्री से.

कार्यालय संवाददाता,फतेहपुर

**अमृत विचार।** जून का पहला पखवारा शहरियों और ग्रामीणों का पसीना पसीना कर रहा है। भारी तापमान और लू के साथ गर्मी ने जमकर कहर बरपाया। सुबह सूरज निकलते ही गर्मी ने असर दिखाया और लोग व्याकुल हो उठे। दोपहर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया। उमश भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली।

तीखी गर्मी और उमस के साथ जून महीने की शुरूआत हुई। सोमवार को अधिकतम पारा बढ़ता रहा वहीं न्यूनतम 30 डिग्री दर्ज किया गया। गर्म तेज हवाओं ने लोगों को झुलसने पर मजबूर किया। भीषण गर्मी के कारण शहर की सड़कों में चहल पहल कम ही नजर आई। विकराल गर्मी के बीच शहरी घरों में कैद हो गए। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर रहेगा। सोमवार को सुबह सूर्योदय होते ही उमस ने अपना डेरा जमा लिया। जिससे सुबह सबेरे ही पसीना पसीना होने को मजबूर हो गए। सुबह 10 बजते ही धूप गर्मी की मपिश ने बेचैन कर दिया। चिलचिलाती धूप ने लोगों को छांव ढूंढ़ने पर मजबूर कर दिया। दोपहर 12 बजे के करीब अधिकतम पारा 43 डिग्री पर पहुंच गया। जरूरी काम से निकले शहरी हाथ बंद दस्ताने टोपी गमछाए छाते की ओट में नजर आए। आसमान से बरस रही आग से घर मकान दुकान तप उठे।



राहत पाने के लिए गन्ने का जूस पीते लोग। अमृत विचार

### प्यास बुझाने को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

**फतेहपुर।** मानकों को दरकिनार कर चलने वाले वाटर आरओ प्लांट लोगों को पानी भी मानक विहीन पिला रहे हैं। जिसे लोग खुशी से पीकर जहां सेहत खराब कर रहे है वहीं अपनी जेब भी ढीली कर रहे हैं। वहीं पैक्ड वाटर बेचने वाली महज तीन कंपनियां की विभाग में रजिस्टर्ड हैं। जबकि आरओ प्लांट और पैक्ड वाटर की दोआबा में करीब तीन सैकड़ा कंपनी व प्लांट संचालित हो रहे हैं। लघु सिंचाई विभाग में महज सात आरओ प्लांट रजिस्टर्ड हैं जबकि अकेले शहर में ही आधा सैकड़ा से अधिक आरओ प्लांट संचालित किए जा रहे हैं। जहां से बाजार सहित सरकारी व निजी कार्यालयों में पानी की सप्लाई दी जाती है। इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही। खाद्य एवं रसद विभाग की मानें तो दोआबा में जेएस इंटर प्राइजेज चौडगरा क्रूज इंडस्ट्रीज प्रालि मलवां पाउच पैकिंग वाटर एवं आरआरयू इंटरप्राइजेज अयोध्या कुटी शांतीनगर पैक्ड बॉटल व पाउच बनाने के लिए रजिस्टर्ड हैं। लेकिन इससे इतर दोआबा में कई कंपनियां चोरी छिपे पैक्ट वाटर का काम कर रही है।

### प्लांट लगाने के नियम

आरओ प्लांट लगाने वालों को बीआईएस फूड सेफ्टी विभाग का सार्टिफिकेट के साथ भूगर्व जल विभाग की एनओसीए फ्लो व वाटर मीटर रूफ टॉप हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कुल प्रयोग होने वाली पानी की रिपोर्ट देनी होती है। पैक्ड वाटर के लिए उक्त के अलावा प्रदेश सरकार का वाटर टेस्टिंग सार्टिफिकेट होना चाहिए।

केन का पानी फूड सेफ्टी की कैटेगरी में नहीं आता जबकि पैक्ड वाटर के लिए लगातार जांच की जाती है। अभियान चलाया जाएगा। बिना रजिस्ट्रेशन पैक्ड वाटर बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

–देवेंद्र पाल सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय

कार्रवाई पर मंथन चल रहा है। जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई भी आरओ प्लांट बिना आवश्यक दस्तावेजों के मानकों के अनुसार नहीं चलता पाया जाता तो नोटिस भेज कार्रवाई की जाएगी।

–एसबी सिहं, एई, लघु सिंचाई

# भीषण गर्मी में 10-15 घंटे ही बिजली की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक भीषण गर्मी में बिजली का संकट खड़ा हो रहा है। जर्जर उपकरण होने के कारण जहां लोड बढ़ते ही फाल्टों का सिलसिला चल रहा हैए वहीं फाल्ट आने में लगने वाले समय के चलते अघोषित कटौती व होने वाली ट्रिपिंग से उपभोक्ता हलकान हो रहे हैं। कमोवेश ग्रामीणांचलों में कहीं दस तो कहीं 15 घंटे की ही आपूर्ति मिल पा रही है।

शहर के आबूनगर सहित राधानगर उपकेंद्र से पोषित होने वाले फीडरों में होने वाली फाल्ट के कारण 24 घंटे में करीब छह से आठ घंटे आपूर्ति बाधित रहती है। उस पर लगातार होने वाली ट्रिपिंग क कारण उपभोक्ताओं को परेशानियां उठानी पड़ रही है। वहीं शांतीनगर उपकेंद्र बेरुईहार उपकेंद्र हरिहरगंज उपकेंद्र आदि में भी फाल्ट आने के दौरान आपूर्ति बाधित होने से पीने के पानी का भी संकट खड़ा हो रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि आपूर्ति सुचारू किए जाने के बावत उपकेंद्र में तैनात कर्मचारियों को जानकारी दिए जाने के बावजूद समय से फाल्ट बनाए जाने में लापरवाही बरती जा रही है। वहीं बकेवर,देवमई उपकेंद्रों में चौबीस घंटे में कहने को तो 16 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लेकिन जर्जर तार होने के कारण लोड पड़ते ही तार टूटकर गिरने का सिलसिला चलने के कारण किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने में परेशानियां हो रही है। वहीं चौडगरा स्थित बिंदकी रोड उपकेंद्र में महज दस घंटे की आपूर्ति हो रही है उस पर भी आधा दर्जन से अधिक बार ट्रिपिंग होती है, साथ ही फाल्ट भी होते रहते हैं।




- बार ट्रिपिंग से धन की नर्सरी बनी बाधा

# बिंदकी के कई मोहल्लों में खुले में बहा रहे मैला

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ओडीएफ प्लस का तमगा हासिल नगर पालिका बिंदकी की सच्चाई स्वच्छ भारत मिशन अभियान का सच खोल रही है। सारे घरों में इज्जतघर बने होने और खुले में शौच मुक्त करने के दावे हवा हवाई दिख रहे हैं। हाल यह है कि कई मोहल्लों में पहले की तरह खुले में शौच की जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद रिहाइशी बस्तियों में मल बहाया जा रहा है।

जिले की बिंदकी नगर पालिका में हाउस होल्डर की तादाद छह हजार 700 की है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 में व्यावसायिक नगरी बिंदकी में 1053 शौचालय बनाने का लक्ष्य मिला था। जिस पर काम भी हुआ लेकिन कई परिवार शौचालय के आच्छादन से चूक गए। हाल यह है कि निकाय के कागजी दावे पर सरकार की तरफ से वर्ष 2019 में ओपीएफ व 2020 में ओडीएफप्लस घोषित कर दिया गया लेकिन हकीकत में इसका सच चौंकाने का काम कर रहा है। बेशक, निकाय ने लक्ष्य पर काम किया और शौचालय बनवाए, लेकिन कई आवास अभी भी इज्जतघर की सुविधा से वंचित नजर आ रहे हैं। हाल यह है कि इन घर से मल बहाया जा रहा है।

बकायदा इसकी गवाही सुबह व शाम गंध से बदबू मारती नालियां दे रही हैं। खासकर मुस्लिम बहुल बस्तियों में अभी भी नालियों में मल बह रहा है। पुरानी बिंदकी उप डाकघर के पास के दो घरों का मैला अरसे तक बहता रहा।

### गंदगी के कारण बस्ती में गंदे जानवरों की दखल

खुले में मल बहाए जाने के कारण गंदे जानवरों का बस्तियों में स्वच्छंद विचरण देखने को मिल रहा है। गंदे जानवरों को इन ठिकानों पर सारा दिन देखा जा सकता है। इसके बावजूद निकाय को यह समस्या नजर नहीं आ रही है। कजियाना की राशिदा का कहना है कि गंदगी के कारण इन जानवरों ने जीना हराम कर रखा है। कोई देखने सुनने वाला नहीं है।

नगर पालिका के ओडीएफ प्लस होने के बाद बहाए जाने वाले मैले की निकाय स्तर पर जांच कराई जाएगी। ऐसे लोगों को चिह्नित कराए जाने के साथ नोटिस दी जाएंगी। स्वच्छता अभियान पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

–अभिजीत, एसडीएम

# संदिग्ध हालात में युवती ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, फतेहपुर

- मृतका के चाचा ने ससुरालीजनों पर हत्या का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐलई में रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में 24 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चाचा ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार चित्रकूट जनपद के थाना कर्बी कंधईपुर निवासी फूलचंद्र ने अपनी पुत्री गोमती देवी की शादी 20 फरवरी 2023 को ऐलई गांव निवासी धर्म सिंह के पुत्र विनोद लोधी के साथ की थी। बताते हैं कि शनिवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चाचा विक्रम सिंह ने बताया कि शादी के बाद से ही पति सहित ससुरालीजन दहेज में गाड़ी व रूपयों की मांग को लेकर आए दिन उसकी भतीजी को मारते-पीटते थे। यही नहीं कई-कई दिन भूखा-प्यासा रखते थे। मांग पूरी न होने पर शनिवार की शाम ससुरालीजनों ने पहले उसकी भतीजी को मारने-पीटने के बाद हत्या कर दी बाद में आत्महत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। उसने बताया कि भतीजी का शव फांसी पर लटका था लेकिन उसका पैर व घुटना जमीन को छू रहा था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या कर शव को लटकाया गया है।

# बढ़ते तापमान के साथ हृदय रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जून में पारा 44 डिग्री के पार चल रहा है। बढ़ते तापमान के साथ अब हृदय रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इनमें अधिकतर उच्च या निम्न रक्तचाप के मरीज शामिल हैं। विशेषज्ञों की मानें तो हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ने की सबसे बड़ी वजह तापमान का बढ़ना है। प्रचंड गर्मी से शरीर में सोडियम व पोटेशियम का स्तर तेजी से ऊपर नीचे हो रहा है। इससे लोगों को अनियमित धड़कन, घबराहट, उलझन जैसी दिक्कतें आ रही हैं। इन्हें नजरअंदाज करना कई लोगों के लिए घातक भी साबित हो रहा है।

उच्च तापमान का असर अब शरीर पर भी पड़ने लगा है। किडनी, हृदय जैसे शरीर के मुख्य अंग इसकी चपेट में हैं। ऐसे में काफी संख्या में हृदय संबंधी दिक्कतों से परेशान मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन दिनों ईसीजी कक्ष में रोजाना 30 से 40 मरीजों की जांच की जा रही है। पिछले साल इस मौसम में महज 15-20 मरीज ही इसीजी जांच के लिए अस्पताल पहुंचते थे। ऐसे में यह संख्या करीब दोगुनी होने को है। डॉक्टरों के अनुसार उच्च तापमान से मरीजों में पोटेशियम और सोडियम के स्तर में कमी देखने को मिल रही है। इसका असर ब्लड प्रेशर पर भी पड़ता है। वहीं गर्मियों में सर्दियों की अपेक्षा रक्त संचार भी प्रति मिनट दुगना या चौगुना हो जाता है। इससे हृदय प्रणाली पर अधिक दबाव पड़ता है और हृदय सामान्य मौसम की अपेक्षा अधिक रक्त पंप करता है। ऐसे में अचानक ब्लड प्रेशर घटना या बढ़ना जानलेवा साबित हो सकता है। इससे हृदय को टेकीकार्डिया होने की संभावनाएं है।



जिला अस्पताल में मरीजों की लगी लाइन। अमृत विचार

### जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं

अनियमित दिनचर्या और खानपान से हृदय रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं उच्च तापमान भी अब लोगों को दिल का मरीज बना रहा है। ऐसे में जिला अस्पताल आने वाले हृदय रोगियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इसके बाद भी अबतक अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। यहां तैनात हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में एक डॉक्टर ही मरीजों को देख रहे हैं। कई बार शासन से कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती करने की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी अबतक हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। ऐसे में मरीज लखनऊ, कानपुर की भागदौड़ कर निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराने को मजबूर हैं।

### ऐसे लोग बरतें सावधानी

कुछ आयु वर्ग और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोग गर्मी से संबंधित जटिलताओं के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। बुजुर्गों में इसकी जटिलताओं के मामले अधिक रिपोर्ट किए जाते हैं। ऐसे लोगों को अत्यधिक पसीना आने, कमजोरी, चक्कर आने, मतली और उल्टी जैसे लक्षणों को लेकर विशेषतौर पर सतर्कता बरतते रहने की आवश्यकता है। डॉक्टर के मुताबिक ऐसे में नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करते रहें। वहीं सर्दी के मौसम में ब्लड प्रेशर बढ़ने की संभावना अधिक होती है। इससे डॉक्टर ब्लड प्रेशर के रोगियों को उसी अनुपात में दवा देते हैं। गर्मी होने पर कई बार यह मात्रा अधिक साबित होती है और मरीज को दिक्कत होती है। ऐसे में किडनी और हृदय रोगी डॉक्टर से परामर्श कर दवा का डोज एडजस्ट करा ले।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह

हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित करने के लिए एक्राइन ग्रंथियों के जरिए रोम छिद्र के जरिए पसीना शरीर से बाहर निकलता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे रक्त गाढ़ा हो जाता है और जिन लोगों के हृदय में ब्लॉकेज होते हैं उनमें हार्ट अटैक होने का खतरा हो जाता है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। पसीना निकलने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाती है। प्यास लगने पर ओआरएस, इलेक्ट्रॉल का घोल भी पीते रहे। बाहर का भोजन खाने से परहेज करें और कम प्रोटीन, वसा युक्त हल्का भोजन लें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लें।

- पसीना बहने से शरीर में पानी घटने की हो सकती समस्या

### स्वस्थ रहने के लिए यह उपाय जरूर करें मरीज

- डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीज गर्मी से बचाव करें। धूप और लू से बचकर रहें।
- दिन भर में खूब सारा तरल पदार्थ पिएं, भले ही आपको प्यास न लगे पानी पीते रहें।
- दोपहर 12 से तीन बजे तक तेज धूप के दौरान व्यायाम करने या घरों से बाहर जाने से बचें।
- मौसम के हिसाब से कपड़े पहनें। सूती और ढीले-ढाले वस्त्रत् आपको गर्मी से बचाते हैं।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए घर का बना ताजा और पौष्टिक आहार का सेवन करते रहें।

# पुल के पास नहीं, बन रही सड़क

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

- बारिश के दिनों में स्कूली बच्चों को आने-जाने में होगी दिक्कत

**अमृत विचार।** कस्बा व दादों के बीच यमुना नदी में बने पुल के मार्ग से महावतपुर -असहट को जाने वाला मार्ग बरसात के दिनों में राहगीरों के लिए समस्या पैदा करेगा। बरसात से पहले अगर इस मार्ग को दुरुस्त नहीं कराया गया तो निकलना दूभर हो जाएगा। करीब दर्जन भर गांवों के लोगों को समस्या झेलनी पडेगी।

किशनपुर कस्बे व दादों के बीच यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण कराया गया है। पुल निर्माण से फतेहपुर व बांदा जनपद का आवागमन सुगम हो गया है। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की सुस्ती के चलते खराब हुई सड़क की मरम्मत नहीं करायी गई जिससे दर्जन भर ग्रामीणों के लिए बरसात के दिनों में समस्या बन सकती। बताते चलें कि महावतपुर-असहट को जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण हुआ था। उसी सड़क के बीच से मिट्टी पुराई कर पुल का निर्माण करा दिया गया। पुल निर्माण के बाद महावतपुर -असहट के लिए दूसरा मार्ग बनाया गया। जिसमें अभी धूल उड़ रही है। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस सड़क पर भी करीब 200 मीटर काम कराना है।

शासन द्वारा विभाग को बजट भी उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन विभागीय सुस्ती के चलते अभी भी इस मार्ग पर मिट्टी पुराई के साथ-साथ पक्की सड़क का निर्माण होना बाकी है। क्षेत्र के यमुना तटवर्तीय इलाके के गांवों के लिए किशनपुर से गुरुवल मार्ग इकलौता मुख्य मार्ग हैं, जो पूरी तरीके से ध्वस्त पड़ा है।

सड़क की डिटेल हमारे पास नहीं है। इस सम्बन्ध में जेई को जानकारी होगी।

– अनिल कुमार सील अधिशासी अभियंता

# जहानाबाद कस्बे में लगे वाटर कूलर बने शोपीस

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जहानाबाद नगर पंचायत की लापरवाही के चलते नगर क्षेत्र के अंदर लगे लगभग दो दर्जन फ्रीजर पूरी तरह से धड़ाम पड़े हुए हैं जिससे राहगीरों को पानी पीने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नगर के अंदर विभिन्न मोहल्ले में जगह-जगह लोगों को ठंडा पानी मुहैया करने के उद्देश्य से जगह-जगह फ्रीजर लगवाए गए थे जिससे नगर वासियों एवं राहगीरों को गर्मी के दिनों में ठंडा पानी पीने को मिल जाता था लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के चलते इस साल गर्मी में लगभग सभी वाटर कूलर बंद पड़े हैं जिनमें कई वाटर कूलरों के उपकरण ही गायब हो गए हैं खासकर कुछ जगहों पर लगाए गए वाटर कूलर लोगों के लिए अति उपयोगी साबित होते थे जैसे जहानाबाद बस स्टॉप के पास लगा वाटर कूलर जिससे हजारों आने जाने वाले रागीरों की प्यास बुझती थी लेकिन तीन-चार वाटर कूलर छोड़कर बाकी सारे वाटर कूलर खराब पड़े हुए हैं खासकर मलकपुर में लगे वाटर कूलर की दोनों टंकियां गायब हो गई हैं एवं मंडी समिति के पास लगे नलकूप के बगल में वाटर कूलर का कंप्रेसर ही गायब कर दिया गया है वही जहानाबाद के प्रसिद्ध मजार शाहजमालु औलिया के पास लगा वाटर कूलर जो यहां आने वाले श्रद्धालुओं की प्यास बुझाता था वह पूरी तरह निष्क्रिय पड़ा हुआ है यह वाटर कूलरों के खराब होने के वजह से जहां एक तरफ रहगीरों को पीने की पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है वहीं पर धार्मिक स्थलों पर लगे वाटर कूलरों के चालू न होने से वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है अगर सूत्रों की माने तो सूत्रों का कहना है कि यह वाटर कूलर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा नगर पंचायत के ही मध्य से लगवाए गए थे लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते शायद वर्तमान नगर अध्यक्ष का ध्यान इन वॉटर कलरों की तरफ नहीं जा रहा है लेकिन यहां राजनीतिक प्रतिद्वंदाता से बढ़कर आम जनमानस की प्यास है और जिन वाटर कूलरों के टंकियां व अन्य उपकरण गायब हुए हैं उसकी नगर पंचायत अभियंता द्वारा ना ही कहीं शिकायत दर्ज कराई गई है और ना ही इन वॉटर कूलरों की तरफ कोई तवज्जो दी गई है अगर इसी तरह यह वाटर कूलर बंद पड़े रहे तो आने जाने वाले राहगीरों को एवं नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों को इसी तरह मुफ्त ठंडा पानी पीने की समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा और राजगीर बूंद बूंद पानी को तरसते हुए इधर-उधर भटकते रहेंगे।



मलिकपुर मैं स्थित वाटर कूलर का टंकी व फ्रीजर दोनों गायब। अमृत विचार

लापरवाही | उचित ढंग से निस्तारण न होने पर हानिकारक होता है बॉयो मेडकल वेस्ट

# खुले में फेंके जा रहे मेडकिल कचरे से खतरा

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जहां योगी सरकार कटिबद्ध है वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अव्यवस्थाओं का शिकार नजर आ रहा है। मेडिकल कूड़ा निपटान का हश्र देखते बन रहा है। जबकि बॉयो मेडिकल कचरा के लिए स्टोर बना है लेकिन वहां पर खतरनाक कचरा पहुंचाने के बजाय खुले में फेंक दिया जा रहा है। जिससे मरीज व तीमारदारो की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का हाल देखते बन रहा है। जगह जगह कूडा नजर आ रहा है। ऐसा प्रतीत होतो है कि मानो नियमित रूप से कभी कैंपस की सफाई नहीं होती है। और न ही मेडिकल कचरे का निपटान अपने उचित स्थान से हो पा रहा है। हाल यह है कि खतरनाक मेडिकल कचरा बजाय स्टोर पहुंचाने के खुले में फेंक दिया जा रहा है। बायो मेडिकल कचरा स्टोर का शटर काफी दिनों से ताला से जकडा है। इस कचरे में काँच व प्लास्टिक की ग्लूकोज की बोतलें इंजेक्शन और सिरिंज दवाओं की खाली बोतलें व उपयोग किए गए आईवी सेटए दस्ताने और अन्य सामग्री होती हैं। इसके अलावा इनमें विभिन्न रिपोर्टेंए रसीदें व अस्पताल की पर्चियाँ आदि भी शामिल होती हैं। अस्पतालों से निकलने वाला कचरा काफी घातक होता है। खुले में फेंकने से प्रयोग की गई सूई और दूसरे उपकरणों के पुनः इस्तेमाल से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। सामान्य तापमान में इसे जलाकर खत्म भी नहीं किया जा सकता है। अगर इस कचरे को 150 डिग्री सेल्सियस के निर्धारित तापमान पर भस्म नहीं किया जाता है तो यह लगातार हानिकारक डायोक्सिन और फ्यूरान्स जैसे आर्गेनिक तत्व पैदा करता है। जिनसे कैंसर प्रजनन और विकास संबंधी परेशानियाँ पैदा हो सकती हैं। ये न केवल रोग प्रतिरोधक प्रणाली और प्रजनन क्षमता पर असर डालते हैं बल्कि ये शुक्राणु भी कम करते हैं और कई बार मधुमेह का कारण भी बनते हैं।

- प्रयोग की गई सुइयों और दूसरे उपकरणों से फैल सकती हैं संक्रामक बीमारियां

### कंडोम बाक्स में तंबाकू के पाउच

नि :शुल्क कंडोम उपलब्ध कराने व परिवार नियोजन के लिये सीएचसी में एक कंडोम बाक्स लगाया गया है। कुछ दिन तक तो यह बाक्स उपयोगी नजर आया। बाद में यह निरर्थक बनकर रह गया। मौजूदा वक्त इस बाक्स में कंडोम की जगह पान मसाले में खायी जाने वाली तंबाकू के पाउच भरी पड़ी है।

### रैन बसेरा भी बना बेमकसद

सीएचसी में तीमारदारों के लिये रैन बसेरा का भी निर्माण कराया गया था। ताकि ग्रामीणांचलों से आये रोगियों के साथ तीमारदारों को रात ठहराव के लिये किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। रैन बसेरा का यह आलम है कि वहां पर रात्रि ठहराव के लिये किसी प्रकार की व्यवस्थाएं नहीं हैं। ऐसे में तीमारदारों को रात भर जागकर समय काटना पडता है। रैन बसेरा में व्याप्त गंदगी से बुरा हाल है। बिल्डिंग की पुताई न होने से व रैन बसेरा का बोर्ड लगने से पहचान करने में भी दिक्कत होती है।

# सड़क हादसों में तीन घायल

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के धनीपुर गांव निवासी मेधा का 26 वर्षीय पुत्र सतेंद्र अपने साथी दुर्गेश पुत्र दुर्गा 24 वर्ष के साथ बाइक से बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहां स्थित ईंट भट्ठे से वापस आ रहा था। जैसे ही ये लोग जोनिहां चैराहा से आगे बढ़े तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। राधानगर थाना क्षेत्र के रारा चांदपुर गांव निवासी महेंद्र पाल का 24 वर्षीय पुत्र अनुराग बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था जब वह जयरामनगर चैराहे पर पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने सतेंद्र व दुर्गेश को कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# ऑनलाइन नशीली दवा बेचने पर शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** दवा विक्रेताओं को नशे संबंधी और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करना आसान नहीं होगा। केंद्र ने आनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों पर शिकंजा कस दिया है। अब वे मनमाने ढंग से दवाएं नहीं बेच पाएंगे। यह दीगर है कि जो मौका ए हालात यह है कि शिकंजा कसे जाने के बावजूद काला कारोबार अभी भी किया जा रहा है।

ई-फार्मा कंपनियां दवा बाजार से 80 प्रतिशत तक रियायती दरों पर दवाइयां मुहैया कराने का दावा करती थीं। कोई भी कैसी भी दवा आसानी से घर बैठे मंगवा सकता था। इधर औषधि विभाग ने नशे और प्रतिबंधित दवाओं के कारोबारियों पर लगाम कसना शुरू कर दिया था। नशे संबंधी और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर नकेल कसने के लिए प्रदेश में छापेमारी और गिरफ्तारी भी की गई। सूत्रों की मानें तो दवाओं के काले कारोबार में लगे सौदागरों ने आनलाइन कंपनियों का दामन थामा। यहीं से सप्लाई करने लगे।

ई-फार्मा कंपनियां पहले से मोनोपाली की दवाइयां बेचती रही हैं। इनके अलावा नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाएं सेक्सवर्धक गर्भ जांच किट गर्भपात किट दवाएं भी आसानी से मिल रही थीं। जबकि इनकी बिक्री प्रतिबंधित है। अब केंद्र ने इन पर शिकंजा कस दिया है। इस तरह की दवाइयों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। सरकार के इस फरमान के बाद से जिले में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं को बेचने वालों को बड़ा झटका लगा है।

### बिना डॉक्टर के पर्चे नहीं मिलेगी

दवा विक्रेताओं के साथ लोगों का भी फायदा होगा। गलत दवा होने पर वह कैमिस्ट को पकड़ सकते हैं। ई .फार्मा में ऐसा नहीं था। गलत लोग अब प्रतिबंधित दवाएं नहीं खरीद पाएंगे। डाक्टर के बिना पर्चे नारकोटिक्स की दवाएं भी नहीं मिलेंगी।

### प्रिंट रेट से अधिक पर बेची जाती दवाएं

दवा के कारोबार में खेल ही खेल है। आम आदमी के लिए नकली और असली का फर्क समझना आसान नहीं रहा। नकली दवाओं में प्रोटेंसी कम होने से जहां मरीज को दवा खाने के बाद लाभ नहीं मिलता वहीं जेब भी ढीली हो रही है। इसका फायदा उठाने में दवा विक्रेता पीछे नहीं रहे।

### औषधि प्रशासन खामोश

दवा के अवैध कारोबार में ड्रग्स विभाग की खामोशी मरीजों और तीमारदारों के हित में नहीं है। दवा विक्रेता बिना फार्माशिष्ट अप्रशिक्षित लोगों को रख कर दवाएं बिकवाते है। दवा खरीदते समय मरीज या उनके तीमारदारों को बिल भी नहीं दिया जाता है। गलत दवा सेवन से मरीज के जोखिम में पड़ने पर दवा विक्रेता भी अपना पल्ला झाड़ लेते है।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में दो लावारिस मरीजों की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** लावारिस अवस्था में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती दो मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई। कॉलेज प्रशासन ने पोस्टमार्टम के साथ शिनाख्त कराने के लिए पुलिस को सूचना दी। जिला अस्पताल व तालग्राम सीएचसी में लावारिस हालत में भर्ती दोनों मरीजों को सही से उपचार मिल सके इसलिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। एक की रविवार की देर शाम मौत हो गई जबकि दूसरे ने सोमवार की सुबह दम तोड़ दिया। घटना को लेकर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराने की मांग

**गुरसहायगंज।** ग्राम तालग्राम सेवानिवृत्त इंजीनियर ललित त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि गांव की मुस्लिम और जाटव बस्ती में भेदभाव से कार्य कराया जा रहा है। यहां छह महीने से नालियों की सफाई नहीं कराई गई। सफाई कर्मी ड्यूटी पर नहीं आते हैं। गांव की पेयजल व्यवस्था ध्वस्त है। खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से भी समस्या की शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से विकास कार्य व सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने की मांग की है।

### सपा युवजन सभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सराफान स्थित गूदरगढ़ा तालाब पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाए जाने की मांग की गई थी, जिस पर समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद फारुकी ने प्रशासन से सुंदरीकरण के नाम पर किसी भी गरीब का घर ना उजाड़े जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब पर जुल्म हुआ तो सपा युवजन सभा आंदोलन करेगी। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व उप जिलाधिकारी से इसमें हस्तक्षेप की मांग की है।

### श्रम विभाग ने मुक्त कराए दो बाल श्रमिक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रम विभाग व पुलिस की मानव तस्करी निरोधक टीम ने शहर में अभियान चलाकर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकानदारों को चेतावनी दी। टीम ने दुकानदारों और व्यापारियों को जागरूक किया और बाल श्रम निरोधक कानून के बारे में जानकारी दी। सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद कुमार नेगी, मानव तस्करी निरोधक थाना के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह की टीम ने शहर के बसस्टैंड, पश्चिम बाईपास, मेन मार्केट, पूर्वी बाईपास मार्केट, होटल, ढाबों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग की दुकानों अन्य स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

# 13 सदस्यीय विलेज एक्शन कमेटी करेगी 'बूंद-बूंद' पानी की रक्षा

## प्रधानमंत्री हर घर नल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में गठित की गई समिति


अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री हर घर नल योजना का विस्तारीकरण किया गया है, जिसमें गांव में बूंद-बूंद पानी की रक्षा की जिम्मेदारी विलेज एक्शन कमेटी की होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधान की अध्यक्षता में एक 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करेगी और इसकी दस साल तक देखरेख की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की रहेगी।

जनपद के आठ ब्लॉकों की 499 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 316 स्कीमें काम कर रहीं हैं, जो प्रत्येक घर तक पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगीं। गांव में पानी की टंकी और नलकूप की व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही, इसके लिए विलेज एक्शन कमेटी का गठन किया गया है। इसमें ग्राम प्रधान को अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत अधिकारी को सचिव, चार फिटर, दो इलेक्ट्रीशियन व चार प्लंबर समेत एक पंप ऑपरेटर को नामित किया गया है।

गांव में प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी इनकी होगी और पाइप लाइन लीकेज से पानी बर्बाद न हो, इसकी भी चिंता करनी कमेटी के सदस्यों को करनी होगी। बूंद-बूंद पानी की रक्षा के लिए कमेटी के पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे।




उमर्दा ब्लॉक के बेहरापुर गांव में नवनिर्मित पानी की टंकी। अमृत विचार

कार्यदायी संस्था और ग्राम पंचायत करेंगे दस साल तक देखरेख

13 सदस्यीय कमेटी की अध्यक्षता की गई ग्राम प्रधान के हवाले




### प्रधानों को कार्ययोजना बनाने के दिए गए निर्देश

- जल निगम के अवर अभियंता आशीष गुप्ता ने बताया कि विलेज एक्शन कमेटियों के गठन के बाद प्रधानों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जहां ओवरहेड टैंक चालू हो गए हैं, वहां हर घर तक पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कमेटी व कार्यदायी संस्था की होगी। इसके लिए जल निगम की तरफ से सभी सहायक अभियंताओं व अवर अभियंताओं को ब्लॉकवार पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।



जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री हर घर नल योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में विलेज एक्शन कमेटी का गठन किया गया है। कार्यदायी संस्था और कमेटी की जिम्मेदारी होगी कि कोई भी घर पानी से वंचित न रहे। इसके अलावा पानी की एक-एक बूंद की रक्षा की जिम्मेदारी भी होगी।

–सर्वेश कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम

### खड़े ट्रक में घुसी डीसीएम चालक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हाईवे पर खराब खड़े ट्रक में तेज रफ्तार डीसीएम पीछे से घुस गई। रविवार देर रात हुए हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस व हाईवे कर्मियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

सुल्तानपुर के थाना कूड़ेभार ग्राम गुफ्तारगंज निवासी ट्रक ड्राइवर शिव शंकर (35) कानपुर से ट्रक में आलू लादक जा रहा था। रविवार की देर रात समधन अंडरपास के निकट पहुंचा तभी ट्रक में खराबी आ गई। ड्राइवर ट्रक को हाईवे पर खड़ा कर उसे सुधारने का प्रयास करने लगा।

रात लगभग 12.30 बजे गाजियाबाद से डेयरी से दूध लेकर लालगंज (कानपुर) जा रही तेज रफ्तार डीसीएम, ट्रक में पीछे से जा घुसी। इससे डीसीएम चालक अमित कुमार (28) की मौके पर मौत हो गई। मैनपुरी थाना ओरछा ग्राम दलीपपुर निवासी क्लीनर उदयभान (30) बाल-बाल बच गया। घटना की जानकारी होने पर हाईवे कर्मी मौके पर पहुंच गए और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डीसीएम के चालक और क्लीनर को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद हाईवे कर्मियों ने क्षतिग्रस्त ट्रक व डीसीएम को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।



रेलवे स्टेशन पर तलाशी लेते आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ओपी मीणा। अमृत विचार

# आतंकी हमले को लेकर ट्रेनों में अलर्ट, हुई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आरपीएफ के जवानों ने संदिग्ध लोगों की ली तलाशी
- सीट के नीचे और बर्थ पर रखे सामान की पड़ताल की

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रेलवे ने अलर्ट जारी करते हुए आरपीएफ व जीआरपी को चेकिंग करने के निर्देश दिए। आरपीएफ जवानों ने ट्रेनों में संदिग्ध लोगों की तलाशी ली और सीटों के नीचे व बर्थ पर रखे सामान को खंगाला। शाम तक कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिला।

सोमवार को अलर्ट के चलते रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल थाना के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश मीणा के नेतृत्व में जवानों ने रेलवे स्टेशन पर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। इसके बाद गुजरने वाली सभी ट्रेनों में चेकिंग की गई। शाम तक अभियान चला, लेकिन कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। विदित हो कि जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। इसको देखते हुए रेलवे ने अलर्ट जारी कर दिया और सभी ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग करने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक ओपी मीणा ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा। ट्रेनों में चलने वाला स्टाफ भी नियमित रूप से चेकिंग कर रहा है।

### कल से 26 तक चलेगा नशा विरोधी पखवाड़ा

**कन्नौज।** बुधवार 12 जून से 26 जून तक नशा विरोधी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसको लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अभियोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने संयुक्त रूप से नशा विरोधी पखवाड़ा की तैयारियां पूर्ण करते हुए जागरूकता के कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। पॉक्सो अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण के धीमी गति से निस्तारण पर अपर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि पा योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी पैरवी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण कराया जाये।

# पश्चिमी विक्षोभ से छाए बादल, दो डिग्री गिरा पारा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से वायुमंडल में एक चक्रवाती परिसंचरण बना, जिसके प्रभाव से काले बादल छाए रहे। इससे दो डिग्री तापमान गिर गया लेकिन लोगों को गर्मी व उमस से राहत नहीं मिली। दोपहर में लू भी चली, जिसके चलते लोग घरों में कैद रहे और बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा।

सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी की मात्रा 32 प्रतिशत से अधिक रही, जिसके कारण दिन में काफी उमस रही। हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम होने से दोपहर में लू का असर भी देखने को मिला। वहीं, हवा की गति भी आठ किमी प्रतिघंटा रही, जिससे हीटवेब का प्रकोप रहा। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था। सुबह से दोपहर एक बजे तक तेज धूप रही, लेकिन दोपहर में जैसे ही चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव शुरू हुआ तो दक्षिण दिशा से बादलों ने सूरज को घेर लिया। इससे गर्म हवाओं के साथ उमस रही और पसीना भी खूब निकला। शाम तक बादल छाए रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून महाराष्ट्र तक पहुंच गया है, जिसके कारण मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। इस कारण महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों के ऊपर एक ट्रफ रेखा बन गई है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादल छा गए। हालांकि अभी बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन निम्न दाब के कारण कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक मंगलवार को भीषण लू चलने की संभावना है।



गर्मी से बचने के लिए तालाब में नहाते बच्चे। अमृत विचार

### तपिश ने किया बेहाल, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भले ही सोमवार को तापमान में गिरावट के साथ बादल छाये लेकिन दिन में कड़ी धूप ने लोगों को बेहाल किया तो लू से सड़क पर चलना दुश्वार रहा। दोपहर के समय तो सन्नाटे की स्थिति रही। आम तौर पर हमेशा व्यस्त रहने वाला जीटी रोड खाली दिखा। बाजार में सुबह 11 बजे तक तो चहल पहल रही लेकिन फिर शाम 05 बजे तक सन्नाटा नजर आया। जून के महीने में लोगों को पहली बार इतनी गर्मी का एहसास हो रहा है। गर्मी से बचने के लिए बच्चे पानी से अठखेलियां करते नजर आ जाते हैं। डॉ. सुधीर दीक्षित का कहना है कि भीषण लपट में खानपान का विशेष ध्यान रखें। दूषित भोजन व जल का सेवन करने से बचें। ताजा भोजन करें तथा धूप में निकलने से बचें। धूप में निकलने से पहले तौलिया, अंगौछा ओढ़कर निकलें।

## सार-संक्षेप

### आतंकी हमले में मृत तीर्थयात्रियों को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मृत तीर्थयात्रियों को लोगों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी और सरकार से आतंकवादियों पर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को बनवारी नगर स्थित उड़ान संस्कारशाला में बच्चों ने श्रद्धालुओं को मोमबत्ती जलाकर, उनकी आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि बेकसूर लोगों की हत्या अत्यंत निंदनीय कृत्य है। सरकार को इस दिशा में कठोर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान दिशा, त्रिशिका, आध्या, कार्तिका, नैतिक, तेजस, अर्पण, शरद, गुड्डू, लकी, अभिनव, अंश, एंजल मौजूद रहे।



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते बच्चे। अमृत विचार

### युवा कवि अरुण चक्रवर्ती बदायूं में सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संस्कार भारती के बिसौली बदायूं ब्रज प्रान्त में कला एवं साहित्य अखिल भारतीय संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी युवा कवि अरुण चक्रवर्ती ब्रजकिशोर को संस्कार भारती कला एवं साहित्य अखिल भारतीय संस्था के अध्यक्ष डॉ. रूपेश आय ने मोमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कवि हरगोविंद पाठक (दीन), विष्णु असावा, विजय सक्सेना, कृष्णा गुप्ता, विपिन कुमार गर्ग, विजय, मुकेश अग्रवाल, मुकेश शंखवार, अरुण गुप्ता मौजूद रहे।




सम्मान प्राप्त करते युवा कवि अरुण चक्रवर्ती।

### समधन में सम्मानित किए गए बिजली योद्धा

**गुरसहायगंज।** सोमवार को कस्बा समधन में पूर्व सभासद अतीक हुसैन ने बिजली व्यवस्था में सुधार होने पर हर्ष जताया। उन्होंने एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार की सराहना की। इसी के चलते पूर्व सभासद ने आंदोलन करने वाले राशिद हुसैन, अब्दुल, शानू, कैफ, सभासद आजम, समीउद्दीन, अमन सिद्दीकी, अल्तमस, रिजवान, फौजी, सभासद छोटे, सद्दाम का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।



सम्मानित होने के बाद हर्ष जताते बिजली योद्धा।

# सड़क हादसों में दो मजदूरों की मौत, एक घायल

संवाददाता, छिबरामऊ /तालग्राम

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर व मिक्सर मशीन लेकर जा रहे मजदूरों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। तालग्राम में हुए हादसे में भी मजदूर की मौत हो गई।

फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी ओमकार (60) मजदूरी करके अपने परिवार का भरणपोषण करता था। सोमवार की सुबह वह अन्य मजदूरों के साथ ग्राम उदैयापुर की मिक्सर मशीन ट्रैक्टर से लेकर लिंटर डालने जा रहा था। जीटी रोड स्थित प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे ओमकार व एक अन्य मजदूर अखिलेश उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर व मशीन लेकर तथा अन्य मजदूर मौके भाग गए। राहगीरों ने दोनों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने ओमकार को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

तालग्राम संवाददाता के अनुसार मैनपुरी के थाना घिरोर ग्राम कलोर निवासी अनार सिंह (40) तालग्राम के गांव मायापुर्वा निवासी अपनी बहन कोकिला पत्नी राजेंद्र के यहां रहकर मजदूरी करता था। रविवार की रात वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट स्थित तेराजाकेट रोड पर वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे गंभीर रूप से घायल हो गया। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



सौ शैय्या अस्पताल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

# कब्रिस्तान में नहीं दफन होने दिया शव, पहुंचे अधिकारी

**छिबरामऊ।** सोमवार को कस्बा विशुनगढ़ में साबिर हुसैन का शव दफन करने के लिए परिजन धीरपुर स्थित कब्रिस्तान पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने विरोध किया और शव दफनाने से रोक दिया। साबिर हुसैन के पुत्र सद्दाम ने सूचना प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को दी, जिस पर एसडीएम उमाकांत तिवारी व सीओ ओमकारनाथ शर्मा मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शव को दफन करवा दिया। एसडीएम ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि विवादित है, जिसमें एक पक्ष मुकदमा जीत चुका है। भूमि की पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार व लेखपाल को निर्देश दिए गए हैं। यदि कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण मिला तो हटवाया जाएगा। ग्राम धीरपुर में बने कब्रिस्तान में एक तरफ यादव लोग हैं तो दूसरी तरफ मुस्लिम। यादव समाज का कहना है कि वह मुकदमा जीत चुके हैं, जिसमें मुस्लिम पक्ष पर कार्रवाई भी हो चुकी है और प्रशासन ने उन्हें कब्जा दिलाया था।

अमृत विचार विशेष

गंगा कटरी इलाके में तरबूज का बंपर उत्पादन, 6500 मीट्रिक टन का निर्यात, नेपाल के रास्ते पाकिस्तान के कई शहरों में भेजा जाता है इत्रनगरी का फल

# नेपाल को भा रही कन्नौज के 'सेंचुरी' तरबूज की मिठास

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूं तो कन्नौज इत्र और इतिहास की नगरी की रूप में जाना जाता है, लेकिन देश में तरबूज उत्पादन में भी इसका अग्रणी स्थान है। सुगंध नगरी की मिट्टी में पैदा होने वाले तरबूज 'सेंचुरी' और 'रामधारी' की मिठास देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहुंच चुकी है। पड़ोसी देश नेपाल को प्रतिदिन यहां से एक हजार क्विंटल तरबूज भेजा जा रहा है और वहीं से पाकिस्तान के कई शहरों में भी जाता है।

पतित पावनी मां गंगा केवल पाप ही नहीं धुलतीं हैं, बल्कि हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी से कम नहीं हैं। गंगा की कटरी में करीब डेढ़ हजार एकड़ से अधिक जमीन पर तरबूज का बंपर उत्पादन होता है, जो भारत के बड़े शहरों के अलावा नेपाल, पाकिस्तान व अफगानिस्तान तक जाता है। कटरी में फरवरी माह में किसान तरबूज की फसल बोते हैं, जो अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तैयार हो जाती है। कटरी इलाके में कम लागत में तरबूज का बेहतर उत्पादन होता है और आम खेतों के अलावा उसमें मिठास भी अधिक होती है। एक क्विंटल तरबूज की बिक्री से किसानों के करीब 300-500 रुपये आमदनी हो जाती है।

**उत्पादन अधिक होने से मुनाफा हुआ कम:** जिले में गंगा कटरी इलाके में मेहंदीपुर, बक्शीपुर्वा, पैंदाबाद, चौराचांदपुर, अड़ंगापुर, महाबलीपुर, तुलापुर्वा, जुकइया, अलियापुर, सदिकापुर, काशीपुर्वा, कासिमपुर, गुमटिया, सलेमपुर ताराबांगर, चौधरियापुर, भुलभुलियापुर सहित कई गांवों में करीब 500 एकड़ में तरबूज की बंपर पैदावार हुई है। इस बार उत्पादन अधिक होने से तरबूज का भाव गिर गया है, जिससे किसानों को अपेक्षित मुनाफा नहीं हो रहा है।



पूर्वी बाईपास पर ट्रक में तरबूज लोड करते पल्लेदार। अमृत विचार

### विदेशी बाजार में 'सेंचुरी' की मांग अधिक

तरबूज व्यापारी नजर खान ने बताया कि कटरी इलाके में दो वैरायटी के तरबूज होते हैं, एक काले रंग का तरबूज होता है, जिसे 'सेंचुरी' कहा जाता है, काटने पर अंदर लाल निकलता है। यह कई दिन तक खराब नहीं होता है। इसीलिए शॉपिंग माल, जूस कॉर्नर और विदेशों में मांग अधिक है। रामधारी तरबूज जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए उसे भारत के बड़े शहरों में भेजा जाता है। यह तरबूज पाकिस्तान के कराची, लाहौर, रावलपिंडी व इस्लामाबाद जैसे शहरों में भी भेजा जाता है, वहां से अफगानिस्तान भी चला जाता है।

### नीलामी प्रक्रिया से होती है तरबूज की बिक्री

शहर के पूर्वी बाईपास पर निगम मंडी के समीप रेलवे ओवरब्रिज के नीचे तरबूज का बाजार लगता है। किसान ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर तरबूज सुबह लाते हैं, जहां नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से व्यापारी तरबूज खरीदते हैं और उसे ट्रकों में लोड कर नेपाल या भारत के अन्य शहरों में ले जाते हैं। एक ट्रैक्टर ट्रॉली में करीब 22 क्विंटल तरबूज आता है, जिसका धर्मकांटा पर वजन किया जाता है। नीलामी प्रक्रिया से बिक्री होने से कई बार किसानों के अधिक मुनाफा भी हो जाता है।

## बोले व्यापारी



गंगा कटरी के 'सेंचुरी' तरबूज की नेपाल और पाकिस्तान में भारी मांग है। नेपाल से कई व्यापारी यहां आकर तरबूज खरीद ले जाते हैं। अब तक नेपाल 6500 मीट्रिक टन तरबूज भेजा जा चुका है।

–मेराज अहमद सिद्दीकी, आढ़ती कन्नौज



कन्नौज के तरबूज की मिठास अलग होती है और कई दिन तक वाहन में लोड होने पर यह खराब नहीं होता है। नेपाल में इसकी खासी डिमांड है।

–वारिस राईन, व्यापारी, मऊरानीपुर झांसी



'सेंचुरी' तरबूज करीब 40 दिन तक खराब नहीं होता है। नेपाल व पाकिस्तान में इसे कोल्ड स्टोरेज में साल भर संरक्षित कर रखा जाता है। यही वजह है कि इसकी बिक्री अधिक होती है।

–नजर खान
व्यापारी, सिवान (बिहार)




गंगा कटरी में इस साल तरबूज का बंपर उत्पादन हुआ है, जिससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं हो पा रहा है। इस समय 300-500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव तरबूज बिक रहा है।

–सुखदेव सिंह
किसान, भुलभुलियापुर

# सौतेले पिता ने किशोरी से कई बार किया दुष्कर्म

## मां ने किया विरोध तो मारापीटा, तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को भेजा मेडिकल के लिए

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



**अमृत विचार।** किशोरी का सौतेला पिता लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। मां को इस बात की जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। इस पर उसने मां-बेटी के साथ मारपीट की और साथ लेकर गुजरात चला गया। वहां से किसी तरह से छूटकर आई पीड़िता व मां ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी करीब 15 साल पहले क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ हुई थी जिसकी 13 साल पहले हुई दुर्घटना में मौत हो गई। उससे उसके एक पुत्री हुई थी जिसकी आयु इस समय 13 साल है। पति की मृत्यु के कुछ समय बाद उसने ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ दूसरी शादी कर ली। उससे उसके चार बच्चे हैं। पति ने चार साल पहले एक अन्य महिला से दूसरी शादी कर ली थी जिसके कोई संतान नहीं है।

पति दोनों पत्नियों व पांचों बच्चों के साथ ही रहता है। आरोप लगाया कि पति लगातार उसकी बड़ी पुत्री से दुष्कर्म करता रहा और जब उसने विरोध किया तो उसके साथ गालीगलौज-मारपीट करके उसे और पुत्री को लेकर तीन माह पहले गुजरात चला गया। इससे वह मामले की शिकायत न कर सके। वहां भी पुत्री के साथ दुष्कर्म करता था जिसका वह विरोध करती थी। 15 दिन पहले किसी तरह से वह बेटी को लेकर अपने गांव आ गई। अब पति भी गुजरात से आ गया है। रविवार को भी उसने बेटी के साथ गलत काम करने का प्रयास किया।

इस पर उसने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी। ठठिया थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी की डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा से छेड़छाड़, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पाल चौराहा निवासी आरोपी दे रहा जान से मारने की धमकी
- कोतवाली से एसपी दफ्तर तक के चक्कर काट रही छात्रा

**अमृत विचार।** छेड़छाड़ के आरोपी पर कार्रवाई न होने से पीड़ित नर्सिंग छात्रा कोतवाली से लेकर एसपी दफ्तर तक के चक्कर काट रही है। पुलिस के कार्रवाई न करने से आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती एक पैरामेडिकल कॉलेज से नर्सिंग का कोर्स कर रही है। आये दिन पाल चौराहे का युवक रास्ते में रोक कर अश्लील हरकत करता है। विरोध करने पर धमकी देता है। बीते सप्ताह छात्रा के दरवाजे पहुंच गया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुन कर छात्रा की मां घर से निकली और युवक को रोकने का प्रयास किया तो उससे भी मारपीट की। परेशान छात्रा कोतवाली पुलिस के पास पहुंची और युवक के खिलाफ तहरीर दी। दो दिन बाद भी पुलिस न तो जांच करने पहुंची न ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। पीड़िता ने एसपी अमित कुमार आनन्द को भी शिकायती पत्र दिया है। इसके बाद भी न्याय नहीं मिला। छात्रा कोतवाली के चक्कर काट रही है। उसने बताया कि आरोपी रोज घेर रहा है। उसकी परीक्षाएं होने को हैं। यदि आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह परीक्षा नहीं दे पायेगी। एक तरफ पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर तमाम कार्यक्रम चलाती है तो दूसरी तरफ एक छात्रा भटक रही है। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# मक्का की आवक शुरू, अन्य प्रांतों के आढ़तियों ने जिले में डेरा डाला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 2150 से 2175 रुपये प्रति क्विंटल का भाव खुला
- गत वर्ष आई थी पांच लाख क्विंटल ग्रीष्मकालीन मक्का



मंडी कन्नौज में खरीदी गई मक्का का लगा ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन मक्का की आवक शुरू हो गई है। अभी भाव 2150 से 2175 रुपये प्रति क्विंटल खुला है। गुजरात समेत अन्य प्रांतों के व्यापारियों ने आढ़तियों के यहां डेरा डाल दिया है। आगे भाव घटने की उम्मीद है।

जिले में आलू के बाद ग्रीष्मकालीन मक्का प्रमुख फसल किसानों की बन गई है। इससे जहां किसानों को आय अच्छी हो जाती है वहीं वर्ष में दो फसलें मिल जाती हैं। अब मक्का तैयार हो चुकी है। आढतियों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। मक्का की आवक मंडी में शुरू हो चुकी है। प्रभारी मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह का कहना है कि इस बार मक्का का उत्पादन अच्छा हुआ है। बीते वर्ष करीब पांच लाख क्विंटल मक्का मंडी में बिकने आई। इससे सरकार को करीब 50 लाख रुपये टैक्स की आय हुई है। मक्का की आवक शुरू होते ही गुजरात समेत कई प्रांतों के व्यापारियों ने कन्नौज मंडी के आढ़तियों के पास डेरा डाल दिया है।

अभी भाव 2150 से 2175 कोला गया है। आढ़ती राजू गुप्ता का कहना है कि मक्का की शुरुआत है। इस लिये भाव ऊपर चल रहे हैं। मक्का अधिक आने पर भाव 2000 रुपये प्रति क्विंटल आने की उम्मीद है। भाव अच्छा होने से किसानों ने भी मक्का की मड़ाई तेज कर दी है। किसान राम पाल का कहना है कि अभी मौसम ठीक है। बारिश होने पर मक्का भीग जाती है। भीगी मक्का आढ़ती कम दाम पर लेते हैं। इसीलिये किसान मक्का कटाई व मड़ाई में लगे हैं।

# चोरों की तलाश में जुटीं पुलिस की आठ टीमें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिक्षिका के मकान में शनिवार की रात हुई थी 50 लाख की चोरी

**अमृत विचार।** पाल चौराहे पर शिक्षिका के मकान से हुई लाखों रुपये व जेवर चोरी के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। एसपी ने खुलासे को लेकर आठ टीमों का गठन कर दिया है।

मूल रुप से सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव देवधरापुर निवासी शिक्षिका प्रिया अवस्थी का मकान पाल चौराहे पर है। शनिवार की रात वह अपने गांव में थी। मकान में ताला लगा था। तभी दो चोरों ने मकान के साथ कमरों व अलमारी के ताले काट 1.80 रुपये नकद समेत करीब 50 लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिये थे। मामले को एसपी अनिल कुमार आनन्द ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सीओ सदर की अगुवाई में एसओजी समेत सर्विलांस व कोतवाली पुलिस की आठ टीमों को संबंधित चोरी के खुलासे को लगा दिया है। मामले में अभी तक आरोपी हाथ नहीं लगे हैं। मामले में पुलिस अब तक कहां पहुंची इसको लेकर सीओ सदर कमलेश कुमार ने सोमवार को कोतवाली पहुंच कर जानकारी ली। इसके बाद पुलिस को साथ लेकर वह खुद चोरों की तलाश में निकल गये।

पुलिस जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। इसमें दो चोर तो दिख रहे हैं पर उनका चेहरा साफ नहीं है। फिर भी पुलिस दिन के समय रैकी करने वालों को देख रही है। यह पता करने का प्रयास कर रही है कि दिन में मकान के निकट कौन लोग पहुंचे और क्या-क्या देखा? सदर कोतवाली क्षेत्र में इस वर्ष की यह सबसे बड़ी चोरी है। इसको लेकर एसपी भी खासे गंभीर हैं। वह एसओजी प्रभारी से लगातार प्रगति की जानकारी ले रहे हैं।

# गेटवे पोर्टल के खिलाफ प्रधान लामबंद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देकर शासनादेश वापस लेने की मांग की
- राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने कलेक्ट्रेट परिसर में की नारेबाजी



कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते प्रधान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निदेशक पंचायती राज द्वारा जारी किए गए पंचायत गेटवे पोर्टल के शासनादेश को लेकर जिले के ग्राम प्रधान लामबंद हो गए हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने शासनादेश को वापस लेने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा और कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की।

सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ओमप्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में कई प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें प्रत्येक ग्राम सचिवालय में पंचायत गेटवे पोर्टल शीघ्र इंस्टाल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में वित्तीय प्रबंधन का अधिकार पंचायत सहायक को दे दिया गया है। गेटवे में पंचायत सहायक का फेस रिकगनाइजेशन होगा और उसके मोबाइल पर एक क्यूआर कोड जाएगा। वेरीफिकेशन के बाद ही विकास कार्यों का भुगतान हो सकेगा। यह प्रयोग ग्राम पंचायतों के हित में नहीं है। भुगतान की पहले से ही पारदर्शी एवं मजबूत व्यवस्था है। प्रधानों ने इस शासनादेश को वापस लेने की मांग की है। इस दौरान प्रधान जान्हवी सिंह, रामचंद्र, सुशीला देवी, प्रभात कुमार, मुदमंगल सिंह, राजपाल सिंह, सुघर सिंह, रामलखन, अजय प्रताप सिंह, सर्वेश शाक्य, विनेश पाल, संजय सिंह, जसबंत सिंह, अरुण कुमार, आशाराम सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# पंचायत सहायकों के चयन की तैयारियां शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रतिमाह छह हजार रुपये मानदेय पर मिनी ग्राम सचिवालयों काम करने वाले पंचायत सहायकों के चयन की हरी झंडी मिलते ही तैयारियां शुरू हो गईं हैं। पंचायती राज निदेशक अटल राय ने इसको लेकर पत्र भेजा है। इसका संज्ञान लेकर ब्लॉकों से रिक्त पदों की सूचना मांगी गई है।

जनपद में 499 ग्राम पंचायतें हैं। एक ग्राम पंचायत में एक पंचायत सहायक की तैनाती होती है। वर्तमान में पंचायत सहायकों के करीब 50 पद रिक्त चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि तकरीबन सभी ब्लॉक क्षेत्र में कोई न कोई ग्राम पंचायत में पद रिक्त है। कन्नौज ब्लॉक क्षेत्र में चार, तालग्राम में नौ व जलालाबाद में आठ पंचायत सहायक के पद खाली हैं। इसके अलावा अन्य विकास खंडों में भी कई पद रिक्त हैं। ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन कंप्यूटर पर काम करने की जिम्मेदारी पंचायत सहायकों की ही है। साथ ही भुगतान की प्रक्रिया भी पंचायत सचिवालय में बैठकर करने का आदेश है। सचिवालय को खोलने व बंद करने की जिम्मेदारी भी पंचायत सहायक की होती है। कहा जा रहा है कि जल्द ही रिक्त पदों को भरने की विज्ञप्ति भी जारी होने वाली है।

### गेट-वे खुलने में रहेगा पंचायत सहायकों का रोल

बताया जा रहा है कि ऑनलाइन प्रक्रिया में अब तक ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान का ही रोल मुख्य रहता था। अब इसमें पंचायत सहायकों को भी जोड़ा जा रहा है। गेट-वे खुलने में पंचायत सहायकों की भी जरूरत पड़ेगी। यह फरमान शासन से आने की बात कही जा रही है। इसको लेकर कई प्रधानों में नाराजगी भी है। सोमवार को कुछ प्रधानों ने सीडीओ रामकृपाल चौधरी से मिलकर ज्ञापन भी दिया।

# जनप्रतिनिधियों के शिलापट तोड़े, रिपोर्ट



टूटा पड़ा शिलापट। अमृत विचार

**तिर्वा।** भाजपा के जनप्रतिनिधियों के नाम लिखे शिलापट तोड़ने के मामले मे जेई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। थाना ठठिया के उमगरा जाने वाले मार्ग पर मंत्री असीम अरुण, विधायक कैलाश राजपूत, अर्चना पांडे के नाम लिखा शिलापट सडक निर्माण के दौरान लगाया गया था। इसे अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। जानकारी पर भाजपा नेताओं में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मामले में जेई ओमप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि तोड़ने वालों की तलाश की जा रही है।

# ग्राम पंचायत: उपचुनाव की सुगबुगाहट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायती राज विभाग से रिक्त पदों की मांगी गई जानकारी

**अमृत विचार।** एक चुनाव संपन्न हो गया है। अब ग्राम पंचायतों में रिक्त चल रहे पदों पर उप चुनाव कराने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) व ग्राम पंचायत सदस्य (वीडीसी) के कुल 24 रिक्त बताए जा रहे हैं।

कोरोना संक्रमण काल के दौरान वर्ष 2021 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ था। इसमें प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुए थे। उसके बाद ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष का भी निर्वाचन हुआ। हालांकि इसके बाद रिक्त हुए पदों पर एक बार उपचुनाव कराया जा चुका है। उसके बाद फिर से जनप्रतिनिधियों के निधन व अन्य वजहों से 24 पद रिक्त हो गए। इसमें चार प्रधान, तीन बीडीओ व 17 वीडीसी पद हैं। बताया जा रहा है कि निर्वाचन विभाग ने पंचायती राज विभाग से सूचना मांगी है कि कहां-कहां पद रिक्त हैं। रिक्त पदों की जानकारी ब्लॉकों से जुटाई जा रही है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट निर्वाचन विभाग को जाएगी। वहां से आयोग में सूचना भेजी जाएगी। उसके बाद रिक्त पदों पर नामांकन की प्रक्रिया की अधिसूचना जारी हो जाएगी।

### वीडीसी के 17 पद रिक्त

- ब्लॉक सौरिख क्षेत्र में ग्राम पंचायत सदस्य के छह, छिबरामऊ में पांच, जलालाबाद में चार, तालग्राम व कन्नौज सदर ब्लॉक क्षेत्र में एक-एक पद रिक्त होने की जानकारी आई है।

### इन स्थानों पर बीडीसी का होगा निर्वाचन

- हसेरन, जलालाबाद व छिबरामऊ में बीडीसी का एक-एक पद रिक्त है। कुल तीन पदों पर निर्वाचन होना बताया जा रहा है। दूसरी ओर जिन प्रतिनिधियों का निधन हो जाता है उनको रुपये भी दिया जाता है। उसकी भी तैयारी चलेगी।

### इन ब्लॉक में प्रधान के पद हैं रिक्त

तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र में तालग्राम देहात में, जलालाबाद में रुदौली और परसपुर में, उमर्दा के करीमनगर में

# राजस्व व ड्रोन के नक्शों का किया जाएगा मिलान

**औद्योगिक गलियारा**

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- हकीकत जानने के लिए प्रशासन ने ड्रोन से तैयार करवाया था नक्शा

**अमृत विचार।** औद्योगिक गलियारा के लिए चिह्नित भूमि के अधिग्रहण के बाद किसानों को सही मुआवजा मिल सके इसके लिए यूपीडा के निर्देश पर प्रशासन ने ड्रोन सर्वे कराया है। अब इस नक्शे का मिलान राजस्व के नक्शे से कराया जा रहा है।

ठठिया थाना क्षेत्र में परफ्यूम पार्क के साथ विशिष्ट मंडी की स्थापना के बाद सरकार ने तहसील क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा के लिए तहसील प्रशासन से जमीन चिन्हित कराई थी। इसमें अलीपुर आहाना गांव के 3000 से अधिक किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। यूपीडा ने संबंधित किसानों को सही मुआवजा मिल सके इसके लिए ड्रोन कैमरे से सत्यापन के निर्देश दिए थे। तहसील प्रशासन ने ड्रोन सर्वे कराकर नक्शा बनवा लिया। अब प्रशासन की तरफ से इसका मिलान राजस्व के नक्शे से कराया जा रहा है।

तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि नक्शा मिलान के बाद ही किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

# यूपी बोर्ड के अंकपत्रों का वितरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीआईओएस कार्यालय से स्कूल संचालक ले जा रहे परीक्षाफल के लिफाफे
- अभी इंटरमीडिएट की ही मार्कशीट आईं, हाईस्कूल में लगेगा थोड़ा समय



डीआईओएस कार्यालय में अंकपत्र बांटते बाबू अमित दुबे, साथ में खड़े रजनीश सिंह व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीआईओएस कार्यालय से यूपी बोर्ड परीक्षा के अंकपत्रों का वितरण शुरू हो गया है। माध्यमिक विद्यालयों के संचालक व जिम्मेदारों को इंटरमीडिएट की मार्कशीट दी जा रहीं हैं। फिलहाल इंटरमीडिएट के परीक्षाफल के लिफाफे बांटने का काम चल रहा है।

सोमवार को डीआईओएस कार्यालय में अंकपत्र बांटने का काम शुरू हो गया। बताया गया कि पहले दिन करीब 20 स्कूलों से आकर लोग अंकपत्र ले गए। बाबू अमित दुबे व कंप्यूटर ऑपरेटर रजनीश तिवारी की देखरेख में अंकपत्र व गजट का वितरण चला। अन्य कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। अंकपत्र के लिफाफे देने के दौरान रजिस्टर में हस्ताक्षर व मोबाइल नंबर भी लिखा गया। बताया गया है कि जब अभिलेख देखे गए तो उसमें इंटरमीडिएट के ही अंकपत्र निकले हैं। हाईस्कूल के अंकपत्र आने में देरी लगेगी। पहले दोनों ही कक्षाओं के अंकपत्र आने की बात कही गई थी।

**मंथन** 3 फरवरी को मुख्यमंत्री के कन्नौज दौरे के दौरान मंत्री ने नहीं की थी जिले के विकास की मांग

# नाम बदलवाने में सफल, दलितों का वोट बचाने में 'फेल'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मार्च में मेडिकल कॉलेज गेट पर नए नाम का बोर्ड लगने के दौरान मौजूद मंत्री असीम अरुण, निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया।

**अमृत विचार।** जिस सोच के साथ तिर्वा के निकट स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदला गया, वह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के लिए कारगर नहीं रही। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की मांग को सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीन फरवरी को ही स्वीकार कर लिया था, लेकिन दलित वोटरों के लिए यह मुद्दा इंडी गठबंधन के 'संविधान' वाले तुरुप के इक्के से काफी हल्का रहा। इससे दलितों का वोट पूरी तरह लुभाने में मंत्री 'फेल' रहे। नतीजा यह कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक एक लाख 70 हजार 922 मतों से लोकसभा क्षेत्र का चुनाव हार गए।


इत्रनगरी के लिए कोई खास ऐलान नहीं, वोटरों

4 फरवरी को प्रकाशित खबर।

- मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने की मांग रखी थी

तीन फरवरी को शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया था। तब समाज कल्याण मंत्री ने उनके समक्ष मंच से राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने की मांग रखी। सीएम ने संबोधन में इसे स्वीकार कर लिया। इतना ही नहीं एक मार्च को सचिव पवन कुमार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज करने का आदेश भी पारित कर दिया। इसके बाद चिकित्सा महाविद्यालय का बोर्ड बदलने के दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत कई लोग मौके पर पहुंचे थे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो भाजपा ने यह पैंतरा इसलिए खेला था ताकि अनुसूचित जाति के वोटरों को लुभाया जा सके, जिसमें कामयाबी नहीं मिल सकी। कांग्रेस के राहुल गांधी व सपा के अखिलेश यादव की ओर से उठाया गया संविधान का मुद्दा सटीक रहा। इस बाबत लोगों का कहना है कि अगर भाजपा के दिग्गज जिले में विकास कार्य कराने की जोरदार मांग उठाते तो अच्छा रहता। हालांकि निवर्तमान सांसद ने कुछ विकास कार्य कराने की मांग की थी, जिनको अभी तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

### ज्यादातर पूर्व योजनाओं का किया था लोकार्पण-शिलान्यास

- शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर तीन फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 43 योजनाओं व परियोजनाओं (कार्यों) का लोकार्पण और 16 कार्यों का शिलान्यास किया था। इन सभी 59 कार्यों की लागत 351.47 करोड़ रुपये है। इसमें इत्र पार्क, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व पॉलिटेक्निक भवन का भी उद्घाटन शामिल है। कहा जा रहा है कि ज्यादातर विकास कार्य पहले के ही हैं। नया कुछ नहीं रहा। न ही नए कार्य कराने का दावा हुआ था।



क्षेत्रीय मंत्री को मिठाई खिलाते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि। अमृत विचार

# सरकार बनने पर भाजपाइयों में हर्ष

- आतिशबाजी छुड़ाकर बांटी मिठाई, मनाया जश्न

**गुरसहायगंज।** लगातार तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनने पर भाजपाइयों में हर्ष है। आतिशबाजी छुड़ाकर और मिष्ठान वितरित कर देर रात तक जमकर जश्न मनाया।

रविवार देर शाम नगर के जीटी रोड पर भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, हरीओम गुप्ता, मानव गुप्ता, सागर गुप्ता, मयंक गुप्ता आदि ने आतिशबाजी छुड़ाकर सरकार बनने का जश्न मनाया। जीटी रोड स्थित क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव के प्रतिष्ठान पर ओबीसी क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, सुगम दुबे, राकेश कौशल, संजीव गुप्ता संजू, अमरदीप मिश्रा, अजीत वर्मा, अनित शुक्ला, शिवा गुप्ता, आंचल गुप्ता, अमन वर्मा आदि ने मिठाई बांटकर आतिशबाजी छुड़ाई। तिर्वा रोड पर भाजपा नेता रामकुमार पाठक, अनुराग गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अनुराग गुप्ता, दीपू शर्मा, प्रशांत पाठक आदि ने मिठाई बांटी। रामगंज में भाजपा नेता राजीव ठाकुर के नेतृत्व में मिष्ठान वितरित किया गया।

# कलपुर्जों में डाला जाएगा पेंट से नाम

**कन्नौज।** स्टोर में रखे विद्युत उपकरणों के कलपुर्जों के नाम शायद विभागीय अधिकारी भी नहीं जानते। इसीलिये उन्होंने कलपुर्जों पर पेंट से नाम डालने का आदेश दिया है। स्टोर बाबू ने पेंटर बुला कर कलपुर्जों के नाम की सूची सौंप दी है। बिजली सप्लाई के उपकरणों में प्रयोग होने वाले कलपुर्जों के नाम इंजीनियर भी शायद नहीं जानते हैं। इसलिए उन्होंने बिजली स्टोर में पत्र भेज कर सभी कलपुर्जों में उनका नाम लिखने का आदेश जारी कर दिया है। लखनऊ से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि स्टोर में जो भी कलपुर्जे रखे हैं, उनमें पेंटर को लगा कर नाम लिखाये जायें। इससे चेकिंग के दौरान अधिकारियों दिक्कत न हो। आदेश मिलने के बाद स्टोर के बाबू हृदेश पटेल ने सोमवार को एक पेंटर को बुलाया। उसे कलपुर्जों के नाम लिखी सूची सौंपी। कहा जिन कल पुर्जों में नाम की प्लेट नहीं लगी है उन पर संबंधित नाम लिखे।

# चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

## सिपाही की मौत के बाद खनन मामले में पुलिस अधीक्षक ने की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अवैध खनन रोकने गए सिपाही के ऊपर खनन माफियाओं ने टैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे इलाज के दौरान सिपाही रोहित की मौत हो गई थी। आरोपित खनन माफिया प्रदीप यादव पुत्र सहवीर यादव निवासी चंदन नगला नवाबगंज व भूपेन्द्र यादव पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला लाहौरी मेरापुर को रविवार शाम को मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया था। उनका उपचार अस्पताल में चलता रहा, फिर सोमवार को कोर्ट में पेश करने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।


हायर सेंटर जाते घायल हत्यारोपी।


जहानगंज में हो रहा खनन। अमृत विचार


चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह।

सोमवार को मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्यवाही कर दी है। थाना नबावगंज के बबना चौकी इंचार्ज सहित पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। खनन मामले में दोषी नवाबगंज के बबना चौकी प्रभारी भुओएन्द्र सिंह, थाना जहानगंज के हेड कांस्टेबल सुनील यादव, थाना नवाबगंज के कांस्टेबल चमन सिंह, कर्मवीर सिंह व 112 मोबाइल के सिपाही टिंकू को एसपी विकास कुमार ने निलंबित किया है। एसपी विकास कुमार ने खनन मामले में संदेश दिया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी खनन के मामले में दोषी पाया जाता है तो उसे पर कड़ा एक्शन तय है।

### सिपाही के हत्यारोपियों को भेजा गया जेल

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही की हत्या में आरोपित खनन माफियाओं को पुलिस व एसओजी टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। दोनों हत्यारोपियों को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वही पुलिस तीसरे आरोपित सुमित तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।घायल अवस्था में रविवार देर शाम मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। रविवार रात करीब 9 :45 बजे मोहम्मदाबाद सीएचसी से जिला अस्पताल लोहिया रेफर किया गया। रात 10 :30 बजे दोनों घायल आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।करीब 40 मिनट तक उपचार चलने के बाद दोनों हत्यारोपियों को डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### खेती की अनुमति पर खनन

**फर्रुखाबाद।** रविवार को खनन माफियाओं के हमले में एक सिपाही की मौत हो गई।पुलिस ने मामले में मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।लेकिन खनन माफियाओं के अंदर पुलिस प्रशासन का भय नहीं नजर आ रहा है।अवैध खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। थाना जहानगंज के मीरपुर में अवैध खनन का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। हालाकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।वायरल विडियो में एक बड़े क्षेत्र में खनन होता नजर आ रहा है।एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर दूसरे ट्रैक्टर में लगे अवैध खनन कर मिट्टी लोड की जा रही है। माफिया 100 घन मीटर निजी कृषि कार्य हेतु परमिशन लेते हैं। जिसके नाम पर हजारों घन मीटर मिट्टी खोदकर अवैध खनन करते हैं। अब पूरा खेल उजागर होता नजर आता है।सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है।

## बाइक सवार युवक बिजली के पोल से टकराया, मौत

**फर्रुखाबाद।** बाइक सवार युवक की बिजलीं के पोल से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह बहनोई के घर जा रहा था।, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भिजवाया दिया।

जिला शाहजहांपुर थाना कांठ क्षेत्र के गांव कुतरा निवासी 35 वर्षीय संतोष बाल्मीकि अपनी बाइक से बहनोई मुकेश निवासी गांव शरीफपुर चानी जा रहा था। संतोष जब गांव के बाहर पहुंचा तो उसकी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। बाइक टकराने से संतोष सड़क पर गिर गया। सिर में हेलमेट न लगा होने के कारण उसका सिर बिजली के पोल से टकरा गया। संतोष के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से मृतक संतोष के शव को मोर्चरी के लिए भिजवा दिया। शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि बिजलीं के पोल में टकराने से युवक की मौके पर मौत हुई है।


लोहिया में मौजूद मृतक के परिजन अमृत विचार

## बाइक की टक्कर से फेरी लगाने वाले की मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना सौरिख के सीएसबी रोड पर बाइक सवार ने साइकिल सवार फैरी वाले व्यक्ति को टक्कर मार दी।जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई।स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।घायल को लेकर छिबरामऊ के सरकारी अस्पताल पहुंचे।जहां से हायर सेंटर से रेफर कर दिया।परिजन लोहिया अस्पताल लेकर लाए।जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण शव मोर्चरी में रखवा दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम डिगरी निवासी प्रेमचंद्र गंगवार (55) पुत्र लालता प्रसाद गांव साइकिल से फैरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था।सोमवार को साइकिल से फैरी लगाने को निकला।सीएसबी रोड पर सरवा के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी।जिससे प्रेमचंद्र घायल हो गए।लोहिया अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।ईएमओ डॉ ने शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी है।

मृतक प्रेमचंद्र के बड़े पुत्र राहुल ने बताया की घटना में बाइक सवार भी घायल हुआ है । उसकी बाइक को कब्जे में लेकर संबंधित थाने में भिजवा दिया है।

## मुकेश को मंत्री न बनाने से मायूसी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- उन्नाव व कानपुर के सांसद भी इसी जिले से, उनकी भी उपेक्षा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने के बाद भी सांसद मुकेश राजपूत को मंत्री पद न मिलने से फर्रुखाबाद के लोगो में मायूसी छा गई है। लोकसभा चुनाव में सांसद मुकेश राजपूत तीसरी बार विजई हुए हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में जीत दर्ज कराई । 2019 में 220000 मतों से जीत कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा बसपा गठबन्धन के उम्मीदवार मनोज अग्रवाल के दांत खट्टे कर दिए ।इतनी बड़ी जीत होने के बाद यहां के लोगों को उम्मीद थी कि इस बार मुकेश राजपूत को मंत्रिमंडल में जरूर शामिल किया जाएगा ।लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में न लेने से यहां के लोग मायूस नजर आ रहे हैं। अभी हाल में हुए लोकसभा चुनाव में मुकेश राजपूत ने तीसरी बार जीत दर्ज करा कर विरोधियों के दांत खट्टे कर दिए। इस बार फर्रुखाबाद की जनता को उम्मीद थी की मुकेश राजपूत को मंत्रिमंडल में शामिल जरूर किया जाएगा। लेकिन इस बार भी उन्हें मंत्री मंडल में शामिल नहीं किया गया। फर्रुखाबाद से नजदीकी रिश्ता रखने वाले यहां से दो बार सांसद रहे उन्नाव के सांसद सच्चिदानंद साक्षी के भी मंत्रिमंडल में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे ।लेकिन इस बार उन्हें फिर मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। जबकि सांसद सच्चिदानंद साक्षी सातवीं बार सांसद बने हैं। फर्रुखाबाद के रहने वाले रमेश अवस्थी ने कानपुर से चुनाव लड़ा और उन्हें कानपुर की जनता ने भारी मतों से विजई बनाया। लोगों कोउ म्मीद थी कि रमेश अवस्थी को मंत्रिमंडल में जरूर शामिल किया जाएगा ,लेकिन उन्हें भी शामिल नही किया गया ।फर्रुखाबाद से गहरा नाता रखने वाले इन तीनों सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने पर यहां की जनता मायूस नजर आ रही है। बताते चलें कि फर्रुखाबाद से कोई मंत्री न होने की वजह से यहां का विकास नहीं हो पा रहा है।


मुकेश राजपूत।

राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि जब तक जिले से कोई मंत्री नहीं बनेगा तब तक फर्रुखाबाद का विकास संभव नहीं है। इसलिए सरकार को फर्रुखाबाद जिले से एक मंत्री जरूर बनाना चाहिए । इसकी चर्चा हर नुक्कड़ हर चौराहे पर हो रही है।

## रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** क़ायमगंज कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस से बाइक में टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल होगया। 108 एम्बुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया गया।

पड़ोसी जिला मैनपुरी के थाना बिछवा के गांव नगला भजन निवासी गिरन्द पुत्र अंतराम सिंह कायमगंज क्षेत्र के गांव अताईपुर में जीजा विपिन कुमार के यहां जा रहा था। बाइकसवार दमदमा मोड़ के पास पहुंचा।

तभी सामने से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे गिरन्द गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया। राहगीरों की सूचना पर अस्पताल पहुंचे कोतवाली इंचार्ज राम अवतार ने घायल से घटना के बारे में जानकारी ली।

## एडीओ पंचायत को राजेपुर से हटाने के लिए ज्ञापन

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भाकियू टिकैत गुट 11 सूत्री मांगों को लेकर ग्राम कमालुद्दीनपुर में पंचायत की। मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा के नेतृत्व में हुई पंचायत में ग्राम प्रधान कमालुद्दीनपुर पर जमकर आरोप लगाए गए। क्षेत्रीय लेखपाल सावन यादव को हटाने व उसके भ्रष्टाचार की जांच कराने एडीओ पंचायत राजेपुर का स्थानांतरण करने सहित 11 मांगों को लेकर एसडीएम अमृतपुर रविंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। मंडल उपाध्यक्ष ने 20 जून तक का समय प्रशासन को दिया। जिसके बाद मांगे नहीं मानने पर नेशनल हाईवे जाम करने की चेतावनी दी। पंचायत में सुरक्षा व्यवस्था के लिजाज थाना अध्यक्ष राजेपुर भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कमालुद्दीनपुर में सोमवार को भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।पंचायत में कहा गया कि आर आर सी सेंटर के निर्माण में गांव के प्रधान ने सदस्यों के बिना अनुमति के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पास कर आरआरसी सेंटर बनवाया है। ग्राम प्रधान ने खाद के लिए खोदे गए गड्ढों में कंक्रीट डलवाकर कब्जा करने का काम किया है। दिए गए ज्ञापन में मांग की गई की सूचना के अधिकार के तहत जो जानकारी बीडीओ राजेपुर अमृतपुर तहसील प्रशासन से मांगी गई वह अभी तक नहीं मिली है। उसे उपलब्ध कराया जाए। राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कमालुद्दीनपुर को जनपद में प्रथम स्थान मिला है और पुरस्कार राशि के तौर पर 35 लाख रुपए मिले उसके कार्यों की जांच कराई जाए। जमापुर से राजेपुर मार्ग के मध्य चित्रकूट पुलिया पर बाढ़ के समय कई लोगों की विगत वर्ष मौत हुई।इस समय बाढ़ से पहले वहां पर इस प्रकार की घटना को रोकने के उचित प्रबंध किए जाएं।


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू नेता। अमृत विचार

राजेपुर में कार्यरत एडीओ पंचायत अजीत पाठक तीन साल से अधिक ब्लॉक में डटे हैं।उनकी जांच कर उन्हें जिले से बाहर स्थानांतरित कराया जाए। ग्राम कमालुद्दीनपुर में मनरेगा योजना के तहत हुए कार्यों की बड़े स्तर पर जांच हो।प्रधान द्वारा लेबरों के फर्जी साइन करा कर बड़ा गोलमाल किया गया है। ग्राम कमालुद्दीनपुर में मोनी बाबा आश्रम अमृतसर सरोवर योजना के तहत लंबित है जिसकी धनराशि ग्राम सभा को प्राप्त हो चुकी है यह भी जांच कराई जाए। मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर प्रशासन को 10 दिन का समय देते हैं। अगर प्रशासन ने मांगे नहीं मानी तो 20 जून को भाकियू बड़ा कदम उठाएगा।

## मार्गों के चौड़ीकरण का लोनिवि से मांगा प्रस्ताव

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में जनपद के धर्मार्थ मार्गो के चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संवंध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कायमगंज से कंपिल रोड का चौड़ीकरण का प्रस्ताव, मोहम्दाबाद संकिसा रोड से नींव करौरी तक चौड़ीकरण व स्ट्रीटलाइट लगाने का प्रस्ताव, मोहम्दाबाद संकिसा रोड को 04 लेन बनाने का प्रस्ताव, खुदागंज से श्रृंगिरामपुर तक चौड़ीकरण व पांचाल घाट से दुर्वाशा ऋषि आश्रम एवं मेले की तरफ की रोड के प्रस्ताव बनाकर तीन दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश लोकनिर्माण विभाग को दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को जनसुनवाई 10 से 12 के उपरान्त प्रतिदिन फील्ड में जाकर सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।


बैठक करते डीएम डॉ. वीकेसिंह।

## शराब के लिए पीट कर छीनी नकदी

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर पंजाब निवासी मनमोहन की फल की दुकान है।वह अपने भाई के साथ आवास विकास स्थित लोहिया मूर्ति के पास फल की दुकान लगाते है। आरोप है की जब रविवार रात को दुकान बंद कर रहे थे तभी दबंगों ने आकर शराब के लिए रुपए मांगे। रुपए न देने पर दबंगों ने मारपीट की और बिक्री के सभी रुपए छीन लिए।

## युवक, युवती ने पीया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा निवासी कोमल (22) पत्नी मंजीत व बाराविकु निवासी रोहित (18) ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये।

## उधारी वापस मांगने पर की थी चौकीदार की हत्या

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद किया आलाकत्ल

**अमृत विचार।** कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र में जलनिगम की निर्माणाधीन पानी की टंकी के चौकीदार का हत्या का पुलिस फर्दाफाश कर लिया है। तीन हजार की उधारी के तकादे में ईंट से कुचलकर हत्या की गयी थी। पुलिस ने मामले में हत्या में प्रयुक्त ईट सहित आरोपी को पकड़ लिया है। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 14 दिन की रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।

कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र के ग्राम पट्टी खुर्द निवासी 60 वर्षीय वेदराम मूलरूप से हरदोई जिले का रहने वाला था। वह पट्टी खुर्द में लगभग पिछले 20 सालों से रह रहा था। गाँव में निर्माणाधीन जलनिगम की पानी की टंकी है। जिस पर वह वर्तमान में चौकीदारी कर रहा था। बीते सात जून की रात उसकी सिर पर ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने प्रकरण में जांच कर आरोपित दीपक उर्फ पाल साहब पुत्र राम नरेश पाल निवासी पट्टी खुर्द कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सिर पर हमला करने वाली ईंट व घटना के दौरान पहनी गयी शर्ट को पुलिस बरामद किया था। आरोपी दीपक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मृतक से कई बार में रूपये लिए, जोकि उसके ऊपर 3 हजार थे। जिसका वह तगादा सबके सामने करता था। और उसका मजाक बनाता था। उसकी चौकीदार की नौकरी उसे मारकर हथियाने का प्लान बनाकर हत्या को अंजाम दिया।

## 44 क्रिकेट खिलाड़ी चयनित

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** समर कैंप में प्रशिक्षण के लिए 84 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें 44 खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया। शिविर आज सोमवार से शुरू हो गया है

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से प्रशिक्षण ट्रायल किया गया। प्रशिक्षण के लिए 84 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। जिसमे 13 वर्ष से 18 वर्ष के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण के लिए चयन को कड़ी धूप में जमकर पसीना बहाया।

प्रशिक्षण के लिए 44 खिलाड़ियों का चयन किया गया। एसोसिएशन के सचिव मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि शिविर आज सोमवार 10 जून से शुरू होगा। शिविर में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उबैद कमाल प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित खिलाड़ियों में 25 गेंदबाज होंगे। 4 विकेटकीपर और 16 बल्लेबाज हैं।


मैदान में पसीना बहाते खिलाड़ी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि बल्लेबाजों का चयन वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी वजीजमां खां, गेंदबाजों का चयन गौरव गुप्ता ने किया हैं। इस दौरान वहाँ पर मौजूद अमित सक्सेना व चिराग अग्रवाल व अन्य लोगों ने व्यवस्था देखी हैं।

बैठक | विभिन्न विचारों पर चर्चा कर संभावित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई

# कला, साहित्य, इतिहास व पर्यटन को समृद्ध करने की 'समवेत' पहल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- डॉक्यूमेंट्री फिल्म, अपशिष्ट प्रबंधन सहित जागरुकता अभियानों पर आयोजन संभव

**अमृत विचार।** साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कला, साहित्य, इतिहास, पर्यटन, पर्यावरण आदि क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों से समन्वय करते हुए उनको 'समवेत' कर डॉ. रजनी सरीन के आवास पर विचार और संवाद के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती का अर्चन वंदन और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। बैठक में विभिन्न विचारों पर चर्चा की गई और संभावित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई । जिसमें कला प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं का आयोजन, कॉफ़ी टेबल बुक, डाक्यूमेंट्री फिल्म्स, साहित्यिक सम्मेलनों और पुस्तक मेले का आयोजन, ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और जीर्णोद्धार पर्यटन स्थलों का विकास और प्रचार शैक्षिक कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों का आयोजन करना आदि शामिल है। संस्कृतिक धरोहरों के अंतर्गत बाबा नीव करौरी धाम, संकिसा, कम्पिल, श्रृंगीरामपुर, शेखपुर आदि तथा नमामि गंगे योजना में गंगा घाटों का सौंदर्गीकरण, स्वच्छता, वृक्षारोपण आदि इसके अलावा पर्यावरण, रोजगार और कृषि के लिए जल, उर्जा, वायु, जैवकीय उत्पाद, लघु और परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विचार प्रस्तुत करते हुए संकल्प लिया। बैठक के दौरान पर्यावरणविद् डॉ. गुंजा जैन ने जिले में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए विचार रखे। उन्होंने अपनी शोध प्रस्तुत करने के लिए पीपीटी का भी उपयोग किया। वैभव राठौर ने सुझाव दिया कि 'समवेत' पहल के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्मों, अपशिष्ट प्रबंधन अभियानों और अन्य जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा सकता है। ज्ञानफोर्ड इनोवेटिव स्कूल के डायरेक्टर विमल राठौर ने शैक्षिक रूप से जिले के लिए कुछ नया करने का प्लान प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में जिले के लिए कुछ न कुछ करने का जज्बा है जिसको 'समवेत' के माध्यम से दिशा मिलेगी।


जानकारी देतीं डॉ. रजनी सरीन।

वैभव सोमवंशी ने कहा कि अपने जिले की प्रतिभाओ को खोजना और अपने जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उनको स्थान और सम्मान देना चाहिए। इस दौरन उन्होंने अपनी काव्य रचनाएं भी प्रस्तुत की। मोहम्मद आकिब ने फर्रुखाबाद जिले में इंटेक का एक चैप्टर स्थापित करने, स्कूलों में पर्यटन और विरासत क्लब स्थापित करने तथा फर्रुखाबाद जिले की धरोहरों का एक व्यापक सूचीकरण करने का प्लान साझा किया। आकाश दुबे ने जिले की आधाकारिक वेबसाइट पर नवीन अपडेट किये जाने, गंगा घाटों को एक्स्प्लोर करने, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर पर्यटन केन्द्रों का प्रचार-प्रसार, ब्लॉक प्रिंटिंग, जरदोजी, दालमोठ, आलू, आम, कपूरकंद आदि जिले के प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग करने का प्लान प्रस्तुत किया। फोटो जर्नलिस्ट रवीन्द्र भदौरिया ने सरकारी तंत्र और सरकारी धन के सदुपयोग करने पर अपने विचार प्रस्तुत किया ।उन्होंने कहा ये सभी जनपदवासियों की जिम्मेदारी है कि कोई योजना या काम हो तो उसकी गुणवत्ता पर जरुर ध्यान देना चाहिए।

इस दौरान अवनींद्र कुमार ने खेलकूद अभियानों के लिए विचार प्रस्तुत प्रस्तुत किये, प्रोफेशनल फोटोग्राफर शांतनु कटियार ने अपने हुनर के माध्यम से सभी अभियानों में योगदान देने का वादा किया। बाँसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक ने जिले की संगीत कला को प्रोत्साहित करना का प्लान साझा किया, राना हिजाब और दिव्या ने नाटक तथा थिएटर अकादमी बनाने के लिए विचार प्रस्तुत किये। इसके अलावा सत्यनारायण सिंह, अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, भरत सिंह, दुष्यन्त सिंह, अजय प्रताप सिंह, अदुवित अग्निहोत्री, स्मृति अग्निहोत्री आदि ने भी अपने विचार रखे। साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'समवेत' पहल का उद्देश्य फर्रुखाबाद की अनूठी कला, संस्कृति और इतिहास को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाना है। यह पहल स्थानीय लोगों को अपनी विरासत के बारे में जागरूक करने और उन्हें इसे संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी प्रयास करेगी।

डॉ. रजनी सरीन ने प्रशासन और सरकार के साथ विकास कार्य करने के लिए नागरिको के दायित्व और कर्तव्य का पालन करने के लिए आह्वान किया। इसके साथ ही बैठक में उठाये गये सभी प्लान और एजेंडे पर तन-मन-धन से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अनिल प्रताप सिंह राठौर ने आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप


ओपीडी में लगी मरीजो की भीड़। अमृत विचार

### टीबी व चेस्ट फिजिशियन के पास मरीजों की भीड़

**फर्रुखाबाद ।** रविवार को अवकाश के बाद जिला अस्पताल लोहिया के ओपीडी सोमवार को खुली। सुबह से ही मरीजों की भरमार हो गई। पर्चा काउंटर पर दोपहर तक लाइन नहीं टूटी। 800 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंचे। जिनमें से एक सैकड़ा से अधिक मरीज टीवी व चेस्ट फिजिशियन को दिखाने के लिए आए। हड्डी रोग से पीड़ित 98 मरीज जाए ।चिकित्सक को पहले दिखाने को लेकर मरीजों में धक्का मुक्की व बहस भी होती रही। आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया में सोमवार को 755 मरीज पहुंचे ।अगर पुन : दिखाने आए मरीजों की संख्या को जोड़ लिया जाए तो आंकड़ा 878 पहुंच जाता है ।इतने अधिक मरीज आ जाने से ओपीडी में पर्चा काउंटर पर लंबी कतार लगी रही ।चिकित्सकों के कक्ष के बाहर भी दोपहर मरीजों की संख्या कम नहीं हुई ।मेडिशिन ओपीडी के तहत कुल 364 मरीज पहुंचे ।हड्डी रोग से जुड़े 98 मरीज पहुंचे। दांत से जुड़ी बीमारियों के 51 मरीज आए ।जर्नल सर्जरी के 56 मरीज आए। पीडियाट्रिशियन को दिखाने के लिए भी 77 पर्चे बनवाए गए। दोपहर डेढ़ बजे तक टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर ध्रुव राज के कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लगी रही। करीब एक सैकड़ा से अधिक मरीज सोमवार को चिकित्सक को दिखाने पहुंचे। डॉ ध्रुव राज ने बताया कि ज्यादातर मरीज सांस में दिक्कत और फेफड़ों की टीवी से जुड़े हुए आए हैं। काफी मरीज वह भी हैं जिनका पहले से उपचार चल रहा है।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए, सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने में नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन



डॉ .शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

> पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं, बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं, लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।




गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योंशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

> 2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातर बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं, किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी, लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं, क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए, ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है, वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं, उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताज: क्या है सितारों की आवाज



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी, जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है, जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई, जब प्रबल 'राजभंग योग' था, सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है, जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु, रोग, ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे, तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है, किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2, करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है, जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है, जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

## एक नजर

### कुदरकोट में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

कुदरकोट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देशों के बाद भी कुदरकोट में अघोषित बिजली कटौती को लेकर क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि दिन में टेंपरेचर 44-45 डिग्री हो जाता है और रात में बिजली कटौती के कारण लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारयों से की लेकिन समस्या जस की तस है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की जिला कार्यकारिणी भंग

औरैया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने संपूर्ण जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। उन्होंने कहा प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त जिला संयोजक और जिला संरक्षक तथा सभी प्रकोष्ठों के संयोजक पूर्व की भांति अपना कार्य करते रहेंगे।

### पदाधिकारियों ने आय-व्यय का रखा ब्यौरा

औरैया। रविवार शाम दिबियापुर के औरैया रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सौजन्य से परशुरामजी की शोभायात्रा कमेटी की बैठक हुई। इसमें भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा समिति के कोषाध्यक्ष कमलेश नारायण दुबे ने 10 मई को नगर में निकाली गई शोभा यात्रा में हुए आय व्यय का ब्यौरा रखा। जिससे सभी पदाधिकारी संतुष्ट दिखे। अध्यक्षता प्रदेश सचिव पं. बृजकिशोर तिवारी ने की।

# बिना प्रस्ताव पास हुए नगरवासियों से बढ़ाकर वसूला जा रहा हाउस टैक्स

## विरोध करने पर सफाई कर्मचारी ने सभासदों से की अभद्रता, जांच की बात कह रहे अधिकारी

संवाददाता फफूंद, औरैया


सभासदों की बात सुनते चेयरमैन मु. अनवर कुरैशी व ईओ विनय शुक्ला। अमृत विचार

- ईओ व चेयरमैन के समझाने पर मामला हुआ शांत
- अधिशाषी अधिकारी को अधिक टैक्स वसूलने की नहीं जानकारी

अमृत विचार। सोमवार सुबह नगर पंचायत फफूंद कार्यालय में पहुंचे सभासदों ने मकान कर के दोगुने रुपये लेकर सफाई कर्मचारी द्वारा काटी जा रही रसीद को लेकर विरोध जताया। इस पर सफाई कर्मचारी द्वारा उनके साथ अभद्रता किये जाने से मामला गर्मा गया। ईओ व चेयरमैन के समझाने पर मामला शांत हुआ। हैरानी की बात यह कि कर्मचारी द्वारा मकान टैक्स के वसूले जा रहे अधिक रुपयों की अधिशासी अधिकारी को कोई जानकारी ही नहीं है।

सोमवार को नगर पंचायत फफूंद के सभासद शब्बीर कुरैशी, मुईनुद्दीन राईन, राजीव राजपूत, राजीव कठेरिया, गौरव राजपूत, अर्पण तिवारी, नाजमा बेगम, आरती, अशोक राजपूत, बृजेश कुमारी, प्रतिनिधि अकील मेव व वसीम अंसारी, ओमबाबू राजपूत ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मकान कर के दोगुना रुपये बढ़ाकर रसीद काट रहे सफाई कर्मी रमेश यादव से बिना बोर्ड की मीटिंग के प्रस्ताव पास हुए रसीद काटने का विरोध किया। आरोप है कि इस पर रमेश यादव ने सभासदों के साथ अभद्रता की। इसके बाद मामला तूल पकड़ गया। घटना की जानकारी के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष मु. अनवर कुरैशी व अधिशाषी अधिकारी विनय शुक्ला नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सभासदों को समझा बुझाकर मामला शांत करवाया। सभासदों का आरोप है कि सफाई कर्मी नशा करके कार्यालय में ड्यूटी करता है। बिना बोर्ड की मीटिंग में प्रस्ताव पास हुए आचार सहिंता में नगर पंचायत द्वारा बारात घर व मकान टैक्स के रुपये बढ़ा दिए गए।

जब इस सम्बंध में नगर पंचायत अध्यक्ष मु. अनवर कुरैशी से बात की तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और किसी भी कर्मचारी को यह अधिकार नहीं है कि वह सभासदों के साथ गलत व्यवहार करे। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जो भी कर होगा वह आगामी बोर्ड मीटिंग में ही तय होगा और जो कर पास होगा वही जनता से लिया जाएगा, बढ़ा हुआ कर जनता से लिया गया है उसकी जांच कर बढ़ा हुआ पैसा उनका लौटाया जाएगा। वहीं ईओ विनय शुक्ला ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि बारात घर व मकान टैक्स का किराया बढ़ा है। यदि कर्मचारी बढ़ाकर पैसा ले रहा था तो जांच करवाकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

यहां सवाल यह है कि क्या अधिशाषी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष के आदेश के बिना आखिर कर्मचारी कैसे रुपये बढ़ाकर मकान टैक्स और बारात घर का किराया वसूल सकता है?जबकि अधिशाषी अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं है1

### प्रधानों ने 24 मई का आदेश निरस्त करने की मांग की

बिधूना, औरैया। सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे एवं ब्लाक अध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी नृपेंद्र यादव को सौंपा। इसमें ग्राम प्रधानों ने अपर मुख्य सचिव के 24 मई के उस आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है जिसमें ग्राम पंचायतों में ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड किए जाने एवं कार्य के उपरांत भुगतान ग्राम सचिवालय के स्थापित कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से किए जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है।

उनका कहना है कि अपर मुख्य सचिव के आदेश को लेकर ग्राम प्रधानों में आक्रोश है। आदेश के चलते कार्य करने में कठिनाइयां आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस आदेश को बिना देरी किए वापस लिया जाना चाहिए। सहायक विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधानों द्वारा दिए गए ज्ञापन को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के पास भिजवाये जाने का भरोसा दिलाया है। प्रधान नीलम कठेरिया, रविंद्र सिंह, ममता देवी, हाकिम सिंह, शहनूर खान, पिंकी देवी, शकुंतला देवी, जसवंत सिंह, निर्मला देवी, पुष्पा देवी, चिंतावती शाक्य, कौशल किशोर पांडे आदि मौजूद रहे।


बिधूना में लाइव शपथ ग्रहण समारोह देखते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण करने पर बांटे लड्डू

संवाददाता बिधूना, औरैया

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा समारोह का सजीव प्रसारण

अमृत विचार। केंद्र में तीसरी बार एनडीए के नेतृत्व में सरकार बनने और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी एवं उनके मंत्रिमंडल द्वारा शपथ लिए जाने से प्रफुल्लित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा नेता अभय सिंह सेंगर के संयोजकत्व में क्रय विक्रय साधन सहकारी समिति बिधूना पर जिला प्रभारी आनंद सिंह की उपस्थिति में लड्डू बांटकर जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एलईडी पर शपथ ग्रहण समारोह का लाइव टेलीकास्ट देखा और मोदी-मोदी के नारे लगाए।

भाजपा नेताओं का कहना था की प्रदेश में भले ही समाजवादी पार्टी ने मतदाताओं को गुमराह कर सम्मानजनक जीत हासिल कर ली हो लेकिन यह उत्साह उनका क्षणिक है। जनता जब हकीकत को समझेगी तो उसको पछतावा ही होगा।

मिष्ठान वितरण करने में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिले के प्रभारी आनंद सिंह, सतीश चंद्र गोयल, पूर्व ब्लाक प्रमुख बिधूना राजेश सिंह, अनिल कुमार, जिला मंत्री लाल सिंह, अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन बिधूना अमित कुमार, अरुणा सक्सेना, आशीष वर्मा, संतोष सक्सेना, पवन चौपड़ा, निर्मला चौहान, मुरारी सेंगर, टीपी सिंह सेंगर, जौनी सेंगर, बन्टूराव दिवाकर, शीश कुमार पाल, हरी नारायण तिवारी, दिनेश सिंह कुशवाह, अन्नू त्रिवेदी, अशोक चौहान, गौरव पाठक, पुनीत सविता, कौशल पोरवाल, पुनीत सेंगर, कुनाल तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


अधिकारियों के साथ मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश।

# मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- डीएम ने निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था और संबंधित जिम्मेदारों को दिए निर्देश

अमृत विचार। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने चिचौली स्थित निर्माणाधीन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (हास्पिटल कॉम्प्लेक्स) में पहुंचकर कार्यदायी संस्था सहित ठेकेदार व अन्य अधिकारियों के साथ प्रगति की समीक्षाकी। निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करा लिया जाए। जिससे आगामी सत्र में छात्र-छात्राओं को पंजीकृत कर शिक्षण कार्य का लाभ दिया जा सके।

उन्होंने अब तक किए गए विभिन्न कार्यों यथा लिफ्ट, रैंप, खिड़की, दरवाजे, विभिन्न कक्षों की फिनिशिंग, पंखा, कूलर, एसी, गीजर सहित शिक्षण कार्य/चिकित्सा हेतु विभिन्न उपकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कहा कि छात्रावास के कमरों में समुचित सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों की तैनाती तथा चिकित्सा शिक्षण स्टाफ की भी जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार को पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करने हेतु मांग पत्र आदि प्रेषित करने को कहा। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन का भ्रमण कर निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था निर्माण खंड भवन लोक निर्माण विभाग कानपुर के अधिशासी अभियंता राकेश वर्मा को निर्देश दिए कि अवशेष कार्य को भवन निर्माण हेतु नामित पीएसपी ठेकेदार द्वारा मानक व गुणवत्ता के साथ कार्य को अति शीघ्र पूर्ण करते हुए हस्तांतरण की कार्रवाई पूर्ण कराएं।

उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 100 शैय्या अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजमोहन, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

फफूंद, औरैया। सोमवार को फफूंद थाना अध्यक्ष पाता नहर पुल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी दिबियापुर की ओर से आए बाइक सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम वैभव राठौर निवासी गांव ककोर बताया। युवक ने बताया की बाइक चोरी की है। जो उसने अपने साथी शिवम पाल निवासी कुतुबपुर, थाना फफूंद के साथ मिलकर दिबियापुर की कांशीराम कॉलोनी से 8 जून को चोरी की है। इससे पहले भी वो अछल्दा में टीवीएस एजेंसी के सामने से एक बाइक चोरी कर चुका है जो शिवम पाल के पास है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# बच्चों के अनुपात में होगी शिक्षकों की तैनाती

संवाददाता ककोर,अमृत विचार

- स्कूल में बच्चे कम हुए तो कम होंगे अध्यापक


प्रक्रिया जून के अंत तक या जुलाई के प्रथम सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। पोर्टल से जानकारी मांगी जा रही है। शिक्षकों के समायोजन से शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा।
– बीएसए, अनिल कुमार।

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय तथा मिडिल स्कूलों में अब कई वर्षों के बाद जिले के अंदर समायोजन की आस जाग गई है। क्योंकि अगले वर्ष छात्र संख्या के आधार पर मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की एक से दूसरे विद्यालय में तबादले किए जाएंगे। चुनाव में सरप्लस शिक्षकों को दूसरे स्कूल में तैनात किया जाएगा। सभी प्राथमिक तथा उच्च विद्यालयों में बच्चों के अनुपात के हिसाब से ही शिक्षकों को रखा जाएगा। बाकी शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में तैनात किया जाएगा।

करीब डेढ़ दशक से समायोजन न होने से विद्यालयों में शिक्षकों का अनुपात ठीक नहीं है। शहर के आसपास तथा ग्रामीण इलाकों में विद्यालयों की छात्र संख्या अनुपात से अधिक शिक्षक तैनात हैं। दूरदराज गांव में शिक्षक छात्रों की संख्या से अधिक है। लेकिन शिक्षकों की जहां कमी है वहां उनको गैर जनपद स्थानांतरण और सेवानिवृत से कई स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम हो गई है।

इस से पिछले साल शिक्षा के पठन-पाठन में समस्या हो गई थी।अब स्कूल में बच्चों के अनुपात में शिक्षकों को तैनात किया जाएगा। ऐसी स्थिति में जिले के भीतर समायोजन होने से एक या फिर दो शिक्षकों के भरोसे चलने वाले स्कूलों में नए शिक्षक की तैनाती मिल जाएगी।

इस संबंध में छात्र संख्या के आधार पर मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों और छात्रों का ब्योरा दुरुस्त करने की आदेश दिए गए हैं। ताकि पोर्टल के माध्यम से ही शिक्षकों को एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण किया जा सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# जिला मुख्यालय पर एबीवीपी छात्रों ने किया हंगामा

संवाददाता ककोर, औरैया


कलेक्ट्रेट पर धरना देते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- परीक्षा परिणाम और धांधली से नाराज दिखे छात्र

अमृत विचार। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर नारेबाजी कर हंगामा किया। इसके बाद ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को देने की जिद पर अड़े रहे। एडीएम महेंद्र पाल ने छात्रों से बात की लेकिन छात्र कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए और अपनी जिद पर अड़े रहे।

इसके बाद दिबियापुर थाना अध्यक्ष मुकेश बाबू चौहान, एलआईयू इंस्पेक्टर निर्दोष दीक्षित हमराही सहित पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की। वहीं छात्रों की मांग थी कि एनडीए, नीट, यूजीसी परीक्षा की प्रक्रिया पारदर्शी होकर परीक्षा परिणाम का शीघ्र निर्धारण हो। इन परीक्षाओं में हुई धांधली की सीबीआई जांच करवा कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

वहीं यूजीसी परीक्षा परिणाम घोषित न होने से छात्र असमंजस में है। परीक्षा में कई स्थानों पर सॉल्वर पकड़े जाते हैं। लेकिन उन पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होती है। इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आजकल मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट परीक्षा पारदर्शी न होने से विद्यार्थियों के बीच असमंजस हो जाता है। परीक्षा एजेंसी के द्वारा पेपर आउट हो जाने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाता है। कुछ छात्र असफल होने पर आत्महत्या कर लेते हैं।

उक्त मांगों को लेकर छात्र जिला संयोजक सुदीप चौहान की अगुवाई में हंगामा करते रहे और जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की जिद पर अड़े रहे। रोहित सिंह चौहान, ललिता राजपूत , लक्ष्मी अवस्थी, आशुतोष तिवारी सूर्य प्रताप सिंह सत्यम हिमांशु पवन रिशु दुबे, आयुष शुक्ला उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जिला जजी में भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने लड्डू बांटे

औरैया। लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की खुशी में भाजपा विधि प्रकोष्ठ व विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रभाग ने जिला जजी में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिवम शर्मा एडवोकेट ने कार्यक्रम में मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास का भरोसा वकीलो को दिलाया। विहिप विधि प्रभाग के जिला संयोजक ओमकार पांडये ने भी मोदी सरकार बनने पर सभी को बधाई दी। पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व डीवीए अध्यक्ष अशोक अवस्थी, अनुराग त्रिपाठी, यूकेश मिश्रा, शशांक त्रिपाठी, भानु पाठक, पुनीत अवस्थी, अभिजीत दुबे, आशीष चौबे, भानू शुक्ला, नीरज, रमेश चंद्र शुक्ला व हरप्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।


मेले के आयोजक मोहम्मद लाइक को सम्मानित करते आसिफ सिद्दीकी।

### बच्चों ने मेले में झूलों और सर्कस का लिया आनंद

फफूंद, औरैया। फफूंद-मुरादगंज मार्ग पर ग्राम गदनपुर के सामने स्थित गाजी मियां की दरगाह पर रविवार को एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें कस्बा वासियों सहित आसपास के गांवों बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूलों व सर्कस का जम कर लुप्त उठाया। आसमानी झूला आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। इस दौरान मेलार्थियों सुरक्षा की दृष्टि से थाना पुलिस फोर्स मौजूद रहा। मेले में आए लोगों ने गाजी मियां की दरगाह पर फूल माला प्रसाद व चादर चढ़ाकर मन्नते मांगीं। आयोजक मु. लाइक अहमद को इस आयोजन के लिए सामाजिक संस्था सोशल कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, उपाध्यक्ष अफजल खान व पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश। सपा नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन मुन्ना, समाजसेवी सुशील अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष मोहमद सारिक खान,ब्लाक सचिव राम किशोर, अखलेश पाल, अब्दुल हक हाफिज, हनी शर्मा,राजन पाल, विनय दुबे, ।अब्दुल्ला खान, सगीर अहमद, उर्फ़ राजू, आलम सलमानी, इस्लाम खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

अछल्दा, औरैया। अछल्दा थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक की गई। इसमें प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। निरीक्षक रवि श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, कस्बा के विनीत दुबे, आशुतोष गौर, गुरु पांडेय मौजूद रहे।

## बदहाली

### ग्राम पंचायत भैसोल स्वच्छ भारत मिशन को लगा रहा पलीता, सड़को व नालियों मे बजबजा रही गंदगी

# वर्षों से नहीं हुई सफाई, जलकुंभी से ढका सरकारी तालाब

संवाददाता फफूंद, औरैया


जलकुंभी से भरा तालाब। अमृत विचार


सड़क पर बहता गंदा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार। फफूंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड अछल्दा की ग्राम पंचायत भैंसोंल में स्वच्छ भारत मिशन का मखौल उड़ाया जा रहा है। गांव कि नालियों व सड़कों पर गंदगी का बोलबाला है। वहीं गांव में बने सरकारी तालाब की वर्षो से सफाई नहीं हुई है। इससे तालाब जलकुंभी से ढक गया है और इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है।

गांव की सड़कों पर पानी की निकासी नहीं है। वहीं गांव के मुख्य तिराहा पर पुलिया न होने से सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है। जिससे ग्रामीणों को सड़क से गुजरने मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सड़को पर महीनो से भरे गंदे पानी मे गंदगी व दुर्गंध आ रही है जिससे होकर गुजरना ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं जिनकी सफाई तक नहीं हुई है।

गांव में रखा वाटर कूलर इस भीषण गर्मी में भी महीनों से खराब पड़ा। जिससे ग्रामीण ठंडे पानी को तरस रहे हैं। वहीं गांव में बने दो सरकारी तालाब में पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। एक सरकारी तालाब पर जलकुम्भी बिछी पड़ी है। ग्रामीणों ने बताया तालाब की कई वर्षो से सफाई नहीं कराई गयी जबकि सुनार वाला के नाम से मशहूर सरकारी तालाब में पानी सूखने की कगार पर है। गांव में बने सरकारी तालाबों में पानी नहीं है। इस संबंध में ज़ब एडीओ पंचायत से बात की तो उन्होंने बताया की सफाई व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कराई जाएगी।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

अयाना, औरैया। कस्बा के काली माता मंदिर परिसर में भागवत कथा व 11 कुंडी यज्ञ के शुभारंभ पर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के पूर्ण होने पर आचार्य सप्त ऋषि बापू ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापित कर कथा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा बस स्टैंड से होती हुई मुख्य चौराहा, बड़ी माता मंदिर से होते हुए प्राचीत कुएं पर पहुंची। बाद में कथा पंडाल में पहुंचकर पूर्ण हुई। यात्रा में परीक्षित अरविंद कुमार व मधु देवी सिर पर भागवत पोथी लेकर आगे चल रहे थे। वहीं महिलाएं सिर पर कलश लेकर पीछे चल रहीं थीं। संतोष चक, देवेंद्र चक, अंकुश, श्याम जी चक, दिलीप, आदेश, अवनीश, प्रदीप चौहान, सुरेंद्र गुप्ता नरेंद्र जागेश्वर राघवेंद्र मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आशा विकासखण्ड अछल्दा, औरैया**

पत्रांकः राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत सन् 2023–24 दिनांकः 10/06/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु विकास खण्ड अछल्दा की ग्राम पंचायत **आशा** के अन्तर्गत वर्ष 2023–2024 में केन्द्र वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जी0एस0टी0 धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो. ईट विकेताओं / सप्लायर्स से (ईट, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलाकिंग ईट. टाइल्स, विद्युत सामग्री आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 10/06/2024 अपरान्ह 02 बजे तक सील बन्द निविदा/ टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपरान्ह 03 बजे ग्राम पंचायत आशा द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक से 10/06/2024 से 16/06/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत **आशा** निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य योजना का नाम | प्राकंलन के अनुसार अनु सामग्री राशि | निविदा मूल्य | जमानत राशि | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत आशा में ई–रिक्शा क्रय का कार्य | स्वच्छ भारत मिशन / मनरेगा | 165000.00 | 500.00 | 2 प्रतिशत | बिल आफ क्वालिटी के अनुसार |
| 02 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की निर्माण कार्य | स्वच्छ भारत मिशन / मनरेगा | 25000.00 | 500.00 | 2 प्रतिशत | बिल आफ क्वालिटी के अनुसार |

**नियम व शर्ते–** 1. निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में 10 बजे से 02 बजे तक दिनांक 10.06.2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिये बिना जीएसटी, पेन नम्बर व टिन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3. दिनांक 10.06.2024 को यदि किसी कारण निविदा के खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा। 4. निविदा स्वीकार एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 5. बिना कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है। 6. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है। 7. कार्य धन उपलब्ध होने की दशा में कराये जायेंगे। 8. उपरोक्त कार्य हेतु धरोहर धनराशि नकद, चेक या एफ डी आर के रूप में स्वीकार होगी।

**(ग्राम प्रधान)** **(ग्राम पंचायत सचिव)**

**ग्राम पंचायत आशा, विकास खण्ड अछल्दा, औरैया**

## एक नजर

### अशासकीय सहायता प्राप्त प्रबंधकों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा के विद्यालय प्रबंधकों ने हजरतगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधकों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। धरने पर बैठे प्रबंधकों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 6 महीने पहले भी हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर चुनाव के कारण उसे स्थगित करना पड़ गया था।

### एयर कमोडोर प्रशांत ने संभाली कमान

अमृत विचार,लखनऊ : एयर कमोडोर प्रशांत ने सोमवार को वायु सेना स्टेशन गोरखपुर की कमान संभाली है। ये चार्ज उन्हें एयर कमोडोर मनीष सहदेव ने सौंपा। लखनऊ मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने बताया कि एयर कमोडोर प्रशांत को जून 1996 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था।

# आशिक मिजाज पुलिसवालों के कारण विभाग हो रहा बदनाम

डीपी शुक्ल,लखनऊ

**अमृत विचारः** कहने को तो जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर है, लेकिन महकमे में मौजूद कुछ लोग वर्दी पर दाग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं । मुख्यमंत्री योगी के बार-बार निर्देश देने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी अपना आचरण नहीं सुधार पा रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार व मारपीट करने का आरोप लगता रहता है । शासन की तरफ से आए दिन महिलाओं के प्रति सम्मान देने की बात कही जाती है, परंतु सम्मान देने की बात तो दूर, थाने में गाली गलौज का उन्हें शिकार होना पड़ता है। बस्ती जिले के सीओ सिटी विनय चौहान पर लगे आशनाई का आरोप पहली घटना नहीं है,इस तरह के पहले भी कई पुलिसजनों पर गम्भीर आरोप लगते आये हैं। प्रदेश में खाकीधारियों की शिकार हुई कई युवतियों की दास्तान पूर्व समय से सुनने को मिलता रहा है। पुलिस विभाग में आशनाई का रंग सिपाही से लेकर एडीजी स्तर के अधिकारियों तक चढ़ा है। वहीं ऐसे मामलों में पुलिस के अधिकारी बात करने से कतराते हैं लेकिन उनका यह जरूर कहना होता है कि इन प्रकरणों में बड़े अधिकारी तो अक्सर बच जाते हैं लेकिन छोटे कर्मियों कर गाज गिरती है जो कि पूर्ण रूप से न्यायसंगत नहीं है।



## ये मामले रहे चर्चा में, विभाग की हुई किरकिरी

अभी हाल में ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गये एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी को गृह मंत्रालय ने समय से पहले ही उनकी आशिक मिजाजी के कारण यूपी वापस भेज दिया। बताया जाता है कि एडीजी का मन गुवाहाटी एयरपोर्ट पर एक युवती को देखते ही मचल उठा और वह उसका हाथ पकड़कर प्यार का इजहार कर बैठे। युवती की लिखित शिकायत पर उक्त एडीजी के खिलाफ जांच हुई तो मामला सही पाया गया। बताया जाता है कि एडीजी के माफी मांगने पर युवती ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसी तरह का एक मामला सोशल मीडिया में खूब फैला। बताया जाता है कि उन्नाव जनपद में तैनात एक सीओ साहब प्रेमिका सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में जाकर ठहरे। इस होटल में सिपाही के निर्वस्त्र नहाते सीओ का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक जिले में जहां थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाने आई युवती के साथ दरोगा जी ने दुष्कर्म किया। वहीं, राजधानी के अलीगंज में तैनात एक दरोगा जी ने तो अपने हाथ पर ही अपनी प्रेयसी सिपाही का नाम गोदवा लिया था। इसी तरह विजिलेंस के इंस्पेक्टर महेश दुबे जो लखनऊ के कृष्णा नगर व मोहनलालगंज प्रभारी रहे हैं, पर विकास नगर की रहने वाली एक महिला ने गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई । इसी तरह का एक और मामला लखनऊ के विभूति खंड में दर्ज कराया गया। यहां शोध छात्रा ने सिपाही विवेक सिंह सिसोदिया पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया।

इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन में सेवानिवृत्ति एक सीओ पर रिवाल्वर के बल पर दुराचार करने का आरोप लगा। 8 मई 2023 की रात्रि घटना का समय बताते हुए महिला ने सीओ और उनके परिजनों पर एफआईआर दर्ज कराई। एक और मामला मुरादाबाद जनपद में ही सुनने को मिला। बताया जाता है कि अमरोहा में तैनात एक महिला सिपाही से दारोगा ललित चौधरी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा। इसी तरह सुल्तानपुर की शहर कोतवाली में सेवानिवृत्त एक डीआईजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा राजकीय रेलवे में तैनात एक बड़े अफसर पर पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला आईपीएस अफसर ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि आरोपों की जांच डीजी स्तर की महिला अधिकारी को सौंपी गई । बताते है कि आरोपी अधिकारी का तो कुछ नहीं बिगड़ा, मगर पुलिस अधीक्षक को ही अपने पद से हटना पड़ा।



आशिक मिजाज के पुलिस वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह भी ऐसी कार्यवाई हो, जो नजीर बने। बस्ती में तैनात सीओ ने महिला के साथ गलत काम भी किया और वर्दी का दुरुपयोग करते हुए महिला को बंद भी करवा दिया। इस घटना की शीघ्र जांच कराकर दोषी सीओ पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**– बृजलाल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र. व राज्यसभा सांसद**



मामले की जांच शीघ्र कराकर दोषी सीओ पर कठोर से कठोर कार्यवाई होनी चाहिए। जांच में देरी होगी तो दोषी को संभलने का मौका मिलेगा। ऐसे में दोषी, पीड़िता को प्रलोभन देकर या उसे डरा-धमका कर जांच अपने पक्ष में करा सकता है, विभाग को ऐसे प्रकरणों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है।

**–सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र.**

### पुलिसकर्मियों के बहुत सारे किस्से

आशिक मिजाज वाले और तमाम पुलिसकर्मियों के बहुत किस्से हैं , जिसे लिखने में कागज छोटा पड़ जाएगा । मामला जो भी हो, आने वाले दिनों में खाकीधरियों में सुधार आता है या वह इस तरह के मामलों में और मीडिया की सुर्खियां बटोरेंगे यह तो वक्त ही बताएगा।

# सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आईजी रेन्ज ने सीओ के निलम्बन की संस्तुति करते हुए डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार बस्ती में तैनात सीओ विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बताया जाता है कि सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद सीओ की पत्नी और बेटी ने जमकर पिटाई की थी। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान ,उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

### दो और पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

# इस माह सभी क्षेत्रों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

## शासन ने लिखा पावर कॉरपोरेशन को पत्र, मुख्यमंत्री का निर्देश लागू करने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जून भर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली



- जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर रिसीव करें
- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर 'रिसीव' करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

शासन ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लोगों का फोन 'रिसीव' कर उन्हें यथास्थिति से अवगत कराने व समस्या का निस्तारण करने को कहा गया है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को पूरे प्रदेश में हर हाल में लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने को कहा था। साथ ही, दो घंटे से ज्यादा की अवधि तक 'शटडाउन' न लिये जाने का निर्देश दिया था।

### जूझ रहे बिजली संकट से

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार स्थानीय खराबी के कारण राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट का कहर बना हुआ है। खराबियों के समय पर दूर न होने के कारण लोगों को घंटो बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कई उत्पादन इकाइयों के बंद होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, पर स्थानीय खराबी पर प्रभावी अंकुश न लग पाने के कारण लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है।



भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे और बाद में नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक साहित्य में अयोध्या



विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।




**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

# वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्भत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है,किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया,किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य,पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1. 1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।

2. 1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।

7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।

10. 1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।


4. 1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था

5. रोला छंद का एक नाम।

6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।

8. 1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।

9. 1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।



### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | ■ | 3 उ | ■ | ■ | 4 अ |
| ■ | 5 सा | गू | दा | ना | ■ | फ़ |
| ■ | ज़ | ■ | री | ■ | ■ | सो |
| ■ | ■ | 6 चो | क | ■ | ■ | स |
| ■ | 7 खँ | खा | र | ■ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | न |
| 8 झाँ | झ | न | ■ | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17 .27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 23 .39 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष**: आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष**: आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन**: आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क**: आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह**: आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा,लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या**: आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला**: आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक**: आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु**: आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर**: आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ**: आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन**: आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**हैसियत**
सुबह : 09 .00
**तकदीर का तमाशा**
शाम : 06 .00

&pictures
**खट्टा मीठा**
सुबह : 10 .54
**गुडबाय**
रात : 08 .00

SONY PIX
**घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ**
सुबह : 11 .15
**द लेजेंड ऑफ टार्जन**
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
**हम साथ साथ हैं**
दोपहर : 12 .00
**नागभूमि**
रात : 08 .00

colors CINEPLEX
**नई पड़ोसन**
सुबह : 08 .55
**हम तुम्हारे हैं सनम**
रात : 08 .37

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा- कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

# चार महीने का जुगाड़ करने में जुटे खनन कारोबारी

## कार्रवाई के नाम पर महज खानापूरी करते प्रशासनिक अफसर, धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, बाईपास कर निकल रहे ट्रक

कार्यालय संवाददाता, बांदा


खनन के चलते सूखने की कगार पर पहुंची बागेन नदी। अमृत विचार


जगह-जगह लगे बालू के विशाल भंडारण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खनिज संपदाओं की धरोहर कहे जाने वाले बुंदेलखंड पर अब सूबे समेत आसपास के प्रदेशों के माफियाओं की नजरें लग गईं है। जीवनदायिनी केन, यमुना और बागेन नदी के सीने को छलनी कर लाल सोने के कारोबारी मालामाल हो रहे हैं और लाखों के राजस्व को चूना लगाते हुए यहां के लोगों को प्यास के बीच छोड़ रहे हैं। आगामी 30 जून से प्रदेश में बाल खनन की डेड लाइन को देखते हुए इन दिनों बालू कारोबारियों में अधिक से अधिक खनन करके बालू के विशालकाय भंडारण तैयार करने को लेकर होड़ सी मची है। ऐसे में बालू खनन को लेकर निर्धारित सभी नियम-कानून ताक पर रख दिए गए हैं और धड़ल्ले से अवैध तरीके से बालू का खनन किया जा रहा है। बालू खदानों में लाठी और बंदूक की नोक पर जहां ग्रामीणों को जमकर धमकाया जाता है वहीं सैकड़ों की तादाद में आए ट्रकों के झुंड से धूल का गुबार उड़ता है, इससे फसलों पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है साथ ही साथ ग्रामीण दमा रोग के शिकार भी हो रहे हैं।

- **खदानों में महज दिखावे को लगे सीसीटीवी और धर्मकांटा**

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशों के बाद भी जिले में बालू खनन के पट्टाधारकों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। जून माह की आखिरी तारीख से नियमानुसार प्रदेश में बालू खनन का काम चार माह के लिए ठप हो जाएगा। वर्षाकाल के दौरान जिले में बालू के डंप संचालित होंगे और वहां से महंगे दामों पर लोगों को बालू उपलब्ध हो सकेगी। ऐसे में लगभग सभी खदान संचालकों समेत दर्जनों लोगों ने डंप के लाइसेंस जारी कराकर नदियों का सीना छलनी करने का काम तेज कर दिया है। जिले की सभी प्रमुख सड़कों समेत जगह-जगह बालू के विशालकाय डंप स्थापित हो गए हैं और खनन कारोबारी लगातार डंप का साइज बड़ा करने में जुटे हैं। मौजूदा समय में जनपद में खप्टिहाकलां, मरौली, सांडी, कनवारा, बेंदा, खैरेई, बरियारी, सिल्पाही, तरसूमा समेत करीब दो दर्जन बालू खदानें संचालित हैं। कुछ खदानों को छोड़ दें तो सभी जगह नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। अंधाधुंध हो रहे बालू के खनन से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं नदियों की जलधारा सिमटती जा रही है और लोगों के सामने भविष्य में प्यास का संकट मडरा रहा है। महज दिखावे के लिए नदियों पर संचालित खदानों में सीसीटीवी कैमरे और धर्मकांटा लगाए गए हैं, लेकिन बालू भरे ओवरलोड ट्रक इन्हें बाइपास करके गुजर जाते हैं। उधर खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह का कहना है कि बालू खनन में नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध खनन की जानकारी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बागेन का सीना छलनी कर रहे बालू माफिया

- बदौसा क्षेत्र से बहने वाली बागेन नदी की कोख को छलनी करने के लिए बालू माफिया पूरा जोर लगाए हुए हैं। वर्षाकाल नजदीक आते देख तरसूमा बालू खदान के संचालक ने सभी सीमाएं लांघते हुए अवैध खनन का खुला खेल शुरू कर दिया है। बताते हैं कि जलधारा में मशीनें उतारकर धड़ल्ले से बालू निकाली जा रही है। इतना ही नहीं निर्धारित क्षेत्र से अलग हट कर भी खनन को अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि बार बार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई न हो पाने के कारण बालू माफिया के हौसले खासे बुलंद हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो बालू खदान संचालक स्थानीय प्रशासन को हिस्सा देकर अपनी मनमानी कर रहे हैं और पर्यावरण के साथ ही राजस्व को चूना लगा रहे हैं।

### नरैनी में बज रहा बालू चोरों के रसूख का डंका

नरैनी तहसील क्षेत्र में वैसे तो बालू खदानें बंद चल रही हैं, लेकिन यहां बालू चोरों के कई गिरोह सक्रिय हैं। यहां सीमावर्ती मध्यप्रदेश से निकलने वाली बालू का अवैध परिवहन भी जोरों पर चल रहा है। गिरवां क्षेत्र के स्योंढ़ा पुल और नरैनी के लहुरेटा आदि इलाकों से अवैध खनन और परिवहन का जिम्मा तमाम लोकेशनबाजों ने ले रखा है। प्रशासन और थानों की मिलीभगत के साथ मध्य प्रदेश के बालू कारोबारी वहां के राजस्व को तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन पड़ोसी राज्य एमपी के राजस्व में इजाफा उत्तर प्रदेश की सड़कों को ध्वस्त करने की कीमत पर हो रहा है। वहीं केन और बागेन नदियां गर्मी की शुरुआत में ही सूखने लगी हैं और जलधारा टूटने लगी है। ऐसे में यहां के लोगों को पीने का पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है। नदियों का अस्तित्व खतरे में आ गया है। नदियों की जलधारा सिकुड़ कर छोटे नाले में तब्दील हो गई है। उधर नदियों के किनारे रहने वाले लोग ट्रैक्टरों के साथ ही ई-रिक्शा, बाइक और बैलगाड़ियों से बालू की ढुलाई के खेल में लगे हुए हैं। जानकारों की मानें तो नदियों से बालू निकालने के एवज में स्थानीय प्रशासन और थाना-चौकियों तक अवैध वसूली का खेल भी बदस्तूर जारी है।

# प्रेम संबंध में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने कमरे के अंदर पंखे की हुक पर चादर से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से छह पेज का सुसाइड नोट बरामद किया है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी ॉपारस गुप्ता उर्फ माता प्रसाद (22) पुत्र इंद्रबाबू गुप्ता ने रविवार की शाम कमरे के अंदर पंखे के हुक पर चादर से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से छह पेज का सुसाइड नोट बरामद किया। मृतक के छोटे भाई विष्णू गुप्ता ने बताया कि पारस का तीन माह से एक रिस्तेदार महिला से प्रेम प्रंसग चल रहा था। सुसाइड नोट में लिखा है कि महिला ने कहा था कि तुम मुझे प्यार करते हो तो मर के दिखाओ तब मै समझूगी की तुम मुझे प्यार करते हो। महिला के कहने पर मै खुदकुशी कर रहा हू। उसने पुलिस चैकी को भी लिखा है कि जिस महिला के पीछे मै जान दे रहा हूं। उसे छोड़ना मत। मां और भाई से माफी मांगी है। विष्णु ने यह भी बताया कि पारस कमिश्नर के यहां फालोवर था। उसने कुछ दिन पहले वहां से काम छोड़ दिया था। मृतक की पत्नी कलावती और मां गीता का रो रो कर बुरा हाल है। बताया कि पिता इंद्र बाबू की दो साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है।

### पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**बांदा।** छतरपुर जिला के बदौरा गांव निवासी अनुरूद्ध (16) पुत्र भानूप्रताप ने पिता की डाट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तहर मटौध थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी नेहा (20) पत्नी मनीष ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर के ज्योति नगर निवासी रामकुमारी (40 )पत्नी प्रमोद ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। मटौध थाना क्षेत्र के गोयरा गांव निवासी नशरीन (22) पत्नी अनस ने सोमवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा कस्बा निवासी नीलू (29) पुत्र श्यामलाल ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्रा, जताएगी आभार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 11 से 15 तक निकलेगी यात्रा**
- **राहुल व प्रियंका गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाएंगे कांग्रेसी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 11 जून से 15 जून तक जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा निकालेगी। इसके जरिए कांग्रेसी जनता से आभार जताएगी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का संदेश पहुंचाएगी।

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस धन्यवाद यात्रा निकालेगी। जिले में विधानसभावार कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता के विभिन्न वर्ग के बीच जाएंगे और उनका आभार प्रकट करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू और शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर 11 से 15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। इसमें जिले की चारों विधान सभा क्षेत्रों में जाकर कांग्रेसजन सभी को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने महिला, युवा, किसान की समस्याओं पर अपना वोट दिया है। बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी कृष्णा देवी पटेल को जनता ने वोट देकर जीत दिलाई। इसीलिए जनता का आभार व्यक्त किया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न वर्गों के बीच कांग्रेस के सदस्य जाएंगे। बताया कि नरैनी विधान सभा क्षेत्र के अतर्रा कस्बे से मंगलवार को धन्यवाद यात्रा की शुरुआत होगी। 12 को बबेरू, 14 को तिंदवारी और 15 जून को बांदा सदर विधान सभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकाल कर जनता का आभार जताया जाएगा।

# 'नीट' में धांधली करने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा


एडीएम को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीट यूजी की परीक्षा जो कि एनटीए के माध्यम से कराई जा रही थी, उसमें पेपर लीक व गड़बड़ी किए जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

- **विद्यार्थी परिषद ने विरोध-प्रदर्शन के साथ एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह एसएफडी संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, जिला संयोजक नितीश कुमार निगम के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि नीट यूजी की परीक्षा में हुई गड़बड़ी व पेपर लीक के मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और इसमें लिप्त दोषियों व पेपर एजेंसी के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो सदैव छात्र हितों के लिए संघर्ष करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि एनटीए द्वारा नीट यूजी की परीक्षा में धांधली करते हुए पेपर लीक किया गया है जो कि पूरी तरह से छात्र विरोधी है, वहीं जिला संयोजक ने कहा कि एक ही परीक्षा केंद्र के कई परीक्षार्थियों के 720-720 नंबर आए हैं और परीक्षा का परिणाम चुनाव नतीजे के दिन देकर अपनी खामियों को छिपाने की कोशिश की गई हैं जो संदेह का विषय है। इसकी न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने में प्रांत सह एसएफडी संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, नगर सह मंत्री राज सिंह, सह मंत्री कार्तिकेय गुप्ता, स्वतंत्र साहू, दिव्यांशु त्रिवेदी, सतेंद्र शर्मा, रजत त्रिवेदी, श्लोक द्विवेदी, शिवम चतुर्वेदी, युवराज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ ने किया पांच दिवसीय हड़ताल का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **पैलानी में वैकल्पिक मार्ग न बनाने पर अधिवक्ता नाराज**

**अमृत विचार।** पैलानी कस्बा स्थित केन नदी पुल मरम्मत कार्य के चलते डीएम द्वारा सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाए जाने का मुद्दा तूल पकड़ गया। आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्माण न होने से नाराज तहसील अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पांच दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया। कहा कि वैकल्पिक मार्ग न बनने तक हड़ताल जारी रहेगी।

पैलानी पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद तहसील प्रशासन के अनुरोध पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी प्रकार के वाहनों के गुजरने पर 18 जून तक रोक लगा दी। वाहनों के गुजरने पर रोक लगाए जाने का मुद्दा सोमवार को तूल पकड़ गया। तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामकिशोर पाल और महासचिव हनुमानदास तिवारी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने एसडीएम शशिभूषण मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि डीएम के आदेश पर पैलानी स्थित केन नदी पुल की मरम्मत के कारण पूर्णतया आवागमन रोक दिया गया है। आवागमन रोकने के पहले कोई वैकलपिक व्यवस्था भी नहीं की गई है। ज्यादातर अधिवक्ता और तमाम वादकारी इसी केन नदी पुल से आते-जाते हैं। लेकिन प्रशसन ने आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कराई।

आवागमन की समस्या के चलते 10 से 14 जून तक अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में श्रवण कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार यादव, उमाशंकर यादव, रामनरेश त्रिपाठी, जमील खान, विष्णुदत्त द्विवेदी, अवनीश कुमार त्रिवेदी, रमेशचंद्र निषाद, अभय कुमार आदि शामिल रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बालक घायल

**अतर्रा।** पीजी कॉलेज के पास बाइक एवं बोलेरो की टक्कर में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सोमवार की सुबह ममता पत्नी पत्नी मधुराज यादव निवासी सौंता भतीजे अजय के साथ चित्रकूट स्थित मायके से बाइक पर बैठकर अपने घर लौट रही थी। ममता के साथ उसका 6 वर्षीय बेटा सत्यम बैठा हुआ था। मोटरसाइकिल को भतीजा अजय चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक अतर्रा महाविद्यालय के पास पहुंची तभी एक बोलेरो ने उस पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। इसमें सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने सभी को सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया जहां से सत्यम को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। ममता एवं अजय को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# शपथग्रहण पर मनाया जश्न, आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- **एलईडी स्क्रीन लगा कर देखा समारोह का लाइव टेलीकास्ट**

**अमृत विचार।** नरेंद्र मोदी ने जब नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो जिले के भाजपाइयों में जश्न का माहौल रहा। शहर के विभिन्न इलाकों में एलईडी स्क्रीन लगाकर लोगों ने लाइव टेलीकास्ट देखा, वहीं पालिका चेयरमैन की अगुवाई में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण का दौर देर रात तक चलता रहा।

पीएम मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के मौके पर भाजपाइयों की खुशी का ठिकाना न रहा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी समेत जिले के आधा दर्जन भाजपाई जहां राष्ट्रपति भवन में पहुंचकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साक्षी बने, वहीं शहर में जगह जगह जश्न का माहौल रहा। शहर के सिविल लाइन इलाके में नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, प्रतिनिधि अंकित बासू की अगुवाई में सैकड़ों भाजपाइयों ने शपथ ग्रहण का लाइव टेलीकास्ट देखा।युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। इसके बाद नगर पालिका चेयरमैन की अगुवाई में मिष्ठान वितरण हुआ। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की जश्न मनाया। ऐसे ही शहर के महेश्वरी देवी चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा, चौक बाजार समेत विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी और मिठाई वितरण का कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, भाजपा नेता अमित सेठ भोलू, संतोष गुप्ता, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिलाषा मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चौहान, नगर दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष सभासद राकेश गुप्ता दद्दू, राहुल सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी दद्दा, अधिवक्ता देवदत्त मिश्रा समेत तमाम भाजपाई शामिल रहे।

# नोटा से कम वोट पाने वाले प्रत्याशी को न लड़ने दें चुनाव


कुलदीप

**बांदा।** आवास विकास निवासी समाजसेवी व आरटीआई एक्टविस्ट कुलदीप शुक्ला ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर नोटा से कम वोट पाने वाले प्रत्याशियों के 10 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगाए जाने की मांग की है। कहा है कि लोकसभा, विधान सभा और निकाय चुनावों में बहुत से प्रत्याशी निर्दलीय व छोटी पार्टियों से टिकट लेकर चुनाव मैदान में कूद पड़ते हैं। परिणाम स्वरूप उन्हें नोटा से भी कम वोट मिलते हैं। ऐसे प्रत्याशी समय व धन के साथ सरकारी कार्य मे बाधक बनते हैं। प्रत्येक ईवीएम मशीन में उनका नाम होता है। चुनाव में काउंटिंग व परिणाम के वक्त उनका भी नाम रहता है। इससे अनावश्यक रूप से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। नोटा से कम वोट पाने वाले प्रत्याशियों को 10 वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाए। भारत निर्वाचन आयोग ने ई-मेल भेजकर समाजसेवी के इस सुझाव की सराहना की। साथ ही भरोसा दिलाया कि उनके इस सुझाव पर विचार करके लागू कराया जाएगा।

# तालाब में डूबने से बालक की मौत

संवाददाता, बबेरू


रोते बिलखते परिजन, इनसेट में मृतक का फाइल फोटो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मर्का थाना क्षेत्र के कुम्हेढा गांव निवासी कृष्णा (10) पुत्र राम बहादुर सोमवार की सुबह अपनी दादी कुसुम कली के साथ भैस चराने गया था । इसी बीच भैस नजदीक स्थित धनिया पुखारी तालाब में घुस गई। भैस को नहलाने के लिए कृष्णा भी तालाब में घुस गया। इसी बीच पैर फिसल जाने से कृष्णा गहरे पानी में डूब गया। काफी देर के बाद जब कृष्णा पानी से बाहर नही निकला तो दादी को आशंका हुई। दादी कुसुम कली ने घरवालो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घरवालो ने कड़ी मशक्कत के बाद कृष्णा को पानी से बाहर निकाला। सास चलने की आशंका पर उसे सीएचसी बबेरू ले जाया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के तीन भाई, एक बहन है। पिता राम बहादुर व माँ रुवी देवी दिल्ली में मजदूरी करते हैं। कृष्णा दादी के पास रहता था।

जागरूकता — एनडीआरएफ टीम ने आधा दर्जन गावों का भ्रमण कर लोगों को किया जागरूक

# ग्रामीणों को बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के सिखाए गुर

कार्यालय संवाददाता, बांदा


जिलाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त करते एनडीआरएफ के जवान। अमृत विचार


ग्रामीणों को बाढ़ के प्रति जागरूक करते एनडीआरएफ के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में संभावित बाढ़ की संभावना को ध्यान में रखते हुए लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने नदी किनारे के लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों को आपातकालीन उपायों की जानकारी दी। साथ ही गांव के लोगों को बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के गुर सिखाए। बाढ़ से होने वाले नुकसान से मिलने वाली सरकारी सहायता के बारे में भी अवगत कराया।

- **बाढ़ से होने वाले नुकसान और सरकारी मदद के बारे में बताया**
- **आज किया जाएगा बबेरू तहसील का सर्वेक्षण कार्य**

11 एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा व जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के दिशा निर्देशन पर क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने जनपद के नदी किनारे के ग्राम चटतटगन कनवारा, ब्रम्हा डेरा, कनवारा, छावी कनवारा, बोधीपूर्वा गांव का भ्रमण किया। आपातकालीन उपायों से संबंधित जानकारी ली एवं गांव के लोगों को आपदा से निपटने के बारे में जानकारी दी। टीम के सदस्यों ने इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यूनिट की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इसका प्रमुख उद्देश्य किसी भी घटना से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में सभी की सुरक्षा एवं बचाव एजेंसियों का तत्काल रेस्पोसे करना है तथा सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। एनडीआरएफ टीम के टीम कमांडर निरीक्षक अजय सिंह के साथ 10 सदस्यीय टीम डिप्टी कलेक्टर राहुल, राधेश्याम सिंह तहसीलदार, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह, दीपक त्रिपाठी लेखपाल एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

यह टीम प्रतिदिन एक-एक तहसील व खण्ड विकास का अध्ययन करेंगी। 11 जून दिन मंगलवार को बबेरू तहसील के सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा।

# चलती बाइक बन गई आग का गोला, बाल-बाल बचा युवक

- **फायर ब्रिगेड कर्मियों ने किसी तरह आग पर पाया काबू**


सड़क पर धू-धूकर जलती बाइक।

**बबेरू।** बांदा निवासी विनय त्रिपाठी सोमवार को दोपहर कस्बा स्थित दुकानों में दवाओं की आपूर्ति देने बाइक से आ रहा था। मुख्य चौराहा के पास अचानक उसकी बाइक में आग लग गई। आग की लपटें देख बाइक सवार ने किसी तरह बाइक को रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई। गनीमत यह रही कि दोपहर को तेज धूप होने की वजह से मुख्य चौराहा पर भीड़भाड़ कम थी। बाइक किसी से भी टकराई नहीं। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। उधर, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद बाइक पर लगी आग को बुझा दिया। बाइक पर आगे कैसे लगी इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट होने की वजह से बाइक ने आग लगी होगी। बता दें कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रही या फिर गर्मी पड़ रही है, वैसे-वैसे आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं से भी कई जगहों से सामने आ चुकी हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से फायर और पुलिस को इस बाबत एक्टिव रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस मारपीट के आरोपियों पर नहीं कर रही कार्रवाई

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी संगीता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में घर में घुसकर मारपीट के आरोपियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। कहा कि चार दिन पहले ग्राम प्रधान ने उसके घर पर अपने साथियों के साथ घर पर घुसकर अभद्रता करते हुए मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने की नियत से रायफल से फायर किया। डेढ़ तोला सोने की जंजीर और मंगल सूत्र छीन लिया। शिकायत करने पर परिजनों को जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। घटना के तत्काल बाद थाना में दबंगों के विरुद्ध तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी से प्रकरण का संज्ञान लेकर दबंगों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।

